नई दिल्ली

सोमवार 11 मई 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 22
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 भारत ने चीन को हराकर जीता स्वर्ण पदक

हर राज्य में फ्लड क्राइसिस मैनेजमेंट टीम का गठन और सक्रिय संचालन करने के दिए निर्देश

# बाढ़ और हीटवेव से निपटने की तैयारी पर अमित शाह की बड़ी समीक्षा बैठक, 'जीरो कैजुअल्टी डिजास्टर मैनेजमेंट' पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को देशभर में संभावित बाढ़ और हीटवेव की स्थिति से निपटने की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की।

उच्चस्तरीय बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, आपदा प्रबंधन एजेंसियों और मौसम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में गृह मंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को "जीरो कैजुअल्टी डिजास्टर मैनेजमेंट" के लक्ष्य की ओर बढ़ना होगा।

बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि देश के हर राज्य में "फ्लड क्राइसिस मैनेजमेंट टीम" का गठन और सक्रिय संचालन किया जाए, ताकि बाढ़ जैसी आपदाओं के समय त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि राज्यों, जिलों और नगर निकायों में नेशनल डिजास्टर



> बैठक में हीटवेव से कृषि क्षेत्र को होने वाले नुकसान को कम करने के उपायों पर भी चर्चा हुई। शाह ने साफ कहा किसानों को नुकसान से बचाना है।

मैनेजमेंट ऑथोरिटी की गाइडलाइंस के पालन की नियमित समीक्षा की जानी चाहिए।

अमित शाह ने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रही नई चुनौतियों पर चिंता जताते हुए कहा कि मौसम के बदलते पैटर्न और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए होल ऑफ गवर्नमेंट और होल ऑफ सोसायटी" दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने अधिकारियों को नए ऐप और पोर्टल बनाने के बजाय मौजूदा प्रणालियों को मजबूत और एकीकृत करने पर जोर देने को कहा। गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के संवेदनशील क्षेत्रों में कम से कम 60 हाई-रिस्क झीलों के लिए अर्ली वार्निंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए।

साथ ही सभी राज्यों में एकीकृत जलाशय संचालन प्रणाली लागू करने पर भी बल दिया गया।

बैठक में हीटवेव से कृषि क्षेत्र को होने वाले नुकसान को कम करने के उपायों पर भी चर्चा हुई। अमित शाह ने कहा कि मौसम संबंधी योजनाओं और चेतावनियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि चेक डैम और जल भंडारण परियोजनाओं के जरिए जल संरक्षण और भूजल स्तर सुधारने की संभावनाओं पर तेजी से काम होना चाहिए।

उन्होंने कैंपा फंड का उपयोग पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और बहुआयामी पर्यावरणीय सुधार कार्यक्रमों के लिए करने की बात भी कही। गृह मंत्री ने कहा कि मानसून के दौरान होने वाली मौतों, मौसम पूर्वानुमान की सटीकता और कृषि नुकसान का अध्ययन कर भविष्य की तैयारी और मजबूत बनाई जानी चाहिए।

उच्चस्तरीय बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, गृह सचिव, एनडीएमए, एनडीआरएफ, मौसम वैज्ञानिक, नेशनल हाईवेज ऑथोरिटी ऑफ इंडिया केंद्रीय जल आयोग और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पीबीकेएस डीसी
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### कर्नाटक के मंत्री डी. सुधाकर का निधन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के योजना एवं सांख्यिकी मंत्री डी सुधाकर का रविवार तड़के लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। सुधाकर ने यहां 'कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' में अंतिम सांस ली। उनका पिछले दो महीनों से फेफड़ों के संक्रमण का इलाज चल रहा था। अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. आर चिन्नादुरई ने मेडिकल बुलेटिन में बताया कि मंत्री सुधाकर डी को रविवार तड़के तीन बजकर 15 मिनट पर मृत घोषित किया गया। सुधाकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे और हिरियूर से विधायक थे।



### अब जीमेल खुद लिखेगा आपके लिए ईमेल

**नई दिल्ली।** गूगल अपने ईमेल प्लेटफॉर्म जीमेल में एआई से जुड़े बड़े बदलाव ला रहा है। कंपनी ने अपने हेल्प मी राइट फीचर को और ज्यादा स्मार्ट बना दिया है। इसे भारत सहित 180 से अधिक देशों के लिए रोल आउट कर दिया है। अब यूजर्स को ईमेल ड्राफ्ट करने के लिए घंटों मेहनत नहीं करनी होगी। गूगल की तकनीक की मदद से आपको बस कुछ शब्द लिखकर निर्देश देना होगा और एआई चंद सेकंड में पूरा ईमेल तैयार कर देगा। उदाहरण के तौर पर, 'रिफंड मांगने' के लिए बस एक प्रॉम्प्ट देने पर जीमेल प्रोफेशनल मेल लिख देगा।




### टीएमसी नेता ने आईपीएस अजय पाल से मांगी माफी

**नई दिल्ली।** टीएमसी के निलंबित प्रवक्ता रिजू दत्ता ने आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा के खिलाफ की गई टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांग ली है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर रिजू ने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी व्यक्तिगत नहीं थी, बल्कि पार्टी लाइन के तहत दी गई थी। उन्होंने राष्ट्रीय प्रवक्ता के तौर पर वह वीडियो बनाया था, जिसे आधिकारिक हैंडल से जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि सच बोलने पर पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया।



हैदराबाद में विकास और राजनीति का एक दिलचस्प नजारा

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री मोदी के पुराने कामों की तारीफ की

# तो, पीएम मोदी ने दिया रेवंत को ऑफर .....उनसे बेहतर है कि आप मुझसे जुड़ें

पीएम ने कहा कि आपको उतना सब कुछ देने के लिए तैयार हूं, जितना भारत सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में गुजरात को दिया है

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बीच रविवार को दिलचस्प संवाद देखने को मिला। दरअसल, एक कार्यक्रम में रेवंत रेड्डी ने गुजरात मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी की मदद की थी, वैसे ही पीएम मोदी भी तेलंगाना को आशीर्वाद दें और विकास में साथ दें। इस पर पीएम मोदी ने मजाकिया लहजे में कहा कि अगर मैं गुजरात वाला फॉर्मूला (उस समय की केंद्र सरकार द्वारा दी गई मदद) लागू कर दूं, तो तेलंगाना को आज जो मिल रहा है, वह आधा हो जाएगा। कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अब, रेवंत ने कहा था कि हम राजनीति ▶▶ शेष पेज 5 पर



नरेंद्र मोदी

सुनते ही मंच पर हंस पड़े तेलंगाना के सीएम



पीएम मोदी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी

### पीएम बोले

▶▶ जैसे ही मैं मदद करूंगा आपको जो कुछ भी मिल रहा है, वह आधा रह जाएगा

▶▶ आप जहां भी पहुंचना चाहते हैं, वहां पहुंच नहीं पाएंगे

## सीएम विजय को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय को उनके शपथ ग्रहण पर बधाई देते हुए राज्य के विकास के लिए केंद्र के पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। हालांकि, इस बधाई के साथ ही पीएम ने विजय की पार्टी टीवीके की सहयोगी कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

### तेलंगाना में 9,400 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

पीएम मोदी ने रविवार को हैदराबाद के एचआईसीसी में डिजिटल माध्यम से तेलंगाना में लगभग 9,400 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया।

### कांग्रेस को परजीवी और धोखेबाज बताया

पीएम मोदी ने तमिलनाडु की राजनीति में आए हालिया बदलावों के बीच कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उसे परजीवी और पीठ में छुरा घोंपने वाली पार्टी करार दिया है। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 से पहले यूपीए सरकार को चलाने में डीएमके ने बड़ी भूमिका निभाई थी, लेकिन राजनीति का रुख बदलते ही कांग्रेस ने अपने पुराने साथी को धोखा दे दिया। कांग्रेस अब प्रासंगिक बने रहने के लिए नई बैसाखियों की तलाश में है। डीएमके ने भी कांग्रेस की इस अवसरवादी राजनीति की आलोचना करते हुए उसे विश्वासघाती बताया है।



फिल्मी अंदाज में थलपति विजय शपथ लेते हुए

थलपति का 'विजय' तिलक

# 'बाहुबली' स्टाइल में ली शपथ थलपति-थलपति के नारे गूंजे

▶▶ मुख्यमंत्री बनते ही एक्शन में विजय, पहला ऑर्डर 200 यूनिट बिजली फ्री

▶▶ बोले विजय- मैं कोई फरिश्ता या चमत्कारिक पुरुष नहीं, साधारण आदमी हूं



विजय और राहुल गांधी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने रील और रियल लाइफ के अंतर को पूरी तरह मिटा दिया। सुपरस्टार थलपति विजय के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के दौरान स्टेडियम का माहौल किसी विशाल फिल्म सेट में तब्दील हो गया था। प्रशंसकों का जोश और नारों की गूंज वैसी ही थी, जैसी कभी बड़े पर्दे पर 'बाहुबली' के शपथ ग्रहण के दौरान माहिष्मती की जनता में देखी गई थी। जैसे ही विजय मंच की ओर बढ़े, भीड़ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एक्ट्रेस तृषा कृष्णन भी पहुंचीं



तृषा कृष्णन

इस समारोह में विजय का पूरा परिवार पहुंचा। साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन भी पहुंचीं। इस दौरान तृषा कृष्णन ने थलपति विजय की मां शोभा चंद्रशेखर से मुलाकात की और उन्हें गले लगाया।

छत्तीसगढ़ के हाईकोर्ट की टिप्पणी

## सेवाकाल में राजपत्रित अधिकारी से रिकवरी नहीं की जा सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



उपपुलिस अधीक्षक से अधिक वेतन का भुगतान किए जाने के नाम पर की गई विभागीय रिकवरी पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। रिकवरी आदेश निरस्त करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को वसूल की गई राशि तत्काल याचिकाकर्ता के बैंक खाते में वापस जमा करने का निर्देश दिया है। कोतरा रोड, राजीव नगर, रायगढ़ निवासी राजेश कुमार शर्मा उपपुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर पुलिस मुख्यालय, रायपुर में पदस्थ थे। सेवाकाल के दौरान अधिक वेतन भुगतान करने के आधार पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

जीएसटी धोखाधड़ी का मामला

## सात दिन की हिरासत में पंजाब के मंत्री अरोड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के गुरुग्राम की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने रविवार को पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में सात दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया। अदालत ने टिप्पणी की कि अरोड़ा के खिलाफ आरोप 'बहुत गंभीर' हैं और संघीय एजेंसी को धन के स्रोत का पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ करने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ ▶▶ शेष पेज 5 पर

मिडिल ईस्ट तनाव के बीच पीएम मोदी का बड़ा बयान

## पेट्रोल-डीजल बचाएं, वर्क फ्रॉम होम करें, एक साल तक न खरीदें सोना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत के सभी नागरिकों से पेट्रोलियम उत्पादों का संयम के साथ इस्तेमाल करने की अपील की है। पीएम मोदी की यह यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते भारत ऊर्जा संकट का ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पीएम ने क्यों की अपील

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार लोगों को युद्ध के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने के लिए प्रयास कर* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत रिन्यूएबल और वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सौर ऊर्जा के उत्पादन में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो चुका है, साथ ही पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देकर आयात कम करने में प्रगति हुई है। ऊर्जा ▶▶ शेष पेज 5 पर

प्रधानमंत्री 15 मई को यूएई पहुंचेंगे, वहां राष्ट्रपति से मुलाकात होगी

# पश्चिम एशिया संकट के बीच पीएम मोदी का यूएई दौरा तय ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक साझेदारी पर रहेगा फोकस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव, ऊर्जा आपूर्ति संकट और वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आगामी यूरोप दौरे में आखिरी समय पर यूएई को भी शामिल किया है।

प्रधानमंत्री 15 मई को यूएई पहुंचेंगे, जहां उनकी मुलाकात यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा इस समय सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे समय में जब पश्चिम



एशिया में युद्ध और तनाव के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हो रही है, भारत यूएई जैसे भरोसेमंद साझेदारों के साथ अपने संबंध और मजबूत करना चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी 15 मई से जिन चार यूरोपीय देशों को चुना है उनमें नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली शामिल है। इससे पहले उनका यूएई में ठहराव होगा। यूएई को पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों का निशाना बनाया गया है। ईरान ने यूएई पर अमेरिकी सैन्य ठिकानों और सुविधाओं को समर्थन देने का आरोप लगाया है। वहीं, होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते संकट ने दुनिया भर की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित किया है, जिसका असर भारत पर भी पड़ा है।

बताया जा रहा है कि पिछले दो महीनों में ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण कड़ा किए जाने के कारण केवल 11 भारतीय जहाज ही वहां से गुजर पाए हैं। इससे भारत-यूएई व्यापार और ऊर्जा आयात प्रभावित हुए हैं। भारत ने इस पूरे संकट में संतुलित कूटनीतिक रुख अपनाया है। एक ओर भारत ने यूएई पर हुए हमलों की निंदा की, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में शांति और युद्धविराम की अपील भी की है। विदेश मंत्रालय ने हाल ही में जारी बयान में नागरिक बुनियादी ढांचे और आम लोगों को निशाना बनाए जाने को अस्वीकार्य बताया था। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवल ने अप्रैल के अंतिम सप्ताह में यूएई का दौरा कर वहां के नेतृत्व से सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग और रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की थी। इससे पहले वे सऊदी अरब भी गए थे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी हाल के हफ्तों में यूएई और खाड़ी देशों के नेताओं के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा है। भारत और यूएई के बीच आर्थिक संबंध भी तेजी से मजबूत हुए हैं। वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग 84 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। वहीं, अप्रैल 2000 से ▶▶ शेष पेज 5 पर




### दो लाख का था इनामी, गैंगस्टर रोहित चौधरी का है करीबी

# आईएसआई एजेंट और विदेशी हथियारों का बड़ा सप्लायर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने एक अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी और आतंकी मॉड्यूल के मुख्य सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी प्रवीण कुमार उर्फ टिट्टू (45) गैंगस्टर रोहित चौधरी का करीबी सहयोगी है। उसकी गिरफ्तारी पर दो लाख का इनाम भी घोषित था। इसके पास से पांच कारतूसों के साथ एक अत्याधुनिक हथियार बरामद हुआ। केस में अब तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और 221 कारतूसों के साथ 25 विदेश निर्मित अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। पूरे नेटवर्क को पाक आईएसआई का समर्थन प्राप्त होने के सबूत पुलिस को मिले हैं।

डीसीपी संजीव कुमार के अनुसार क्राइम ब्रांच की एआरएससी टीम ने अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी और आतंकी मॉड्यूल के एक और रिसीवर को गिरफ्तार किया है। प्रवीण कुमार दिल्ली के मालवीय नगर का रहने वाला है। इसके दो छोटे भाई और चार बहनें हैं। वह शादीशुदा है और उसके दो बच्चों का पिता हैं। फिलहाल वह दिल्ली के आया नगर में प्रॉपर्टी डीलर के तौर पर काम कर रहा था। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि वह कथित तौर पर गैंगस्टर रोहित चौधरी और गैंग के दूसरे सदस्यों के साथ मिलकर आया नगर व महरौली इलाके में विवादित प्रॉपर्टीज पर गैर कानूनी कब्जा करने में शामिल था। उस पर यह भी आरोप है कि वह गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर खाली पड़ी और जंगल की जमीन पर कब्जा करने और गैरकानूनी तरीके से प्लॉटिंग करने की गतिविधियों में भी शामिल था। यह भी पता चला है कि वह ऐसी गैरकानूनी गतिविधियों से होने वाली कमाई को जुए और सट्टेबाजी में लगाता था। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। रोहित चौधरी पर भी चार लाख रुपये का इनाम घोषित था और उसे भी क्राइम ब्रांच ने एक पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। जेल में रहने के दौरान प्रवीण कथित तौर पर सह-आरोपी निशांत अरोड़ा के संपर्क में आया, जिसे इस मामले में पहले ही पकड़ा जा चुका है। जमानत पर रिहा होने के बाद उसने कथित तौर पर इलाके में डर और दहशत फैलाने के इरादे से अपने गैंग के सदस्यों के लिए विदेश में बने अत्याधुनिक हथियार खरीदना शुरू कर दिया। धीरे धीरे इसकी रोहित चौधरी से करीबी हुई। रोहित चौधरी दक्षिण दिल्ली का एक जाना-माना अपराधी है, जिसका नाम हत्या, रंगदारी, गैर-कानूनी तरीके से हथियार रखने और संगठित गैंग की गतिविधियों जैसे गंभीर अपराधों से जुड़े कई मामलों में आ चुका है। दिल्ली पुलिस ने उस पर मकोका जैसे कड़े कानूनों के तहत मामला दर्ज किया था।

# उस्मानपुर में किशोर की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में शनिवार शाम छोटे भाई के झगड़े में गए 15 वर्षीय नाबालिग की चाकू से ताबड़तोड़ वार करके हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अयान मंसूरी के रूप में हुई है। न्यू उस्मानपुर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जीटीबी अस्पताल में रविवार को शव का पोस्टमॉर्टम करवाया परिजनों के सुपुर्द भी कर दिया है। हत्या के आरोप में एक 17 वर्षीय किशोर को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार अयान अपने परिवार के साथ ब्रह्मपुरी की गड्ढे वाली मस्जिद, गौतम विहार की गली संख्या सात में रहता था। परिवार में माता-पिता सगीर अहमद, शबीना व दो भाई सानिब और अल्तमश हैं। अयान 10वीं कक्षा में पढ़ता था। पता चला कि अयान के छोटे भाई सानिब का शनिवार शाम क्षेत्र के कुछ युवकों से झगड़ा हुआ था। करीब तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। इसके बाद वह घर आ गया था। अयान उसी झगड़े में आरोपियों के पास के ब्लॉक गली नंबर चार गया था। लेकिन वहां झगड़ा सुलझने के बजाय बात बिगड़ गई और उसे घेर कर चाकू से गोदा गया। पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम जग प्रवेश चंद्र अस्पताल से एक घायल लड़के को भर्ती किये जाने की सूचना मिली थी। लड़के ने बाद में दम तोड़ दिया। हमले के बाद परिवारवाले ही लड़के को अस्पताल लेकर थे। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने इस मामले में 17 वर्षीय नाबालिग की संलिप्तता का पता लगाया है। नाबालिग को हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी की निशानदेही के आधार पर पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है।

### नकली मोबाइल एक्सेसरीज बनाने वाले रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने ओपो और वनप्लस जैसे मशहूर मोबाइल ब्रांडों के नकली उत्पादों की बिक्री और वितरण में शामिल एक संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया है। रैकेट से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नकली उत्पादों की बड़ी संख्या में जब्ती की गई है। आरोपी रैगरपुरा, करोल बाग में दो गोदामों के जरिये इन उत्पादों की पैकेजिंग और निर्माण गतिविधियों को संचालित कर रहे थे। मोती नगर में स्थित एक फैक्ट्री सेटअप को भी सील कि गया है, जिसमें इन कंपनियों के उत्पादों की पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले बक्से बनाए जाते थे। इस कार्रवाई में आठ मशीनें जब्त की गई।

पुलिस के अनुसार एजीएस यूनिट ने तलाशी और जब्ती अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप दो गोदामों और एक फैक्ट्री सेटअप को सील किया गया। इन जगहों का इस्तेमाल ओपो, वनप्लस और रियलमी जैसे मशहूर मोबाइल ब्रांडों के उत्पादों और पैकेजिंग सामग्री की छपाई के लिए किया जाता था। इसकी सूचना सात मई को एएसआई रमेश को मिली थी। गिरफ्तार लोगों में भरत राम और गौतम कुमार शामिल है।

## खबर संक्षेप

### एपीके लिंक के जरिए ठगी करने वाल झारखंड से पकड़ा

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने एक व्यक्ति को एपीके लिंक भेजकर 80 हजार रुपये की ठगी का शिकार बनाने वाले आरोपी को झारखंड के पहाड़ी इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान झारखंड के गिरिडीह निवासी प्रवीण (25) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित को एक एपीके फाइल भेजी गई थी, जिसे डाउनलोड करते ही उसकी बैंकिंग जानकारी लीक हो गई। इसके बाद पैसा एक बैंक खाते में भेज एटीएम के माध्यम से निकाल लिया गया था। साइबर थाने में केस दर्ज किया गया था। जांच में पुलिस की जांच झारखंड तक पहुंची। आरोपी को सीएआईआर पोर्टल के माध्यम से बार-बार नोटिस भेजे गए, लेकिन उसने कथित तौर पर जांच में सहयोग करने से परहेज किया और गिरफ्तारी से बचता रहा। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने झारखंड में आरोपी के ठिकाने पर छापा मारा। पुलिसकर्मियों की मौजूदगी का आभास होते ही आरोपी कथित तौर पर पास के जंगल में भाग गया और पहाड़ी रास्ते से भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन पुलिस ने उसका पीछा किया और आखिरकार उसे पकड़ लिया।

### सोया चाप विक्रेता अवैध पिस्तौल के साथ दबोचा

**नई दिल्ली।** द्वारका इलाके में एक 27 वर्षीय सोया चाप विक्रेता को एक अवैध सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और तीन कारतूस रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शख्स का नाम नवीन (27) बताया गया है। वह द्वारका के सेक्टर 14 में एक मॉल के पास सोया चाप का ठेला लगाता था। पुलिस के अनुसार गोविंदपुरी के एक नाबालिग ने अवैध हथियार के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड की थी। सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान एक टीम को नाबालिग के मोबाइल फोन में एक तस्वीर मिली, जिसमें वह पिस्तौल दिखा रहा था। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि हथियार उसके एक परिचित का था और नवीन ने उसे मुहैया कराया था। पुलिस ने सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया और आठ तथा नौ मई की दरमियानी रात नवीन को उसके ठेले से हिरासत में ले लिया। नवीन ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि उसने उत्तर प्रदेश से अवैध हथियार प्राप्त किए और उन्हें दिल्ली में लोगों को आपूर्ति की। पुलिस ने बताया कि आरोपी नवीन हत्या के प्रयास सहित तीन आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है।

### 15 लाख रुपये के आयातित सिगरेट जब्त

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के चावड़ी बाजार इलाके से लगभग 15 लाख रुपये कीमत की 1.50 लाख से अधिक प्रतिबंधित आयातित सिगरेट जब्त की गई है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये लोगों के नाम मोहम्मद तौसीफ (44) और जुनैद अहमद (35) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर फतेहपुरी में एक दुकान और पास के गोदाम पर एक साथ छापेमारी की गई। इस अभियान के दौरान पुलिस ने प्रीमियम अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की कुल 1,53,840 आयातित सिगरेट बरामद कीं। सिगरेट के पैकेटों पर भारतीय कानून के तहत अनिवार्य स्वास्थ्य चेतावनी नहीं थी, जिसके कारण इनकी बिक्री और वितरण अवैध था।

## दिल्ली सरकार अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों के साथ खुला छल कर रही है : डॉ. नरेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता व अनऑथराइज्ड कॉलोनी रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाए है कि वह अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों के साथ खुला छल कर रही है। भाजपा सरकार अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के नाम पर जनता को गुमराह करने और उनसे पैसा वसूलने की साजिश कर रही है। मुंडका विधानसभा क्षेत्र की अनधिकृत कॉलोनी शेर सिंह एन्क्लेव में एक नुक्कड़ सभा के दौरान डॉ. नरेश ने यह बातें कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने हाल ही में 1511 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का नोटिफिकेशन जारी किया है। जबकि इससे पहले 1731 कॉलोनियां चिन्हित थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर 220 कॉलोनियों को इस योजना से बाहर क्यों कर दिया गया। सरकार बताए कि इन कॉलोनियों के लाखों लोगों का क्या दोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांवों से सटी एक्सटेंडेड लाल डोरा और बसावट क्षेत्रों को लेकर सरकार की अभी तक कोई स्पष्ट नीति नहीं है। यह गांवों और वहां रहने वाले लोगों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया है। डॉ. नरेश ने कहा कि पीएम उदय योजना के तहत लोगों को पोर्टल पर आवेदन करने, भारी शुल्क जमा करने और अपने-अपने प्लॉट नियमित करने की प्रक्रिया में उलझाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा कॉलोनियों को सामूहिक रूप से नियमित करने की पक्षधर रही है, न कि हर प्लॉट मालिक से अलग-अलग वसूली करने की। वर्ष 1977 में स्वर्गीय इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने बिना किसी शुल्क के अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की ऐतिहासिक योजना शुरू की थी जो 1993 तक चली। इस दौरान 7 कॉलोनियों को नियमित किया गया था। डॉ. नरेश ने मांग की है कि आज भी उसी मॉडल को लागू करते हुए बिना किसी आर्थिक बोझ के कॉलोनियों को नियमित किया जाना चाहिए। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों ने अपनी पूरी जिंदगी की जमा पूंजी लगाकर इन कॉलोनियों में छोटे-छोटे प्लॉट खरीदे हैं। अब उन पर डेवलपमेंट चार्ज और अन्य शुल्कों का बोझ डालना सरासर अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार की नीयत कॉलोनियों को नियमित करने की नहीं, बल्कि जनता की जेब से पैसा निकालने की है। डॉ. नरेश ने घोषणा है कि अगले दो महीनों तक वह दिल्ली की सभी 1511 अनधिकृत कॉलोनियों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और बताएंगे कि सरकार किस तरह उनके साथ धोखा कर रही है।

# साढ़े छह लाख की लूट का ड्रामा रचने वाले कर्मचारी समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के कर्मचारी द्वारा 6.5 लाख रुपये नकद छीनने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। वजीराबाद पुलिस ने कर्मचारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे छीनी गई पूरी रकम भी बरामद कर ली गई है।

पुलिस के अनुसार 4 मई को शाम करीब 6 बजे इस घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। स्थानीय पुलिस मौके पर पुराने यमुना पुल के पास, शिव मंदिर वजीराबाद पहुंची जहां शिकायतकर्ता आयुष मिश्रा मिला। उसने बताया कि वह कौशिक एन्क्लेव, बुराड़ी में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ काम करता है। दोपहर को वह एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर राजेंद्र प्लेस जा रहा था, जहां उसे 6.5 लाख रुपये की रकम पहुंचानी थी। यह रकम एक काले रंग के बैग में रखी हुई थी। जब वह शिव मंदिर के पास पहुंचा, तो मोटरसाइकिल पर सवार दो लड़कों ने उसका बैग छीन लिया। मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। घटना स्थल और आसपास के रास्तों के कैमरा फुटेज का गहन विश्लेषण किया। फुटेज में शिकायतकर्ता आयुष मिश्रा मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहा था, जबकि तथाकथित झपटमार उसी काले बैग को लेकर उसका पीछा कर रहे थे, जिससे शक पैदा हुआ। जांच के दौरान यह भी पता चला कि यह



घटना लगभग 3:30 बजे बजे हुई थी, जबकि शिकायतकर्ता ने पुलिस को छह बजे फोन किया। इस समय के अंतर के बारे में पूछे जाने पर, वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके अलावा, पूछताछ के दौरान वह अपने बयान भी लगातार बदलता रहा। लगातार पूछताछ करने पर वह टूट गया और उसने कबूल किया कि उसने अपने दो साथियों आशु और आकाश दोनों कौशिक एन्क्लेव, बुराड़ी के रहने वाले के साथ मिलकर यह नकली लूट का ड्रामा रचा था। अपराध करने के लिए इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिलें भी बरामद कर ली गई हैं।

## डीपीसीसी अध्यक्ष यादव ने 3 साल की बच्ची के साथ हुए जघन्य दुष्कर्म की कड़ी निंदा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राजधानी में 3 साल की बच्ची के साथ हुए जघन्य दुष्कर्म की कड़ी निंदा की है। यादव ने कहा कि कांग्रेस, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के मामले में भाजपा सरकार की विफलता पर तत्काल न्याय और जवाबदेही की मांग करती है। यादव ने कहा कि हम मांग करते है कि आरोपी की जमानत को तत्काल रद्द किया जाए और एक विशेष पॉक्सो अदालत में मामले की त्वरित सुनवाई हो, इस मामले को संभालने में स्कूल प्रशासन या पुलिस की ओर से हुई किसी भी चूक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, दिल्ली के सभी स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा से जुड़े नियमों की व्यापक समीक्षा की जाए और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में असफल रहे जिम्मेदार लोगों से इस्तीफा लिया जाए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी स्थित एक निजी स्कूल में कर्मचारी द्वारा तीन साल की बच्ची के साथ कथित दुष्कर्म की घटना बेहद दुख और आक्रोश व्यक्त करने वाली है। स्कूल में बच्ची का यह दूसरा ही दिन था, जब यह बर्बर घटना घटी। यह घटना कानून-व्यवस्था के पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने और हमारे समाज के सबसे कमजोर सदस्यों की सुरक्षा करने में हुई घोर विफलता को उजागर करती है। यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ी है। किसी भी बच्चे को कभी भी इस तरह के अकल्पनीय आघात से नहीं गुजरना चाहिए। यादव ने कहा कि आरोपी को जमानत दिए जाने से पीड़ित परिवार का दर्द और भी बढ़ गया है, और इससे जनता में व्यापक आक्रोश फैल गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि न्यायपालिका इस फैसले की तत्काल समीक्षा करे और यह सुनिश्चित करे कि दोषी को बिना किसी देरी या नरमी के, पॉक्सो और संबंधित कानूनों के तहत पूरी सख्ती से देखा जाए। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के बड़े-बड़े दावों के बावजूद, केंद्र और विभिन्न राज्यों में उनके शासनकाल में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में चिंताजनक रूप से बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली, जो हमारी राष्ट्रीय राजधानी है, वहाँ हमारी बेटियों के लिए सुरक्षा का अभाव बना हुआ है। इसकी मुख्य वजहें हैं व्यवस्थागत लापरवाही, सुरक्षा कानूनों का ठीक से पालन न होना, और सार्वजनिक सुरक्षा के बजाय राजनीतिक प्राथमिकताओं को तरजीह देने से पनपी दोषमुक्त रहने की संस्कृति।

# भाजपा में वरिष्ठ नेता पार्टी कार्यकर्ताओं को देते हैं विकास के अवसरः सचदेवा

### भाजपा नेताओं ने संगठनात्मक विषयों पर आयोजित सत्रों को किया सम्बोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा में वरिष्ठ नेता पार्टी कार्यकर्ताओं की सम्भाल करते हैं और उनको विकास के अवसर देते हैं तो वहीं भाजपा के कार्यकर्ता अपने समर्पण से संगठन को हमेशा एक जीवंत संगठन बना कर रखते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित कार्यकर्ता सम्भाल एवं दायित्वबोध जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया और कहा कि भाजपा सही मायने में पार्टी विद अ डिफरेंस हैं। प्रदेश भाजपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त महाप्रशिक्षण अभियान श्रृंखला के अंतर्गत दिल्ली भाजपा के नवीन शाहदरा, उत्तर पूर्व, नई दिल्ली एवं करोलबाग जिलों के दो दिवसीय प्रशिक्षण रात्रि प्रवास शिविर 9 एवं 10 मई को सम्पन्न हुए। पूसा कृषि परिसर, मध्य दिल्ली में नई दिल्ली और करोल बाग जिलों के प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें अनेक भाजपा नेताओं ने विभिन्न सत्रों को संबोधित किया। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ एवं दुष्यंत गौतम, वरिष्ठ नेता वी.डी. शर्मा के अलावा दिल्ली



की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर आयोजित सत्रों को सम्बोधित किया।

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर, भाजपा के वरिष्ठ नेता वी.डी. शर्मा, सांसद प्रदेश महामंत्री कमलजीत सहरावत एवं योगेन्द्र चंदोलिया, सांसद बांसुरी स्वराज, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी आदि वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न विषयों जैसे कार्य विस्तार, इतिहास और विकास, कार्यकर्ता विकास संभाल एवं दायित्वबोध, कार्य पद्धति, विचार परिवार, स्याथी कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन, मन की बात और आई.टी., देश के समक्ष चुनौतियां- राजनीतिक एवं समाजिक, अपनी सरकारों की गरीब कल्याण योजनाएं और उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका, एस.आई. आर., हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान (एकात्म मानव दर्शन), सांस्कृतिक राष्ट्रवाद (पांच निष्ठाएं), व्यवहारिक (संवाद, भाषण कला) और सोशल मीडिया, मीडिया (नई तकनीक, प्रभावी सूचना तंत्र एवं संगठन के लिए सकारात्मक परसेप्शन निर्माण) बिंदुओं पर अपने सत्रों में सभा को संबोधित किया।

### सीएम ने संगठनात्मक मजबूती तथा आगामी लक्ष्यों पर कार्यकर्ताओं से किया संवाद

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा की संगठनात्मक मजबूती तथा आगामी लक्ष्यों पर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। रेखा गुप्ता ने कहा कि किसी भी संगठन के विकास के लिए प्रण और प्रशिक्षण दोनों ही अनिवार्य होते है। प्रशिक्षण वह प्रक्रिया है जो किसी भी कार्यकर्ताओं के अंदर वैचारिक स्पष्टता और कार्यकुशलता विकसित करती है। भाजपा का कार्यकर्ता वह धुरी है जो संगठन के विचारों और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करता है। जब कार्यकर्ता प्रशिक्षित और संकल्पित होता है तो राष्ट्र निर्माण का संकल्प सिद्ध होता है।

## जिस नाले में गिरकर बच्ची की जान गई वहां कंक्रीट स्लैब की बजाय बांस की खरपच्चीयों का जाल डालना सरकार की संवेदनहीनता : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बुराड़ी के मुकुंदपुर इलाके में पिछले सप्ताह एक दो वर्षीय मासूम बच्ची के खुले नाले में गिरकर जान गंवा देने की घटना ने दिल्ली सरकार की लापरवाही और फर्जीवाड़े को एक बार फिर बेनकाब कर दिया है। क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सरकार ने बचाव के चक्कर में एक जेई को निलंबित कर इति श्री करने की कोशिश के बीच अब बाढ़ एवं सिंचाई विभाग ने घटना के बाद खुले नाले को कंक्रीट स्लैब से ढकने के बजाय बांस की खरपच्चियों से बना जाल डाल कर ढक दिया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी और बढ़ गई है। दिल्ली कांग्रेस ने भी जनता का मजाक और उनकी जान से सीधा खिलवाड़ बताया है। करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने इस घटना पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार और संबंधित विभाग की यह कार्रवाई न केवल घटिया है, बल्कि पूरी तरह से जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने वाली है। आदेश ने कहा कि बीजेपी वाले सत्ता में आने के बाद 'पानी-बिजली-स्वास्थ्य-शिक्षा' के जुमलों पर सवार हुए थे, लेकिन आज मुकुंदपुर जैसी घटनाएं बता



रही हैं कि उनके शासन में दिल्ली की जनता खुली नालियों में मौत के मुंह में जी रही है। एक मासूम बच्ची की मौत के बाद बांस का जाल डालना सरकारी एजेंसीज की संवेदनहीनता की सोच को दर्शाता है। क्या वे सोचते हैं कि दिल्ली की जनता बांस के जाल में फंसकर भी चुप रह जाएगी? आदेश भारद्वाज ने कहा कि कंक्रीट स्लैब डालने की जगह बांस की खरपच्ची का जाल डालना न केवल इंजीनियरिंग की दृष्टि से खतरनाक है, बल्कि इसकी उम्र भी बेहद कम होती है। बारिश के मौसम में यह जाल बह जाएगा और फिर नई घटनाएं होंगी। "यह विभाग और संबंधित अधिकारियों द्वारा क्षेत्रवासियों का खुला अपमान है। बीजेपी सरकार दिल्ली को 'मॉडल सिटी' बनाने का दावा करती है, लेकिन हकीकत यह है कि मुकुंदपुर, बुराड़ी जैसे इलाकों में टूटी सड़को, खुले नाले और गंदे पानी की सप्लाई से बीमार होकर लोग मौत के साथ रोज खेल रहे हैं। यह घटना ना सिर्फ आम आदमी पार्टी के क्षेत्रीय विधायक की नाकामी बल्कि बीजेपी सरकार के शासन के फेलियर की पूरी तस्वीर पेश करती है। हम सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द प्रभावित इलाकों में कंक्रीट स्लैब डलवाए जाए ताकि इस तरह की घटनाओं को पुनरावृत्ति रुक सकें।

### पालम में स्व. सोलंकी की 5वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में खाप प्रधानों, किसानों और प्रबुद्धजनों ने दी पुष्पांजलि

# मुख्यमंत्री रेखा ने चौधरी रामकरण सोलंकी के नाम पर द्वारका में किया सड़क का नामकरण

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली

पालम 360 खाप के पूर्व प्रधान, किसानों और गांववासियों के हक में हमेशा बुलंद आवाज रहे स्व. चौधरी रामकरण सोलंकी की 5वीं पुण्यतिथि पर रविवार को द्वारका मोड़ से द्वारका सेक्टर-10 मार्केट तक की सड़क का नामकरण उनके नाम पर किया गया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को दादा देव मंदिर परिसर में स्व. सोलंकी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके नाम पर सड़क का नाम रखना उनकी सादगी, जनसेवा और दिल्ली देहात के विकास के प्रति समर्पण




की सच्ची श्रद्धांजलि है। गुप्ता ने कहा कि चौधरी रामकरण का समाज, शिक्षा और ग्रामीण विकास में योगदान हमेशा आदर और सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

■ स्व. चौधरी रामकरण सोलंकी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए किसानों, गांवों और समाज के लिए पूरी ताकत से काम करते रहेंगे : सुरेंद्र

हमारी सरकार दिल्ली देहात के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है, उन्होंने आश्वासन दिया और कहा कि सरकार के गठन में समर्थन देने वाली ग्रामीण पट्टी शहर के इतिहास को संजोने में महत्वपूर्ण भूमिका रखती है।

कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि स्व. चौधरी रामकरण सोलंकी ने हमेशा गांव और देहात की समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठाई। किसान वर्ग के मुद्दों पर वे हमेशा आगे रहते थे।

इस अवसर पर पालम 360 खाप के वर्तमान प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि वह स्व. चौधरी रामकरण सोलंकी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए किसानों, गांवों और समाज के लिए पूरी ताकत से काम करते रहेंगे। चौधरी रामकरण सोलंकी 16 वर्षों से अधिक समय तक पालम 360 के प्रधान रहे। सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि ग्रामीण इलाके के लोग उनके स्वर्गीय पिता को उनकी नेकदिली, विनम्रता और किसानों के अधिकारों के लिए खड़े होने की ताकत के लिए याद करते हैं। इस कार्यक्रम में स्व. रामकरण सोलंकी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उत्तर भारत के विभिन्न गांवों से आए खाप नेताओं सहित हजारों लोग यहां एकत्र हुए। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली सरकार के मंत्री रवींद्र इंद्राज सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, सांसद रामबीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चंदोलिया, मेयर प्रवेश वाही, पूर्व मेयर राजा इकबाल, ,चौ महेंद्र प्रधान झाड़सा 360, चौ नरेश लाड़ो सराय 96,वरिष्ठ राजनीतिक नेता तथा एमसीडी आयुक्त एवं दिल्ली पुलिस के पूर्व विशेष आयुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने संस्थागत देखभाल छोड़ने वाले युवाओं के लिए 'आफ्टरकेयर स्कीम' की मंजूर

# कोई बच्चा खुद को न समझे अकेला, बालिग होने पर भी साथ नहीं छोड़ेगी सरकार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में कोई भी बच्चा खुद को अकेला न समझे अकेला, बालिग होने पर भी ऐसे बच्चों का साथ दिल्ली सरकार नहीं छोड़ेगी। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर 'आफ्टरकेयर स्कीम फॉर यंग पर्सन्स' योजना की घोषणा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल बच्चों को संरक्षण देना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसा सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर भविष्य देना है, जिसमें कोई भी बच्चा या युवा खुद को अकेला, असहाय या उपेक्षित महसूस न करे। इस योजना के लिए वर्तमान वित्त वर्ष में 3.5 करोड़ रुपये का बजट भी निर्धारित किया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर लाजपत नगर में विलेज कॉटेज होम में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ आत्मीय मुलाकात की। महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित इस होम में मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ साथ अपनेपन से भरा संवाद भी किया। 'आफ्टरकेयर स्कीम' की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में वर्तमान समय में 88 चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशंस (सीसीआई) संचालित हैं। इन्हें सरकार और विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाएं मिलकर चला रही हैं। इन संस्थानों में 18 वर्ष तक के बच्चों को देखभाल, सुरक्षा, शिक्षा, पुनर्वास और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा दिल्ली में दो आफ्टरकेयर होम भी संचालित हैं, एक लड़कों के लिए और एक लड़कियों के लिए। यहां 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को रहने, भोजन, शिक्षा सहायता और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं ताकि वे स्वतंत्र जीवन की ओर आगे बढ़ सकें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार बच्चों को केवल संस्थागत देखभाल उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने पर लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत बच्चों को शिक्षा, लाइफ स्किल्स, व्यावसायिक प्रशिक्षण, करियर एक्सपोजर, काउंसलिंग, व्यवहारिक और भावनात्मक सहयोग, व्यक्तित्व विकास, करियर मार्गदर्शन और पुनर्वास योजना जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार का प्रयास है कि बच्चे वयस्क होने के बाद आत्मविश्वास के साथ सुरक्षित, स्वस्थ, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष करीब 150 से 200 युवा 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद चाइल्ड केयर संस्थानों से बाहर आते हैं। संस्थानों में उन्हें कई तरह की सहायता मिलती है, लेकिन बाहर आने के बाद उन्हें पढ़ाई जारी रखने, कौशल प्रशिक्षण लेने, रोजगार पाने, आर्थिक दिक्कतों का सामना करने और स्वतंत्र जीवन शुरू करने जैसी कई चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। कई युवाओं को परिवार का पर्याप्त सहयोग या सुरक्षित माहौल भी नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि स्पॉन्सरशिप और फोस्टर केयर जैसी व्यवस्थाओं के तहत सहायता प्राप्त कर रहे बच्चों और युवाओं को भी वयस्क जीवन में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन, शिक्षा, कौशल विकास और पुनर्वास सहयोग की जरूरत होती है।

#### पात्र युवाओं को उच्च शिक्षा और कॉलेज अध्ययन के लिए दी जाएगी सहायता

मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के तहत पात्र युवाओं को उच्च शिक्षा और कॉलेज अध्ययन के लिए सहायता दी जाएगी। इसके अलावा स्किल डेवलपमेंट और व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। युवाओं को इंटर्नशिप और रोजगार के अवसरों से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। योजना में आर्थिक सहायता और मासिक स्टाइपेंड का भी प्रावधान रखा गया है। साथ ही मेंटरिंग, काउंसलिंग, करियर गाइडेंस, पुनर्वास सहायता और स्वतंत्र जीवन जीने के लिए जरूरी सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर इमरजेंसी और केस-विशेष सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वित्त वर्ष 2026-27 में 3.5 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। योजना के तहत जरूरत के आधार पर युवाओं का आकलन किया जाएगा, पात्र लाभार्थियों की पहचान की जाएगी और उनके लिए व्यक्तिगत देखभाल योजनाएं तैयार किए जाएंगे। राज्य और जिला स्तर पर आफ्टरकेयर सेवाओं की नियमित निगरानी और समीक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी।

## 140 करोड़ भारतीयों के सम्मान का प्रतीक है 'ऑपरेशन सिंदूर' : रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

140 करोड़ भारतीयों के सम्मान का प्रतीक शौर्य दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान को नमन करने का अवसर है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के अवसर पर रविवार को दिल्ली सरकार द्वारा कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित शौर्य दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने आतंकवाद और उसके आकाओं को करारा जवाब देकर दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से कोई समझौता नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने 22 अप्रैल के आतंकी हमले को अत्यंत दर्दनाक बताते हुए कहा कि निर्दोष नागरिकों के साथ हुई क्रूरता ने पूरे देश को झकझोर दिया था और हर भारतीय के भीतर आक्रोश भर दिया था। उन्होंने कहा कि देश की बहनों और परिवारों की पीड़ा ने पूरे राष्ट्र को एकजुट कर दिया और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने दृढ़ संकल्प के साथ आतंकवादियों को करारा जवाब दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं, राष्ट्रीय अस्मिता और सम्मान का प्रतीक था। उन्होंने भारतीय सेना की तीनों सेनाओं के वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि देश के सैनिक कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी राष्ट्र की सुरक्षा के लिए दिन-रात सीमाओं पर तैनात रहते हैं।

उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया यह समझ चुकी है कि भारत शांति का पक्षधर है, लेकिन यदि कोई भारत की ओर गलत नजर उठाएगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा कार्यक्रम में दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नागरिक, पूर्व सैनिक, युवा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक आशीष कुलकर्णी ने अपने ओजपूर्ण और देशभक्ति से सराबोर गीतों की प्रस्तुति देकर पूरे कार्यक्रम को राष्ट्रभक्ति के भाव से अभिभूत कर दिया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष लगातार गूंजते रहे तथा पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया।

### खबर संक्षेप

#### मदर्स डे पर उपराज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। मदर्स डे के मौके पर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हमारे भविष्य के मौन निर्माताओं, हमारे चरित्र के शिल्पकारों और हमारी शक्ति के स्रोत, उन सभी अद्भुत महिलाओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं, जो प्रेम, दृढ़ता, बुद्धिमत्ता और त्याग के साथ हमारा नेतृत्व करती हैं। एलजी ने लिखा कि आपका शांत साहस हर दिन परिवारों, समुदायों और हमारे राष्ट्र के भविष्य को आकार देता है। आज हम उन अनगिनत तरीकों के लिए आपका सम्मान करते हैं और आपको धन्यवाद देते हैं, जिनसे आप हमें प्रेरित करती हैं, हमारा पालन-पोषण करती हैं और हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती हैं।

#### एलजी ने लोगों से की यातायात नियमों के पालन की अपील

नई दिल्ली। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने राजधानी में यातायात नियमों की अवहेलना और गलत परिवहन परिचालन को लेकर लोगों से अपील करते हुए है कि नियमों को पालन करने को कहा है। एलजी ने इस मुद्दे पर अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए दिल्ली व बाहर से आने जाने वाले लोगों से अपील की है। एलजी ने एक्स पर लिखा है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करके राजधानी को सुरक्षित रखें। सभी दिल्लीवासियों और यहाँ आने वाले लोगों से मेरा आग्रह है कि आप राष्ट्रीय राजधानी को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित यातायात वाला शहर बनाने में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें। एलजी ने लिखा कि यातायात नियमों का पालन, सड़क पर लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं को रोकने के साथ ही वायु प्रदूषण को कम भी करने में भी सहायक है।

#### पार्षद ने भाजपा की जीत का मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की शानदार एवं ऐतिहासिक जीत की खुशी देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक मनाई जा रही है। इसे देखते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की विधानसभा शालीमार बाग के अंतर्गत पीतमपुरा स्थित डिस्ट्रिक्ट डिस्ट्रिक्ट पार्क में रविवार की सुबह स्थानीय निगम पार्षद अमित नागपाल ने 'झालमुड़ी एवं रसगुल्ला पार्टी' का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय निवासी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए।

## एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने मदर्स डे पर किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक संवेदनाओं से जोड़ते हुए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को मदर्स डे के अवसर पर काली बाड़ी मार्ग स्थित आशीर्वाद वृद्धाश्रम में एक पेड़ माँ के नाम ऑन संडे अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि 'वृद्धाश्रम में माताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद दिया और कहा कि आपके हाथों में देश सुरक्षित है। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के साथ चहल ने आत्मीय संवाद और सहभोज किया। उपाध्यक्ष चहल ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से मदर्स डे को समर्पित रहा, जहाँ वृद्धाश्रम में निवास कर रहे वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मातृत्व, प्रकृति और संस्कारों के सम्मान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम ने "माँ" और 'माँ प्रकृति' दोनों के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया।

उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और दूरदर्शी सोच से प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना तथा पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ना है। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एनडीएमसी अधिकारियों एवं कर्मीं के साथ मिलकर पौधे लगाए। लगाए गए पौधे जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति भावनात्मक जुड़ाव के प्रतीक बने।

#### डीएमआरसी ने एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ की रूपे ऑन द गो एनसीएमसी कार्ड की शुरुआत

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी करते हुए को-ब्रांडेड रूपे ऑ द गो एनसीएमसी कार्ड लांच किया है। इस एनसीएमसी कार्ड की शुरुआत से एकीकृत शहरी परिवहन को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। यह कार्ड नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) तकनीक से लैस हैं। इन कार्डों की मदद से पूरे देश में मेट्रो, बसों और अन्य परिवहन नेटवर्क पर बिना किसी रुकावट के और पारस्परिक रूप से भुगतान किए यात्रा की जा सकती है। डीएमआरसी मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में मेट्रो के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार, एयरटेल पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अनुब्रत बिस्वास तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। यह को-ब्रांडेड कार्ड डेबिट कार्ड और मास ट्रांजिट सिस्टम के लिए प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट कार्ड, यात्रियों को एक ही ओपन-लूप कार्ड का इस्तेमाल करके कई शहरों और परिवहन प्रणालियों में मेट्रो यात्रा के लिए भुगतान करने की बेहतरीन सुविधा देंगे। यह डीएमआरसी द्वारा जारी मौजूदा कार्डों की तुलना में एक बड़ा सुधार है, क्योंकि मौजूदा कार्ड केवल दिल्ली मेट्रो नेटवर्क तक ही सीमित हैं। यह पहल भारत सरकार के एक राष्ट्र, एक कार्ड विजन के अनुरूप है। यह कार्ड अगले 10 दिनों में सभी डीएमआरसी स्टेशनों पर उपलब्ध हो जाएंगे, जिससे यात्री आसानी से इन्हें प्राप्त कर सकते हैं। उपयोगकर्ता किसी भी समय डीएमआरसी ऐप या एयरटेल ऐप के माध्यम से अपने कार्ड को डिजिटल रूप से रिचार्ज कर सकते हैं। जिससे टॉप-अप के लिए स्टेशनों पर यात्रियों की कतार काफी हद तक कम हो जाएगी। इस पर बोलते हुए डीएमआरसी के एमडी डॉ. विकास कुमार ने कहा हमने यात्री सुविधाएं बढ़ाने के लिए हमेशा नवीनतम समाधान अपनाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

## स्थायी रोजगार की मांग को लेकर पूर्व बस मार्शलों ने किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में स्थायी रोजगार की मांग को लेकर रविवार को सिविल डिफेंस के पूर्व बस मार्शलों ने राजघाट पावर हाउस धरना स्थल पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पूर्व बस मार्शल शामिल हुए और दिल्ली सरकार से अपने रोजगार को लेकर जल्द निर्णय लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का प्रतिनिधित्व कर रहें मुकेशपाल सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए आरोप लगाया है कि 31 अक्टूबर 2023 से जब उनकी सेवाएं समाप्त हुईं, तब भाजपा नेताओं ने सड़क से लेकर सदन तक उनके समर्थन में आवाज उठाई थी। पूर्व बस मार्शलों का कहना है कि उस समय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी, सांसद बांसुरी स्वराज, सांसद योगेंद्र चांदोलिया, सांसद रामबीर सिंह बिधूड़ी, विजेंद्र गुप्ता और कपिल मिश्रा सहित कई नेताओं ने भरोसा दिलाया था कि दिल्ली में सरकार बनने के 60 दिनों के भीतर सभी को स्थायी रोजगार दिया जाएगा। धरना स्थल पर मौजूद कई बेरोजगारों ने आर्थिक संकट, परिवार चलाने में कठिनाई और भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे सरकार से टकराव नहीं बल्कि समाधान चाहते हैं।

## रोहतक रोड पर सफाई व्यवस्था की हकीकत जांचने पहुंचे एमसीडी उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नरेला ज़ोन में सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नरेला जोन के उपायुक्त राघवेंद्र मीणा, आईएएस ने नांगलोई क्षेत्र स्थित रोहतक रोड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क पर चल रहे फटीग और डीप क्लीनिंग कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों और कर्मियों को साफ-सफाई के मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राघवेंद्र मीणा ने सफाई कर्मियों की कार्यप्रणाली, मशीनों के उपयोग, कूड़ा उठाने की व्यवस्था और सड़क किनारे जमा गंदगी की स्थिति को करीब से देखा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मानसून से पहले सभी प्रमुख सड़कों और सार्वजनिक स्थानों की नियमित डीप क्लीनिंग सुनिश्चित की जाए ताकि जलभराव, दुर्गंध और बीमारियों की समस्या को रोका जा सके। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि सफाई व्यवस्था केवल कागज़ों तक सीमित न रहे, बल्कि लोगों को धरातल पर उसका लाभ दिखाई देना चाहिए।

## दिल्ली के 13 जिलों में विशेष सेवा एवं रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगाः इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के सभी 13 जिलों में विशेष सेवा एवं रेस्क्यू अभियान 11 मई से 15 मई 2026 तक चलाया जाएगा। यह अभियान समाज कल्याण विभाग (दिल्ली सरकार), अपना घर आश्रम, एवं सेवा भारती दिल्ली प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जाएगा। इस बात की जानकारी दिल्ली के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने अपना घर आश्रम, पूठ खुर्द, दिल्ली में आयोजित एक प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जरूरतमंद, असहाय एवं बेसहारा लोगों को रेस्क्यू कर अपना घर आश्रमों में लाया जाएगा, जहां उनके उपचार, देखभाल एवं पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। पूरी दिल्ली में 19 वाहनों के माध्यम से यह विशेष रेस्क्यू अभियान संचालित होगा तथा अनुमानित रूप से 300 से अधिक लोगों को सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अपना घर आश्रम के संस्थापक डॉ. बी. एम. भारद्वाज एवं सेवा भारती दिल्ली प्रांत से डॉ. संजय जिंदल भी उपस्थित रहे। मंत्री इंद्राज ने कहा कि इस अभियान के सफल संचालन हेतु 'वन विंडो सिस्टम' निर्धारित किया गया है, जिसमें समाज कल्याण विभाग प्रमुख भूमिका निभाएगा। दिल्ली सरकार इस पूरे अभियान के दौरान पूर्ण सहयोग एवं समन्वय सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

### रेलवे ने हैदरपुर-बादली आरओबी चौड़ीकरण और एलिवेटेड लूप की दी मंजूरी

# 'दिल्ली सरकार और रेलवे के समन्वय से उत्तर-पश्चिम दिल्ली की यातायात व्यवस्था को मिलेगी बड़ी राहत'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




रेलवे ने मुकरबा चौक पर यातायात दबाव कम करने के लिए हैदरपुर बादली स्थित आउटर रिंग रोड पर मौजूदा रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के चौड़ीकरण को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके अलावा शालीमार बाग से संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर तक रेलवे ट्रैक को पार करने वाले प्रस्तावित एलिवेटेड लूप बनाने को भी रेलवे ने स्वीकार कर लिया है।

इस बात की जानकारी रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं को लेकर दिल्ली सरकार और उत्तरी रेलवे के बीच विस्तृत तकनीकी परीक्षण एवं पत्राचार के बाद यह स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया और कहा है कि ऐसी परियोजनाओं से राजधानी को 'विकसित दिल्ली' बनाने का मार्ग और प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी में यातायात व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और बाधारहित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उत्तर-पश्चिम दिल्ली के ये दोनों क्षेत्र लंबे समय से भारी यातायात दबाव से प्रभावित रहे हैं, जहां प्रतिदिन हजारों यात्री एवं मालवाहक वाहन गुजरते हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से जाम की समस्या में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा लोगों को तेज, सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन दोनों प्रस्तावित परियोजनाओं को लेकर पीडब्ल्यूडी ने आवश्यक ड्रॉइंग और तकनीकी प्रस्ताव रेलवे को भेजे थे। परीक्षण के बाद रेलवे ने दोनों परियोजनाओं को व्यवहारिक मानते हुए मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) की स्वीकृति से सैद्धांतिक एनओसी जारी की है। रेलवे ने निर्माण कार्य को निर्धारित सुरक्षा मानकों और तकनीकी निगरानी के अनुरूप संचालित करने की शर्त भी रखी है, ताकि भविष्य में रेल संचालन और यातायात व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी के प्रमुख जाम बिंदुओं की पहचान कर वहां स्थायी समाधान विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुकरबा चौक, आउटर रिंग रोड और संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र दिल्ली के सबसे व्यस्त परिवहन केंद्रों में शामिल हैं।

#### सीबीएसई और एम्स ने शुरू किया 'प्रोजेक्ट मेट' का दूसरा चरण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली के सहयोग से इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में 'मेट काउंसलर्स कॉन्क्लेव' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट मेट' (शिक्षा से मानसिक जागरूकता एवं सक्रियता) के दूसरे चरण की शुरुआत के रूप में आयोजित किया गया। सीबीएसई के अध्यक्ष राहुल सिंह, आईएएस के मार्गदर्शन में शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक विकास को मजबूत करना है। यह पहल एम्स नई दिल्ली के मनोरोग विभाग द्वारा तैयार की गई है। सीबीएसई के अनुसार, प्रोजेक्ट मेट के दूसरे चरण में दिल्ली-एनसीआर के 60 से अधिक सीबीएसई स्कूलों के प्राचार्य और स्कूल काउंसलर शामिल हो रहे हैं। इसके तहत 11 से 15 मई 2026 तक एम्स नई दिल्ली में स्कूल काउंसलर्स के लिए पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद जुलाई 2026 से कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में "मेट मॉड्यूल" लागू किए जाएंगे। इन मॉड्यूल्स में विद्यार्थियों के बीच सहपाठी सहयोग गतिविधियां, अभिभावकों के लिए कार्यशालाएं और स्कूल तथा घर के बीच बेहतर समन्वय बढ़ाने की पहल शामिल होगी।



■ छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक विकास पर रहेगा विशेष फोकस


## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले में चार आरोपी धराए

**फरीदाबाद।** इंवेस्टमेंट के नाम पर 1,62,000 रुपए की ठगी के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान मनीष, सचिन, रोहित निवासी पानीपत व रमन निवासी सोनीपत के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एनएच-5 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि टेलीग्राम पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उससे संपर्क किया।



### राज्यपाल ने गाजियाबाद में मनाया जन्मदिवस



**गाजियाबाद।** मिजोरम के राज्यपाल जनरल बीके सिंह ने रविवार को गाजियाबाद के राजनगर स्थित अपने आवास पर अपना जन्म बहुत ही सादगी के साथ मनाया । इस अवसर पर भंडारा भी कराया गया। मौके पर भारी संख्या में लोग उन्हें बधाई देने पहुंचे बधाई देने वाले में मोदीनगर की विधायक मंजू पूर्व विधायक रूप चौधरी का पार्षद सरदार सिंह भाटी समेत अनेक लोग शामिल रहें।

### एक सप्ताह में 35 अपराधी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार प्रभावी कार्रवाही की जा रही है। 2 मई से 8 मई के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने एक सप्ताह में 35 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 10,44,000 बरामद किये हैं। पुलिस प्रवक्ता अनुसार फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 8 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 35 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 4, सेंट्रल के 2 व एनआईटी के 2 मामले शामिल है।



---

लक्ष्य खिलाड़ियों के लिए नए अवसर पैदा करना

ओपन ट्रायल्स और सामुदायिक कार्यक्रमों से तैयार हुई लीग

लॉन्च से पहले देशभर में अभियान चलाया गया

एकेएल ने भारतीय कबड्डी को दिया नया मंच

# जमीनी प्रतिभाओं को मिलेगा ग्लोबल प्लेटफॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारतीय कबड्डी के इतिहास में नया अध्याय जोड़ते हुए एकेएल लीग का आधिकारिक लॉन्च किया गया। सोनी स्पोर्ट नेटवर्क लीग का आधिकारिक प्रसारण साझेदार बना है। एकेएल का मकसद कबड्डी की जड़ों को आधुनिक खेल मंच से जोड़कर जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को वैश्विक पहचान दिलाना है। एकेएल ने लॉन्च से पहले पिछले कई महीनों में देशभर में अभियान चलाया। खिलाड़ी खोज पहल, सामुदायिक कार्यक्रम और ओपन ट्रायल्स के जरिए लीग ने मजबूत आधार तैयार किया। आयोजकों के मुताबिक, खिलाड़ियों, प्रशंसकों और स्थानीय समुदायों से मिले जबरदस्त समर्थन ने साबित किया कि देश में कबड्डी को लेकर गहरा जुनून है। ऐसी लीग की जरूरत थी जो भारतीय कबड्डी की असली आत्मा को दर्शाए। एकेएल का विजन सिर्फ मैच कराने तक सीमित नहीं है।




### कबड्डी के राष्ट्री व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना

*लीग का लक्ष्य खिलाड़ियों के लिए नए अवसर पैदा करना, खेल इकोसिस्टम को मजबूत करना और भारत की सांस्कृतिक पहचान से जुड़े इस खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। सोनी स्पोर्ट नेटवर्क के साथ साझेदारी के बाद अब देशभर के दर्शकों तक हाई-क्वालिटी कबड्डी मुकाबले और खिलाड़्यों की प्रेरणादायक कहानियां पहुंचेंगी। एकेएल ने कहा कि यह पहला आधिकारिक कदम है। लीग भविष्य के सितारों को पहचान देने और कबड्डी को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रसारण साझेदारी से कबड्डी अब हर घर तक पहुंचेगी।*

---

## डीसीपी हिमाद्रि कौशिक ने बाइकर्स रैली को दिखायी झंडी

# मदर्स डे पर फोर्टिस एस्कॉर्ट्स और हार्ले ओनर्स ग्रुप ने व्हील्स ऑफ ग्रेस बाइकर्स रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



मदर्स डे के अवसर पर उद्देश्य और जज्बे का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल फरीदाबाद ने हार्ले ओनर्स ग्रुप (एचओजी), हार्ले डेविडसन कैपिटल चैप्टर दिल्ली एनसीआर के साथ मिलकर व्हील्स ऑफ ग्रेस का आयोजन किया। इस प्रेरक बाइक रैली का आयोजन महिलाओं की सेहत, उनके साहस और दृढ़ता का जश्न मनाने के मकसद से किया गया था। रैली ने बाइकिंग प्रेमियों, हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स और फिटनेस एडवोकेट्स को एकजुट किया और प्रीवेंटिव हेल्थ तथा वेलनेस के महत्व को बढ़ावा देने के साथ-साथ मातृत्व की भावना का भी जश्न मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी हिमाद्रि कौशिक उपस्थित रही। इस अवसर पर फोर्टिस हेल्थकेयर के जोनल डायरेक्टर मोहित सिंह, फेसिलिटी डायरेक्टर डॉ अभिषेक शर्मा, डा. बीडी पाठक ने मुख्य अतिथि डीसीपी हिमाद्रि कौशिक व उनकी माताश्री का यहां पहुंचने पर बुक्के देकर स्वागत किया। इस अवसर पर इंस्पेक्टर सुनीता रानी, ट्रैफिक ताऊ देवेन्द्र बल्हारा सहित अन्य कई पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद बाइकर्स रैली को डीसीपी अधिकारी हिमाद्रि कौशिक ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली की शुरुआत फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल फरीदाबाद से हुई, जिसके बाद यह नीलम चौक फ्लाईओवर को पार करते हुए मथुरा रोड के रास्ते बल्लभगढ़, पलवल, होडल और कोसी कलां की ओर बढ़ी, फिर करमन टोल प्लाजा से यू-टर्न लेकर वापस फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल फरीदाबाद पहुंची। रैली ने करीब 150 किलोमीटर की दूरी तय की। रैली प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डीसीपी हिमाद्रि कौशिक ने कहा कि मातृत्व वास्तव में, साहस, दृढ़ता और निःस्वार्थ समर्पण भावना का सबसे विशुद्ध रूप है। व्हील्स ऑफ ग्रेस जैसी पहल मातृत्व की भावना का जश्न मनाने के साथ ही माताओं की हेल्थ और फिटनेस को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण संदेश भी देती है। मैं फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद को इस तरह का सार्थक मंच तैयार करने के लिए बधाई देती हूं जो न केवल माताओं का सम्मान करता है बल्कि उन्हें अपनी फिटनेस को जिंदगी जीने के तौर-तरीके के रूप में अपनाने को भी प्रेरित करता है। रैली में भाग लेने वाली एक महिला राइडर ने कहा कि एक मां का सफर भी लंबी दूरी की राइड की तरह ही होता है, जो चुनौतियों, सहनशीलता, त्याग और अटल संकल्प से भरा होता है। व्हील्स ऑफ ग्रेस का हिस्सा बनना मेरे लिए काफी मायने रखता है, क्योंकि यह न सिर्फ मातृत्व का जश्न मना रहा है बल्कि उस साहस की भावना का भी सूचक है जिसे हर महिला अपने दिल में रखती है।

---

इ्यूरासोल एनर्जी ने 'विजयपथ कॉन्फ्रेंस 2026 का किया आयोजन

## स्वदेशी ईएमएस सॉफ्टवेयर लॉन्च, पीएम सूर्य घर योजना' को मजबूती देने का लक्ष्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही स्वदेशी कंपनी ड्यूरासोल एनर्जी ने गुरुग्राम में विजयपथ- हाई एनर्जी पार्टनर मीट 2026 का सफल आयोजन किया। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में देशभर से आए चैनल पार्टनर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और बिजनेस एसोसिएट्स शामिल हुए। ड्यूरासोल एनर्जी एडवांस्ड सोलर सिस्टम, हाइब्रिड इन्वर्टर और एनर्जी स्टोरेज सॉल्यूशंस के जरिए ग्रामीण और शहरी भारत को भरोसेमंद ऊर्जा समाधान दे रही है। कंपनी का फोकस पीएम सूर्य घर योजना और आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती देना है। मेड इन इंडिया तकनीक और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग से कंपनी ग्रीन एनर्जी मिशन में योगदान कर रही है।

### स्वदेशी यूनिवर्सल ईएमएस सॉफ्टवेयर लॉन्च

*कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ड्यूरासोल का इन-हाउस विकसित यूनिवर्सल एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम ईएमएस सॉफ्टवेयर रहा। यह सॉफ्टवेयर किसी भी ब्रांड के साथ इस्तेमाल किया जा सकता है। कंपनी के अनुसार, इसका मकसद भारत का डेटा भारत में ही सुरक्षित रखना है। यह कदम डिजिटल इंडिया और डेटा लोकलाइजेशन विजन के अनुरूप है। इससे विदेशी और चीनी सॉफ्टवेयर पर निर्भरता कम होगी। पहले दिन कंपनी प्रेजेंटेशन में भविष्य के विजन, विस्तार योजनाओं और ग्रोथ प्लान्स की जानकारी दी गई। नए प्रोडक्ट्स और आधुनिक एनर्जी सॉल्यूशंस भी पेश किए गए। शानदार प्रदर्शन करने वाले पार्टनर्स को सम्मानित किया गया। दूसरे दिन प्रतिभागियों को गुरुग्राम स्थित हेड ऑफिस और कंपनी की 4 मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का दौरा कराया गया। यहां उन्होंने टेक्नोलॉजी, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को करीब से देखा। कंपनी ने बताया कि विजयपथ 2026 का उद्देश्य मजबूत साझेदारी, नई तकनीक और बेहतर भविष्य की दिशा में साथ मिलकर आगे बढ़ना है। इस आयोजन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।*

---

## भारत विकास परिषद अरावली शाखा द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत विकास परिषद अरावली शाखा द्वारा सेवा कार्यों को आगे बढ़ाते हुए एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से प्रेम पब्लिक स्कूल दयाल नगर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के साथ किया गया। इसके उपरांत डा. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र से आई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच का कार्य अत्यंत व्यवस्थित एवं विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती विनीता गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके आगमन से कार्यक्रम को विशेष प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सेवा गतिविधि संयोजक प्रतिभा तिवारी, अरावली शाखा अध्यक्ष सीए लोकेश अग्रवाल, सचिव सौरभ गर्ग, कोषाध्यक्ष नरेश कुमार सोलंकी, महिला सहभागिता मीनू कंसल, पर्यावरण संयोजक प्रवीण नारायण, एकनाथ गुप्ता, अंकुर गर्ग एवं बृजेश त्रेहान सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रेम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती शशि शर्मा, नरेंद्र देव सारस्वत एवं सुखबीर सिंह की विशेष उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा। डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से डॉक्टर मिताली आरएमओ डोली, शिवम, रोहन, मनोज एवं सागर ने अपनी सेवाएं प्रदान कर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत विकास परिषदए अरावली शाखा की ओर से सभी सहयोगियों, चिकित्सकों एवं उपस्थित नागरिकों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया।



---

समाज के निमार्ण में मीडिया की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई

# पैशन से प्रोफेशन और अब बिजनेस बन गई है पत्रकारिता: डॉ. अमित आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

ब्रह्मांड के आदि संचारक देवर्षि नारद जी की जयंती के उपलक्ष्य में विश्व संवाद केंद्र द्वारा सेक्टर 14 स्थित महिला महाविद्यालय परिसर में नागरिक कर्तव्य में पत्रकारिता का योगदान विषय पर भव्य पत्रकार संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, पत्रकार व बुद्धिजीवी शामिल हुए।

आयोजन में राष्ट्र और समाज के निर्माण में मीडिया की भूमिका पर विस्तृत चर्चा भी की गई। आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में हरियाणा गौ-सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव लोहचब एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा स्टेट टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन गुप्ता व ज्योतिषचार्य पं. आदित्य पारिक तथा मुख्य वक्ता के रूप में दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (सुपवा) रोहतक के कुलपति तथा हरियाणा मुख्य मंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार डॉ. अमित आर्य शामिल हुए। भारत माता के जयघोष और देवर्षि नारद जी की स्तुति के साथ आचार्य मनीष ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रो. राकेश कुमार योगी ने दी। उन्होंने कहा कि आज देवर्षि नारद जी की जयंती है, जो ब्रह्मांड के सबसे बड़े पत्रकार थे। डॉ. अमित आर्य ने पत्रकारिता के वर्तमान हालात और चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि आज पत्रकारिता पैशन से प्रोफेशन और अब बिजनेस बन गई है, जो लाभ-हानि से चलती है। उन्होंने पत्रकारों की 24 घंटे और असुरक्षा वाली जॉब की चुनौतियों को उजागर किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सोशल मीडिया और यूट्यूब पर फेक न्यूज के इस दौर में देश और समाज को सही खबर देना ही पत्रकारों का सबसे बड़ा धर्म और नागरिक कर्तव्य है। पूरन यादव लोहचब ने सभी को नारद जयंती की शुभकामनाएं दीं और पत्रकारों से आह्वान किया कि वे इस बात पर विचार करें कि हम समाज के लिए क्या बेहतर कर सकते हैं और क्या दे सकते हैं। कार्यक्रम में सिविक सेंस, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण पर भी ध्यान आकर्षित किया गया। आयोजन में वरिष्ठ पत्रकार एके चौहान, अमित नेहरा और अन्य पत्रकारों द्वारा मीडिया कर्मियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा की मांग भी मंच पर रखी गई, ताकि आपात स्थिति में पत्रकारों को सहायता मिल सके। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विश्व संवाद केंद्र की टीम द्वारा विभिन्न मीडिया संस्थानों के वरिष्ठ और युवा पत्रकारों का सम्मान रहा। सम्मानित होने वालों में आदित्यराज, बागीश झा, अशोक , मयंक , अमित नेहरा, संजय यादव, प्रदीप आदि।



---

# गुरुग्राम में संस्कार पर चिंतनीय बैठक आयोजित

### गिरते सांस्कृतिक आचार-विचार पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर 34 में स्थित डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में भारत विकास परिषद द्वारा थिंक टैंक की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन , क्षेत्रीय महासचिव राकेश शर्मा , बोधराज सीकरी , चैयरमैन पंजाबी बिरादरी महासंगठन, अतुल बाली एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पॉवर ग्रीड, रि. मेजर जनरल चौ.रणजीत सिंह , मनोज त्यागी रि. डायरेक्टर सीपीडब्ल्यूडी, आर एस विर्क रि.जज, विरेंद्र अंतिल जी रि. प्राचार्य डी एस डी कॉलेज, त्रिलोकी नाथ मल्होत्रा जी, विचार समूह संयोजक सुरेन्द्र गहलोत झाड़सा , प्रांतीय अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल हरियाणा दक्षिणप्रान्त, प्रांतीय महासचिव राजीव छाबड़ा उपस्थित हुए। इस बैठक में मुख्यतः बढ़ते भ्रष्टाचार और गिरते सांस्कृतिक आचार विचार पर चिंता व्यक्त की। संगठन मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हमें संस्कार पर और अधिक कार्य करना होगा। जिससे एक संस्कारित व्यक्ति यदि कोई भी पद पर नियुक्त हो तो रिश्वत ना ले तथा आम जनता से एक सम्मान जनक तरीके से बातचीत करे।

---

## दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम विधिवत आरंभ किया गया

# इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार में भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार के सभागार में अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण समारोह का उद्देश्य विद्यालय के सुचारू संचालन एवं विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों का औपचारिक रूप से अलंकरण करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव प्रियंक जोशी, प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय के गरिमामयी स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात भारतीय संस्कृति की पावन परंपरा के अनुसार दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया गया, जिसने पूरे वातावरण को प्रेरणादायी और उत्साहपूर्ण बना दिया। दीप प्रज्वलन के उपरांत कोर बॉडी के सदस्यों तथा विद्यालय के चारों सदनों—आकाश, अग्नि, वायु एवं पृथ्वी—के अध्यक्षों और प्रिफेक्ट्स के नामों की औपचारिक घोषणा की गई। घोषणा के साथ ही हाउस इंचार्जेज द्वारा अपने-अपने सदनों के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बैज पहनाकर अलंकृत किया गया। वहीं कोर बॉडी के पदाधिकारियों को विद्यालय के सचिव व प्रधानाचार्य द्वारा उनके पद के अनुरूप बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय द्वारा चारों हाउस इंचार्जेज को उनकी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का प्रतीक स्क्रोल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय ने सभी नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों हेड बॉय (विहान उपाध्याय) हेड गर्ल (अर्णिमा सिंह) को उनकी बहुमुखी प्रतिभा के लिए बैच पहनाकर व स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया व अन्य सदस्यों को निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ दिलाई। विद्यालय सचिव प्रियंक जोशी जी के प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग और सेवा भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में इस गरिमामयी समारोह के सफल संचालन हेतु सभी सहयोगी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। इसी के साथ यह गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायी अलंकरण समारोह राष्ट्रगान के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




---

साइबर थाना सेंट्रल की बड़ी कार्रवाई

# होटल बुकिंग के नाम पर एक लाख 71 हजार रुपए की ठगी, 3 आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

होटल बुकिंग के नाम पर 1,71,949 रुपए की ठगी के मामले में 8 मई को साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने साइट ऑपरेट करने वाले 3 आरोपियों को हथीन पलवल से गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान सैम खान, मोहम्मद आदिल व रोबिन निवासी जिला डीग राजस्थान के रुप में हुई है। आदिल व रोबिन 8वीं व सैम खान 12वीं पास है। जिनको न्यायलय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-85 वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में बताया कि 21 फरवरी को उसने वानप्रस्थ आश्रम की वेबसाइट पर उपलब्ध नंबर पर बुकिंग के लिए कॉल किया, कॉल अनुसार शिकायतकर्ता ने बुकिंग के नाम पर 1,71,949 रुपए की राशि दो अलग-अलग खाता में डाल दी। जिसके बाद ना तो बुकिंग हुई ना ही पैसे वापस मिले। जिस शिकायत पर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। आरोपियों से खुलासा हुआ है कि तीनों वानप्रस्थ आश्रम नाम से एक साइट को ऑपरेट करते थे। उनके एक साथी द्वारा यह साइट उपलब्ध कराई गई थी। उस साइट पर उपलब्ध फोन नंबरों के माध्यम से कस्टमर से बात कर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे और ठगी के पैसों को म्यूल अकाउंट पर ट्रांसफर कराकर बाद में गेमिंग एप्स के माध्यम से ट्रांसफर कर लेते हैं। मोहम्मद आदिल व रोबिन खान दोनों भाई है व सैम दोनों का दोस्त है।



## खबर संक्षेप

### सम्राट सरकार ने 12 आईएएस का ट्रांसफर




**पटना।** बिहार की सम्राट चौधरी सरकार ने रविवार को बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12 वरीय अधिकारियों का एक साथ तबादला क दिया गया। कई विभागों के सचिव, प्रधान सचिव, अपर मुख्य सचिव बदले गए हैं। आनंद किशोर को वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव पद के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर दो की मौत



**मोदीनगर।** डीएमई पर थानाक्षेत्र भोजपुर के क्षेत्र में पट्टी गांव के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक पीछे से ट्रक में जा टकराई। हादसे में बाइक सवार दो फर्नीचर मिस्त्री की मौत हो गई। जिसमें एक युवक ने हेलमेट लगा रखा था, जबकि पीछे बैठा युवक बिना हेलमेट के था। थानाक्षेत्र भोजपुर निवासी दीपांशु उर्फ दीपू (19) पुत्र दिनेश व हापुड़ के सदीकपुरा निवासी सागर (19) पुत्र बबलू दोस्त थे।

### झारखंड की खूंटी से 2 नक्सली गिरफ्तार



**खूंटी।** जिले में सुरक्षाकर्मियों ने प्रतिबंधित माओवादी संगठन पीएलएफआई के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जिलिंगा जंगल में छापेमारी के दौरान दोनों को पकड़ा गया। पुलिस ने कहा कि खूंटी के पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के सदस्य जिलिंगा जंगल में इकट्ठा हुए हैं और वे किसी घटना को अंजाम देने वाले है।

# कृष्णावतारम देखने राज्यपाल और कैबिनेट के साथ पहुंचे सीएम योगी

## भारत के इतिहास - आध्यात्मिक विरासत को प्रदर्शित करने में सिनेमा के महत्व पर बल दिया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और यूपी कैबिनेट के सदस्यों ने फिल्म कृष्णावतारम देखी। लोकभवन में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग की गई। योगी सरकार के आठ मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई। इसमें बड़ी संख्या में नेता और अधिकारी पहुंचे। उन्होंने इस फिल्म का आनंद लिया। इससे पहले 'कृष्णावतरम पार्ट 1 द हार्ट' (हृदयम) के निर्माताओं ने लखनऊ में सीएम आवास पर पहुंचकर योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद फिल्म के निर्देशक हार्दिक गज्जर ने सीएम योगी की ओर से इसकी तारीफ किए जाने की बात कही थी।

**खास बातें**

- सीएम योगी ने इस फिल्म की तारीफ की
- फिल्म कलाकारों को अगली पंक्ति में मिली जगह
- समाज में अच्छा या प्रेरणादायक संदेश



लोकभवन में आयोजित फिल्म की स्क्रीनिंग

लोकभवन में आयोजित फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ अगली पंक्ति में बैठे नजर आए। उनके बगल की सीट पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बैठी दिखीं। वहीं, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धरमपाल भी अगली पंक्ति में बैठे दिखे। फिल्म कलाकारों को भी अगली पंक्ति में जगह मिली थी।

### सीएम योगी ने युवाओं पर दिया जोर

सीएम योगी ने विशेष रूप से युवा दर्शकों के लिए भारत के इतिहास और आध्यात्मिक विरासत को प्रदर्शित करने में सिनेमा के महत्व पर भी बल दिया था। हार्दिक गज्जर ने कृष्ण जन्मभूमि पर फिल्म की अनुमति देने के लिए यूपी सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने सीएम योगी से मुलाकात को भी खास बताया था। सीएम योगी ने इस फिल्म की तारीफ की। उन्होंने निर्माताओं से कहा कि इस प्रकार की और फिल्में बननी चाहिए, जहां पर भारत की संस्कृति को कलाात्मक या भव्य रूप से दिखाया जाए। इस से समाज में भी अच्छा या प्रेरणादायक संदेश जाएगा। यह समाज के लिए प्रेरक संदेश होगा।

## यूपी चुनाव से चंद महीने पहले योगी कैबिनेट विस्तार

# 6 नए मंत्री बने, 2 का प्रमोशन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रहीं कृष्णा पासवान भी मंत्री बनीं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अगले साल (2027) होने वाले चुनाव में अब जब चंद महीने ही रह गए हैं तो रविवार को योगी कैबिनेट का बहुप्रतीक्षित विस्तार हो ही गया। विपक्ष और खासकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव चुनाव से कुछ महीने पहले हुए योगी कैबिनेट विस्तार पर कई सवाल उठा रहे हैं। वहीं बीजेपी के रणनीतिकार इसे बेहद जरूरी और अगले साल होने वाले चुनावों के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं। यहां एक दिलचस्प बात शायद आपको याद न हो लेकिन उत्तर प्रदेश में यह पहला मौका नहीं है जब चुनाव के कुछ समय पहले भाजपा ने कैबिनेट विस्तार किया है। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले 2021 के सितम्बर महीने में भी भाजपा ने एक कैबिनेट विस्तार किया था। इस बार जहां योगी कैबिनेट में छह नए चेहरों को एंट्री देने के साथ दो सदस्यों का प्रमोशन कर राज्य मंत्री से स्वतंत्र प्रभार बनाया गया है वहीं सितम्बर 2021 में हुए कैबिनेट विस्तार में सात चेहरों को शामिल किया गया था। उनमें एक कैबिनेट और छह राज्य मंत्री शामिल थे। उसी विस्तार में जितिन प्रसाद यूपी में मंत्री बने थे।

*सितम्बर 2021 के विस्तार में 7 चेहरों को शामिल किया था*

*यूपी में होने वाले चुनावों के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण*



### दोआबा के राजनीतिक इतिहास में पहली महिला विधायक कृष्णा पासवान

योगी कैबिनेट के इस विस्तार में खागा विधायक कृष्णा पासवान ने मंत्री पद की शपथ ली। दोआबा के राजनीतिक इतिहास में वह पहली महिला विधायक हैं जिन्हें मंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ। खागा सुरक्षित सीट से लगातार तीन बार विधायक कृष्णा पासवान को मंत्रिमंडल में शामिल कर भाजपा ने दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों को संदेश देने की कोशिश की है। वहीं पेशे से वकील और किसान कैलाश राजपूत की लोधी राजपूत वोटरों में अच्छी पकड़ मानी जाती है। 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए कैलाश राजपूत को कैबिनेट में जगह दी गई है। माना जा रहा है कि लोधी-राजपूत वोटरों को साधने में भाजपा को इसका लाभ मिलेगा। कैलाश राजपूत कन्नौज जिले के लोधी राजपूत समाज के एक प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। तिर्वा और छिबरामऊ क्षेत्रों में उनकी गहरी पैठ है। वहीं योगी कैबिनेट में प्रमोशन पाकर राज्यमंत्री से राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए गए डा.सोमेंद्र तोमर को भाजपा का मजबूत गुर्जर चेहरा माना जाता है। राज्यमंत्री से राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए गए अजीत पाल कानपुर देहात की सिकंदरा सीट से विधायक हैं। उन्होंने 2017 के उपचुनाव और 2022 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। कानपुर देहात की रसूलाबाद, भोगनीपुर और अकबरपुर रनियां जैसी सीटों पर पार्टी के सामाजिक समीकरण मजबूत करने में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है।

### क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों की काट ढूंढने में माहिर

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा नेतृत्व मिशन 2027 की बिसात पर अपने उन रणनीतिक चेहरों को फिर से मुख्य भूमिका में ला रहा है जो क्षेत्रीय - जातीय समीकरणों की काट ढूंढने में माहिर है। पूरी स्क्रिप्ट के केंद्र में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी हैं जिनकी कैबिनेट में वापसी की संभावनाओं ने पश्चिमी यूपी के सियासी पारे को बढ़ा दिया है। वहीं योगी 2.0 के दूसरे कैबिनेट विस्तार में कैबिनेट मंत्री बनाए गए मनोज पांडेय को अवध और पूर्वांचल के क्षेत्र में बड़े ब्राह्मण नेता के तौर पर देखा जाता है। रायबरेली की ऊंचाहार सीट से 2022 का चुनाव सपा के टिकट पर जीतने वाले मनोज पांडेय यूपी विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक रह चुके हैं। उन्हें योगी कैबिनेट का हिस्सा बनाकर भाजपा ने ब्राह्मण समाज को संदेश देने की कोशिश की है।

## बिहार में परिवहन विभाग बनेगा रोजगार

# प्रमुख मार्गों पर वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाया जाएगा



एजेंसी ▶▶ शेखपुरा

राज्य के नए परिवहन मंत्री दामोदर राऊत ने कहा है विभाग को रोजगार का बड़ा साधन बनाया जाएगा। इसके लिए दीर्घकालीन रूपरेखा बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होने राज्य में सीएनजी तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को भविष्य का विकल्प बताते हुए कहा सभी प्रमुख मार्गों पर सरकार चार्जिंग स्टेशन बनाया जाएगा। चार दिन पूर्व परिवहन मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने घर जमुई के गिद्धौर जा रहे दामोदर राऊत रविवार को शेखपुरा में पत्रकारों से बातचीत में ये बातें कही। तिरमुहानी दुर्गा मंदिर में मंत्री ने मत्था भी टेका। शेखपुरा के सर्किट हाउस सहित कई स्थानों पर जदयू तथा एनडीए के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।

इसमें शेखपुरा के विधायक तथा जदयू के जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार सोनी, पूर्व अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद, डॉ. महेश, भगवान कुशवाहा, विजय कुमार सिंह, जयदेव कुमार, रेणु सिंह सहित कई महिला नेत्री भी शामिल हुईं।

### पीपीपी मोड खोले जाएंगे

परिवहन मंत्री ने बताया राज्य में सीएनजी तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित किया जाएगा। सुविधा के लिए राज्य के मुख्य मार्गों पर चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे। ये चार्जिंग स्टेशन पीपीपी मोड पर खोले जाएंगे, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा। परिवहन विभाग को रोजगार सृजन का बड़ा साधन बनाने के लिए राज्य में मुख्यमंत्री परिवहन योजना का विस्तार किया जाएगा, जिससे गांव के युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। परिवहन विभाग में सड़क सुरक्षा पर सबसे अधिक बल दिया जा रहा हैं। परिवहन मंत्री ने कहा समूचे परिवहन विभाग को नीचे से ऊपर तक दुरुस्त किया जा रहा है।

## पेज एक का शेष...

### तो, पीएम मोदी...

के बारे में बात नहीं करेंगे, इसलिए मैं भी इस बारे में बात नहीं करूंगा और इसलिए, मैं रेवंत रेड्डी से गैर-राजनीतिक मामलों पर बात करूंगा और इसलिए, मैं यह कहना चाहूंगा कि मैं आपको उतना सब कुछ देने के लिए तैयार हूं, जितना भारत सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में गुजरात को दिया है। लेकिन अपनी जानकारी के आधार पर मैं आपको बता सकता हूं कि जैसे ही मैं ऐसा करूंगा, आपको जो कुछ भी मिल रहा है, वह आधा रह जाएगा। आप जहां भी पहुंचना चाहते हैं, वहां पहुंच नहीं पाएंगे। इसलिए पीएम मोदी ने बड़ी ही चतुराई से सलाह दी कि रेवंत रेड्डी उनके साथ ही गठबंधन कर लें।

### 'बाहुबली' स्टाइल में ...

अपने 'नायक' के एक शब्द पर पागलपन की हद तक चिल्लाने लगी और 'थलापति-थलापति' के नारों से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने विजय को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री विजय के साथ उनके मंत्रिमंडल के 9 सदस्यों ने भी शपथ ली, जिसमें अनुभवी चेहरों के साथ युवा जोश को भी जगह दी गई है। शपथ लेने के बाद जनता को संबोधित करते हुए भावुक विजय ने कहा कि मैं कोई फरिश्ता या चमत्कारिक पुरुष नहीं हूं, मैं आप ही के बीच से निकला एक साधारण इंसान हूं। आपने मुझे सिनेमा में 'थलपति' बनाया, अब मैं आपका सेवक बनकर काम करूंगा। उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने के पहले आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष बल बनाने और पूरे राज्य में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए एंटी-ड्रग यूनिट बनाने से जुड़े दस्तावेजों पर भी हस्ताक्षर किए। विजय की शपथ ग्रहण के दौरान लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मंच पर मौजूदगी रही। मंच पर राहुल गांधी और विजय की तस्वीरों ने राज्य की राजनीति में नए गठबंधन और राष्ट्रीय स्तर पर बड़े राजनीतिक संकेतों की चर्चा तेज कर दी है।

### सेवाकाल में राजपत्रित ...

वसूली का आदेश जारी कर दिया गया। अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की गई।

**बैंक खाते में जमा करें राशि:** याचिका में कहा गया कि किसी भी शासकीय अधिकारी,कर्मचारी को सेवाकाल के दौरान गलत तरीके से अधिक वेतन भुगतान का हवाला देकर वसूली नहीं की जा सकती है। यह वेतन भुगतान कार्यालय के स्टाफ द्वारा गलत तरीके से वेतनवृद्धि लगाए जाने के कारण किया गया, याचिकाकर्ता द्वारा उक्त राशि किसी फॉड, धोखाधड़ी, चीटिंग से प्राप्त नहीं की गयी थी। साथ ही याचिकाकर्ता को सुनवाई का पर्याप्त भी नहीं दिया गया था। जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय की सिंगल बेंच ने वसूली आदेश को निरस्त कर निर्देशित किया है कि, वे याचिकाकर्ता से वसूल की गई राशि तत्काल याचिकाकर्ता के बैंक खाते में वापस जमा करें।

### सात दिन की....

नेता अरोड़ा के वकील ने आरोप लगाया कि मंत्री के खिलाफ एक 'झूठा और निराधार' मामला 'गढ़ा' गया है और उनकी गिरफ्तारी से पहले जांच अधिकारी द्वारा 'कोई प्रथम दृष्टया सबूत' एकत्र नहीं किया गया है। इधर, कंपनी ने शनिवार को एक बयान जारी कर कुछ भी गलत करने से इनकार किया। कंपनी ने कहा कि उसे कानूनी प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है और वह सभी वैधानिक अधिकारियों के साथ पूर्ण सहयोग कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

**एक दिन पहले हुई थी गिरफ्तारी:** ईडी ने अरोड़ा (62) को जीएसटी धोखाधड़ी के एक मामले में उनके खिलाफ छापेमारी के बाद चंडीगढ़ स्थित उनके सरकारी आवास से शनिवार शाम गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही ईडी ने उनसे जुड़ी कंपनी 'हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड' के गुरुग्राम स्थित परिसर पर छापेमारी की थी। इस कंपनी में अरोड़ा निदेशक और हिस्सेदार हैं।

### पेट्रोल-डीजल बचाएं,....

सामना कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत बड़े पैमाने पर ईंधन आयात करता है, इसलिए पेट्रोल, डीजल और गैस का सोच-समझकर इस्तेमाल करना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने लोगों को पेट्रोल डीजल बचाने वर्क फ्रॉम होम के साथ एक साल तक सोना न खरीदने की सलाह दी। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी ने कहा, आज समय की मांग है कि पेट्रोल-डीजल और गैस जैसी चीजों का बहुत संयम से इस्तेमाल किया जाए। हमें आयात किए जाने वाले पेट्रोलियम उत्पादों का इस्तेमाल सिर्फ जरूरत के अनुसार करना चाहिए. इससे न सिर्फ विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि युद्ध के दुष्प्रभाव भी कम होंगे।

### भारत वैकल्पिक ऊर्जा ...

रणनीति पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा, सरकार का पहला लक्ष्य हर घर तक एलपीजी पहुंचाना था और अब सस्ती पाइप्ड गैस आपूर्ति के विस्तार पर तेजी से काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार सीएनजी आधारित इकोसिस्टम को भी सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है, ताकि ऊर्जा स्त्रोतों में विविधता लाई जा सके।

### पीएम ने क्यों ....

रही है और नागरिकों से चुनौतियों से पार पाने और देश की मदद करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि युद्ध के कारण पेट्रोल और उर्वरक की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जब आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव होता है, तो संकट से निपटने के विभिन्न उपायों के बावजूद मुश्किलें बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा, इसीलिए, वैश्विक संकट के दौरान, देश को सर्वोपरि रखते हुए, हमें संकल्प लेने होंगे। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख संकल्प पेट्रोल और डीजल का विवेकपूर्ण उपयोग होना चाहिए।

### पश्चिम एशिया संकट....

सितंबर 2024 के बीच यूएई से भारत में लगभग 22 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है।

यूएई में लगभग 47 लाख भारतीय रहते हैं, जो वहां की कुल आबादी का करीब 35 प्रतिशत माने जाते हैं। भारतीय समुदाय से होने वाली वार्षिक धनराशि (रेमिटेंस) दुनिया में सबसे अधिक में गिनी जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, रणनीतिक सहयोग और पश्चिम एशिया में भारत की बढ़ती भूमिका को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।

### एपीके लिंक के जरिए ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** दिल्ली के एक व्यक्ति को एपीके लिंक भेजकर 80 हजार रुपये की ठगी करने के आरोप में झारखंड के पहाड़ी इलाके से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान झारखंड के गिरिडीह निवासी प्रवीण राणा (25) के रूप में हुई है। पीड़ित को एक एपीके फ़ाइल भेजी गई, जिसे डाउनलोड करते ही उसकी बैंकिंग जानकारी लीक हो गई। इसके बाद पैसा एक बैंक खाते में अंतरण कर दिया गया।

और फिर एटीएम के माध्यम से निकाल लिया गया। इस मामले में बाहरी उत्तरी दिल्ली जिले के साइबर पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। धन के लेन-देन के विश्लेषण और कॉल विवरण एवं ग्राहक विवरण रिकॉर्ड के आधार पर पुलिस झारखंड तक पहुंची। आरोपी को सीएआईआर पोर्टल के माध्यम से बार-बार नोटिस भेजे गए, लेकिन उसने कथित तौर पर जांच में सहयोग करने से परहेज किया और गिरफ्तारी से बचता रहा।

### रियल एस्टेट एजेंट ने की 15 करोड़ की धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम पुलिस ने जमीन बेचने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के आरोप में एक रियल एस्टेट कंपनी के 50 वर्षीय मालिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नोएडा के सेक्टर-75 निवासी महेश मुगाम के रूप में हुई है। 20 जनवरी को एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 'नियॉन इन्फ्रा कंस्ट्रक्शन सॉल्यूशंस' कंपनी ने उसे हरियाणा में पलवल जिले के घुघेरा गांव में लगभग 11.33 एकड़ जमीन बेचने का भरोसा दिलाते हुए दस्तावेज दिखाए थे। आरोपी ने एक अगस्त 2024 को जमीन बेचने का समझौता किया।

## अजय राय की सीएम योगी को चिट्ठी

# उत्तर प्रदेश में महिला अपराधों की स्थिति भारी चिंताजनक

एजेंसी ▶▶ महोबा



महोबा में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही एमपी की छात्रा का अपहरण के मामले में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने यूपी की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया है। इस संबंध में अजय राय ने सीएम योगी को चिट्ठी लिखी है। अजय राय ने छात्रा की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा छात्रा पहले से नामजद आरोपियों द्वारा लगातार उतपीड़न और धमकियों का सामना कर रही थी। आरोपियों ने पहले भी छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। आरोपी लगातार मुकदमे में समझौता का दबाव बना रहे थे, इसको लेकर लगातार धमकियां दे रहे थे। पीड़िता के घर वालों ने इस संबंध में पुलिस अफसरों को अवगत भी कराया था लेकिन कोई कार्रवाई न होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद होते चले गए और इस घटना को अंजाम दे दिया। अजय राय ने एनसीआरबी के आंकड़ों को लेकर चिंता जताई। कहा, यूपी में महिला अपराधों का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि धरातल पर बेटियां असुरक्षित हैं और पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में लापरवाही करती है। पीड़िता के परिवार वालों से उनकी फोन पर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा इस मामले में हम हर स्तर पर उठाएंगे।

## बिहार में इसी महीने शुरू होगी नई व्यवस्था

# जमीन की रजिस्ट्री से पहले खरीदारों को मिलेगी जानकारी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में जमीन की रजिस्ट्री से पहले खरीदारों को उस भूमि की पूरी जानकारी मिलेगी। राजस्व एवं निबंधन विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। रैयती जमीन के निबंधन से पहले पूरी जानकारी जल्द दी जाएगी। यह व्यवस्था इसी महीने शुरू होने जा रही है। राज्य के सभी अंचलाधिकारियों को भी इस संबंध में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जमीन निबंधन के लिए मोबाइल यूनिट भी तैयार कर लिया गया है।

संभावना है कि इस सप्ताह के अंत तक या इस माह के अंत तक इसकी शुरूआत राज्य भर में हो जाएगी। जमीन रजिस्ट्री कराते समय आवेदकों को निबंधन पोर्टल पर 13 तरह की जानकारी देनी होगी। सात निश्चय-3 के तहत सबका सम्मान, जीवन आसान के तहत दस्तावेज



निबंधन की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए यह व्यवस्था की जा रही है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, नई व्यवस्था के अनुसार जमीन का सौदा होने के बाद उसका निबंधन से पहले रैयती भूमि से जुड़ी 13 तरह की जानकारी सरकार को देनी होगी। निबंधन के लिए आवेदन के साथ खाता, खेसरा, रकबा, चौहद्दी, जमाबंदी और विक्रेता की जानकारी आदि पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

## मौसम की मार और कीट का कहर

# मुजफ्फरपुर में 30% लीची भी नहीं बची मांग पूरी करने बंगाल से खरीद रहे कारोबारी

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर के व्यापारी अपना कारोबार बचाने के लिए इस बार पश्चिम बंगाल से लीची खरीद रहे हैं। जिले में मौसम की मार और स्टिंक बग कीट के प्रकोप से बगानों में 30 फीसदी लीची भी नहीं बची है। किसान अपने बगान को देख हताश हैं तो जिले के दर्जनों बड़े व्यापारी बंगाल का रूख कर रहे हैं।

दरअसल, यहां के किसानों से खरीदे गए लीची के बगान की हालत देख व्यापारी झांकने आना भी नहीं चाहते। यही कारण है कि जिले के कांटी, मीनापुर, बोचहां आदि प्रखंडों के दर्जनों व्यापारी बंगाल जाकर किसानों का लीची का बाग खरीद रहे हैं। कांटी के लीची व्यापारी बबलू शाही ने बताया कि मुजफ्फरपुर से हर साल 50 टन से अधिक लीची बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत देश के विभिन्न शहरों में भेजते हैं। इस बार भी मंजर देख हमलोग



उत्साहित थे। आज 30 फीसदी लीची भी नहीं दिख रही है। प. बंगाल में 15 मई से लीची की तुड़ाई शुरू होने लगती है, इसलिए हमारे साथ दर्जनों व्यापारी बंगाल आए हैं।

इस बार बंगाल से ही लीची खरीद महानगरों की मांग पूरी करेंगे। मुशहरी के व्यापारी संतू महतो ने बताया कि 12 एकड़ लीची का बाग खरीदा था। आज किसानों को पैसे देने लायक भी लीची नहीं है। उद्यान रत्न किसान भोलानाथ झा ने कहा कि लीची की हालत देख बाग में जाना छोड़ दिए हैं।

### कमजोर फसल से दो लाख मजदूरों के रोजगार पर संकट

बिहार लीची एसोसिएशन के अध्यक्ष बच्चा प्रसाद सिंह ने कहा कि मुजफ्फरपुर जिले में 15 हजार हेक्टेयर में लीची के बाग हैं। इससे हर साल सीजन में दो लाख से अधिक मजदूरों को रोजगार मिलता था। हर साल करीब 125 हजार टन लीची का उत्पादन होता है। फसल बर्बाद होने पर भी 70-80 हजार टन लीची मिल जाती थी। इस बार 25 से 30 हजार टन लीची उत्पादन भी मुश्किल है।



## लाला अमरनाथ की जिंदगी से प्रेरित कहानी पर बनेगी फिल्म

**मुंबई।** कुछ फिल्में सिर्फ फिल्में नहीं होतीं, वो लोगों की यादों का हिस्सा बन जाती हैं। लगान भी ऐसी ही एक फिल्म है। आज भी जब क्रिकेट मैच में 'बार-बार हां'जैसा गाना सुनाई देता है, तो लोगों को लगान की याद आ जाती है। अब आमिर खान और आशुतोष गोवारिकर एक बार फिर ऐसी फिल्म के साथ वापसी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों एक नई क्रिकेट बेस्ड फिल्म पर काम कर रहे हैं, जो भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी लाला अमरनाथ की जिंदगी से प्रेरित होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट पर तेजी से काम चल रहा है और इसकी शूटिंग सितंबर 2026 से शुरू हो सकती है। इस बार कहानी पूरी तरह अलग होगी। जहां लगान एक काल्पनिक कहानी थी।

लाइफ Style



# दिशा

## द पोर्टल ऑफ फोर्स में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिशा पाटनी अब हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। उनकी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें उनका किरदार शानदार है। उन्होंने फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को भी बताया है। भारत की कई अभिनेत्रियों ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय किया है।

इस कड़ी में नया नाम दिशा पाटनी का जुड़ने वाला है। अभिनेत्री हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। वह फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आने वाली हैं। इसमें वह जेसिका का रोल करेंगी। उनका कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उन्हें अपनी एक्टिंग स्किल्स को बड़े पैमाने पर एक्सप्लोर करने का मौका मिला है। बताया जाता है कि यह फिल्म 'स्टैटीगॉड्र्स होलीगॉड्र्स सागा' की पहली फिल्म है। यह सुपरनैचुरल एक्शन-थ्रिलर है। इस फिल्म का निर्देशन केविन स्पेसी ने किया है। 20 साल से ज्यादा समय बाद वे इस फिल्म से निर्देशन में वापसी कर रहे हैं। दिशा पाटनी ने बताया कि एक इंटरनेशनल फिल्म में काम करने का अनुभव उनके लिए रोमांचक और डरावना रहा। उन्होंने कहा 'मैं इस बेहद खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। अपने पहले इंटरनेशनल प्रोजेक्ट में कदम रखना मेरे लिए रोमांचक और डरावना दोनों था। अपनी एक्टिंग स्किल्स को एक्सप्लोर करने का बड़ा मौका था। अनुभवी और अलग-अलग तरह के कलाकारों के साथ काम करना अपने आप में एक सीखने का अनुभव था।'उन्होंने आगे कहा, 'स्क्रीन पर ईमानदारी हर जगह एक जैसी होती है।

### हॉलीवुड मसाला



## यौन उत्पीड़न केस हुआ खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर विल स्मिथ को बड़ी राहत मिली है। 57 साल के सुपरस्टार से जुड़े यौन उत्पीड़न केस को कैलिफोर्निया की एक अदालत ने खारिज कर दिया है। यह मामला विल स्मिथ की 2025 की टूर टीम से जुड़ा था, जिसमें उन पर सेक्सुअल हैरसमेंट और गलत तरीके से नौकरी से निकालने का आरोप लगा था। मेन इन ब्लैक' और द परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस के एक्टर पर एक वायलिन बजाने वाले म्यूजिशियन ने ये संगीन आरोप लगाए थे। बीते साल इस केस को लेकर विल स्मिथ की सोशल मीडिया पर खूब खींचतान हुई थी।



## द डेविल वियर्स प्राडा का बनेगा तीसरा पार्ट

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है। भारत में भी यह फिल्म करोड़ों रुपये में कमाई कर रही है। इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों को लगभग 20 साल का इंतजार करना पड़ा। वहीं, डायरेक्टर डेविड फ्रैंकल 'द डेविल वियर्स प्राडा 3' बनने की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। हाल ही में डेविड फ्रैंकल ने कहा, 'देखिए, हमें यह फिल्म बनाने में 20 साल लग गए। जबकि मैंने कहा था कि अब कभी नहीं। फिर भी हम यहां पर हैं। इसलिए मैं दोबारा यह नहीं कहूंगा कि 'अब कभी नहीं'। देखते हैं कि आगे क्या होता है। अगर किरदारों के साथ दोबारा जुड़ने और इन शानदार एक्टर्स के साथ कुछ महीने बिताने का मौका मिला तो मुझे बहुत खुशी होगी।' इस तरह से कहीं ना कहीं फिल्ममेकर डेविड ने फिल्म के पार्ट 3 को लेकर हिंट दिया है।



## सारा ने श्रेया के साथ शेयर किया फनी वीडियो


**मुंबई।** सारा अली खान ने रविवार इंस्टाग्राम पर गायिका श्रेया घोषाल के साथ एक फनी वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के साथ सारा ने एक शायरी भी लिखी है। सारा ने लिखा- 'सारा ने गाना गाया, श्रेया मैम के रूह को सताया, फिर उन्हें हमने थोड़ा साइड हटाया और अनमोल कला का मतलब बताया'। सारा के इस मजेदार वीडियो पर श्रेया घोषाल ने कमेंट किया है। श्रेया ने लिखा, 'तुम बहुत प्यारी हो सारा अली खान। तुम्हारे साथ कितना मजा आया।' सारा की इस पोस्ट पर रकुल प्रीत ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। वहीं सारा के फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आया। एक फैन ने लिखा, वाह सारा तुमने कमाल कर दिया। दूसरे ने लिखा, 'बहुत ही शानदार, दोनों महिलाएं बेहद खूबसूरत लग रही हैं'।



## सोनम ने दूसरे बेटे की दिखाई झलक...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सोनम कपूर और उनके पति आनंद आहूजा ने अपने दूसरे बेटे के नाम की घोषणा रविवार को कर दी है। सोनम ने 29 अप्रैल को अपने दूसरे बेटे को जन्म दिया था। जन्म के लगभग 11 दिन बाद कपल ने सोशल मीडिया पर अपने नवजात के नाम के बारे में जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने नाम के पीछे छिपे आध्यात्मिक अर्थ के बारे में भी बताया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर दो फैमिली पिक्चर शेयर की हैं। इनमें सोनम और आनंद के साथ उनके दोनों बेटे नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही कपल ने अपने नवजात बेटे की झलक भी दिखाई है। हालांकि, दोनों ही बेटों के चेहरे को तस्वीरों में नहीं दिखाया है। इन तस्वीरों के साथ ही सोनम ने कैप्शन में एक लंबा सा नोट लिखा है। इसमें उन्होंने बताया कि कपल ने अपने दूसरे बेटे का नाम रुद्रलोक रखा है।

### टीवी मसाला



## शिल्पा करेंगी कॉमेडी कुकिंग शो 'मां है ना' को होस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बतौर होस्ट एक शो की कमान संभालने वाली हैं। वे कॉमेडी कुकिंग शो होस्ट करेंगी, जिसमें जेन-जी सेलेब्स अपनी मां के साथ हिस्सा लेंगे। इस शो का नाम है- 'मां है ना'। 10 एपिसोड की यह नॉन-फिक्शन सीरीज छह जेन जेड सेलेब्रिटीज और उनकी मांओं को एक साथ लाएगी। यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगा। जी-5 ने रविवार को शो की घोषणा की है। इसमें जेन-जी सेलेब्स और उनकी मांओं के बीच कुकिंग चैलेंज, दिल को छू लेने वाली बातचीत और परिवार के बीच प्यार भरे पल देखने को मिलेंगे। शो' मां है ना' के जरिए रसोई के परिवेश के जरिए आधुनिक जेनेरेशन-Z के लाइफस्टाइल और पारंपरिक मैटरनल सूझबूझ के बीच टकराव देखने को मिलेगा, वह भी मजेदार अंदाज में। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करके इस शो को लेकर अपडेट भी दिया है। उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'मैं एक नए शो के साथ वापस आ गई हूं! स्वाद, ड्रामा और मां का जजमेंट परोसते हुए... थोड़ा-सा मेसी, ढेर सारी मस्ती और एकदम जादू! मां है ना। जल्द आ रहा है, सिर्फ जी5 पर'। इस शो के प्रोड्यूसर्स निर्माताओं के अनुसार, यह शो इस बात पर फोकस करता है कि जब दो पीढ़ियों को एक-एक रेसिपी के जरिए सच में एक-दूसरे की बात सुननी पड़ती है, तो क्या होता है'? इस सीरीज में मां और बच्चों की जोड़ियां एक साथ खाना बनाते हुए गलतफहमी, दबाव, प्यार और फिर से मिले सुकून का सामना करती नजर आएंगी।

## मेरी जड़ें भारत में ही हैं : अविका

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'बालिका वधू' से लोकप्रिय होने वाली अभिनेत्री अविका गौर शादी के बाद अपने पति मिलिंद चंदवानी के साथ बैंकॉक में शिफ्ट हो गई हैं। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने टेलीविजन या



फिल्मों से ब्रेक नहीं लिया है। वो अपना काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि ये कदम मिलिंद के लिए बेहतर अवसरों को देखते हुए उठाया गया है, जबकि उनके खुद के काम के सिलसिले में मुंबई से बाहर लंबे शेड्यूल तय किए गए हैं। अविका ने इस कदम के कारण प्रोजेक्ट छूटने की चिंताओं को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि काम आमतौर पर उनके शेड्यूल के अनुसार ही होता है और सहयोग आपसी प्रयासों पर निर्भर करता है। जब कोई मेरे साथ काम करना चाहता है, तो उसे यह प्रयास करना चाहिए। इंडस्ट्री के मेरे साथियों ने भी मेरे इस फैसले का समर्थन किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि भले ही मेरा ठिकाना अब विदेश में है, लेकिन मेरी जड़ें भारत में ही मजबूती से टिकी हैं। यहां मेरा परिवार रहता है।

## महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे अर्जुन-प्रीति ने की श्री हरमंदिर साहिब में सेवा

*बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल रविवार को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर की सुबह की भस्म आरती में हिस्सा लिया और पूजा-अर्चना की। इसी तरह से प्रीति जिंटा श्री हरमंदिर साहिब गईं, जहां उन्होंने सेवा की और आईपीएल 2026 के मौजूदा सीजन में पंजाब किंग्स की सफलता के लिए प्रार्थना की। एक बातचीत में एक्टर ने कहा, 'यह एक दैवीय बुलावा है, जो मुझे यहां खींच लाया है। मैंने सभी की शांति और तरक्की के लिए प्रार्थना की।'*





**मुंबई।** सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए एक्टर ने 'मदर्स डे' के मौके पर सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'धन्य महसूस कर रहा हूं, हैप्पी संडे, हैप्पी मदर्स डे, दुनिया भर की सभी मांओं के लिए प्रार्थना की है।' रामपाल ने अपनी इस यात्रा के कुछ पल सोशल मीडिया पर भी शेयर किए। उन्होंने एक सेल्फी पोस्ट की जिसमें वह पारंपरिक केसरिया और गहरे लाल रंग का कपड़ा पहना है। इस पर वैदिक मंत्र लिखे हुए थे। इस बीच प्रीति जिंटा रविवार को श्री हरमंदिर साहिब गईं। बॉलीवुड अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालकिन अमृतसर में मौजूद इस तीर्थस्थल पर पीले रंग का सूट पहनकर और सिर ढककर पहुंचीं। यहां प्रीति ने मीडिया से कहा 'बस बाबा जी ने बुलाया तो मैं आ गई। पंजाबी टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मुझे उम्मीद है कि वे सभी मैच जीतेंगे। हमें बहुत प्यार मिल रहा है।'

## पांच साल बाद लौटेगी मनी हाइस्ट की प्रोफेसर एंड कंपनी

**नई दिल्ली।** स्पेनिश वेब सीरीज मनी हाइस्ट सिनेमा जगत की सबसे लोकप्रिय सीरीज फ्रेंचाइज में से एक है। अपने पांच सीजन तक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली मनी हाइस्ट का आखिरी सीजन 5 साल पहले फेमस ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। प्रोफेसर एंड कंपनी की आखिरी झलक सिनेप्रेमियों को उसी दौरान देखने को मिली थी। लेकिन, अब लग रहा है कि मेकर्स ने मनी हाइस्ट के छठे सीजन की भी तैयारी कर ली है और रविवार को इसको लेकर एक बड़ा पोस्ट भी शेयर किया है। संडे को नेटफ्लिक्स ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक लेटेस्ट ट्वीट शेयर किया है। इस ट्वीट में मनी हाइस्ट का एक टीजर शामिल है, जिसमें पिछले पांच सीजनों का एक मोनटाज वीडियो मौजूद है। ट्वीट के कैप्शन में लिखा है- क्रांति अभी खत्म नहीं हुई है। 'ला कासा दे पापेल की दुनिया जारी है...इस ट्वीट ये साफ लग रहा है कि आने वाले समय में नेटफ्लिक्स पर मनी हाइस्ट का छठा सीजन स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, ट्वीट में सीजन 6 का जिक्र नहीं किया गया है, लेकिन इसका इशारा साफतौर पर फ्रेंचाइज की



अगली किस्त की तरफ ही जाता हुआ नजर आ रहा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो मनी हाइस्ट सीरीज से जुड़ी इस अनाउंसमेंट के बाद सिनेप्रेमियों की एक्साइटमेंड सातवें आसमान पर पहुंच गई है और हर कोई इसके लिए बेताब नजर आ रहा है। आपको बता दें कि मनी हाइस्ट एक स्पेनिश भाषा की क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एक प्रोफेसर अपनी टीम बनाता है और चेहरे पर जोकर का मास्क लगाकार बैंक और अन्य जगहों से डकैती को अंजाम दिलवाता है। स्पैनिश के अलावा इस सीरीज को हिंदी सहित अन्य कई भाषाओं में भी काफी पसंद किया गया है।

### राजा शिवाजी' ने दिखाया दम, भूत बंगला की कमाई में भी उछाल

## सिनेमाघरों में वीकएंड पर चमकी कृष्णावतारम और दादी की शादी

***नई दिल्ली।*** *सिनेमाघरों में लगी लगभग सभी फिल्मों ने वीकएंड पर अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि नई रिलीज हुई फिल्मों पर पुरानी फिल्में भारी पड़ी हैं। सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में रिलीज हुई हैं। इनमें नई फिल्में कृष्णावतारम पार्ट 1: हृदयम, दादी की शादी शामिल हैं। वीकएंड पर इन फिल्मों की कमाई बढ़ी है। वहीं, सिनेमाघरों में पहले से चल रही फिल्में जैसे राजा शिवाजी, एक दिन और भूत बंगला की कमाई में बढ़ोतरी देखी गई है।*

### राजा शिवाजी की कमाई



रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' की कमाई में वीकएंड पर उछाल आया है। शनिवार को इसने 5.60 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। शुक्रवार को इसने 3.20 करोड़ रुपए कमाए थे। इसका टोटल कलेक्शन 61.50 करोड़ रुपए हो गया है। इसमें जेनेलिया डिसूजा, सलमान खान, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और विद्या बालन हैं।

### कृष्णावतारम पार्ट 1 : हृदयम



भगवान कृष्ण पर आधारित फिल्म कृष्णावतारम पार्ट 1: हृदयम को रिलीज हुए तीन दिन हो चुके हैं। पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कुछ खास नहीं कर सकी। दूसरे दिन भी इसका कलेक्शन कम रहा। तीसरे दिन इसे वीकएंड का फायदा मिला। पहले दिन इसने 42 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। दूसरे दिन इसकी कमाई 1.15 करोड़ रुपए हुई। तीसरे दिन इसने 2.25 करोड़ रुपए कमाए थे।



### दादी की शादी

कॉमेडियन कपिल शर्मा की अदाकारी वाली फिल्म दादी की शादी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। वीकएंड पर इसके कलेक्शन में बढ़ोतरी हुई है। पहले दिन इसने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की। ओपनिंग डे पर इसका कलेक्शन 60 लाख रुपए रहा। दूसरे दिन इसकी कमाई 1.15 करोड़ रुपए हो गया। इसका कुल कलेक्शन 1.75 करोड़ रुपए हो गया है।

### एक दिन का कलेक्शन

साई पल्लवी और जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' ने शुक्रवार को सिर्फ पांच लाख रुपये का कलेक्शन किया है। रिलीज के बाद से ही इस फिल्म की कमाई कम हो रही है। यह बॉक्स ऑफिस की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। शनिवार को इसने सिर्फ 9 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। नौ दिनों में फिल्म का कुल कलेक्शन 4.14 करोड़ रुपए हो गया है।

### भूत बंगला और धुरंधर 2

अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' की कमाई में वीकएंड पर एक बार फिर उछाल आया है। शनिवार को इसने तीन करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। शुक्रवार को इसने 1.75 करोड़ रुपए कमाए थे। इसका कुल कलेक्शन 154.57 करोड़ रुपए हो चुका है। फिल्म 'धुरंधर 2' ने शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर 90 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसका कुल कलेक्शन 1141.99 करोड़ रुपए हो गया है।

# बहाली में भी लापरवाही का आलमः जिन्होंने डिजाइन तैयार किया, वे नहीं माने जाएंगे दोषी और न होगी विभागीय जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी भोपाल में 90 डिग्री वाले ब्रिज को लेकर प्रभारी मुख्य अभियंता, प्रभारी ईई, सहायक यंत्री व उप यंत्री समेत 7 इंजीनियरों को निलंबित किया गया था। एक दिन पहले सभी को बहाल कर दिया गया। बहाली का आदेश सार्वजनिक नहीं किया गया। इसमें भी सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ब्रिज की डिजाइन के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार प्रभारी ईई शबाना रज्जाक, सहायक यंत्री शानुल सक्सेना के खिलाफ कोई विभागीय जांच नहीं होगी।

जबकि ब्रिज की पूरी डिजायन शबाना ने तैयार की थी। इसमें प्रभारी सीई संजय खांडे का अनुमोदन था। इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी तीनों के खिलाफ विभागीय जांच नहीं होगी। राज्य सरकार ने देश भर में सुर्खियां बन चुके इस ब्रिज को बनाने वाले इंजीनियरों को निलंबित कर दिया था। निलंबित हुए सभी 7 इंजीनियरों को पहले आरोप पत्र जारी हुआ था। इसमें डिजाइन विंग से जुड़े इंजीनियरों ने गलती नहीं मानी गई। इन इंजीनियरों के जवाब का कोई तार्किक परीक्षण नहीं किया गया। इनके जवाब पर ही बहाली का निर्णय ले लिया गया। जबकि सबसे बड़ी लापरवाही डिजायन विंग की ही मिली थी। इस पूरे मामले में लीपापोती की गई और डिजायन विंग को क्लीनचिट दे दी गई। हालांकि प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने कहा कि पूरे मामले में सभी संबंधित के खिलाफ विभागीय जांच चलेगी। इतने समय तक वैसे भी निलंबित नहीं रखा जा सकता।

### बहाली आदेश में यह हुई अनुशंसा

राज्य शासन से जारी बहाली आदेश के अनुसार पीडब्ल्यूडी के ब्रिज विंग में तत्कालीन प्रभारी चीफ इंजीनियर जीपी वर्मा, तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी रवि शुक्ला और तत्कालीन उपयंत्री उमाशंकर मिश्रा के बारे में साफ किया गया है कि उनकी पदस्थापना के साथ-साथ विभागीय जांच चलेगी। जबकि डिजाइन विंग से जुड़े प्रभारी चीफ इंजीनियर संजय खांडे, प्रभारी ईई शबाना रज्जाक और सहायक यंत्री शानुल सक्सेना की कोई विभागीय जांच नहीं होगी। दिलचस्प है कि पूर्व में जारी आरोप-पत्र में विभागीय जांच के आदेश सिर्फ एक इंजीनियर (तत्कालीन प्रभारी ईई जावेद शकील) के लिए जारी हुए थे। यह आदेश भी उनके सेवानिवृत्ति के दिन 31 मार्च 2026 को हुआ था।

### इन आरोपों के आधार पर किया गया था निलंबित

विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रभारी ईई शबाना रज्जाक, प्रभारी कार्यपालन यंत्री और सहायक शानुल सक्सेना ने रेलवे से बगैर सहमति के जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग का अनुमोदन किया था। इस मामले में प्रभारी मुख्य अभियंता संजय खांडे ने भी गलत डिजाइन का अनुमोदन किया था। इस आधार पर मामले में कार्रवाई की गई है। जबकि उप यंत्री उमाशंकर मिश्रा ने बिना रेलवे की सहमति के ड्राइंग का अनुमोदन का काम कराया। सहायक यंत्रर रवि शुक्ला की गलती भी पाई गई। जबकि तत्कालीन प्रभारी मुख्य अभियंता जीपी वर्मा ने आरओबी के निर्माण में गलत तरीके से निर्माण की अनुमति दी। नियमानुसार तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री जावेद शकील (रिटायर) की भी बड़ी लापरवाही पाई गई। इसीतरह उस समय के प्रभारी अधीक्षण यंत्री एमपी सिंह (रिटायर) ने भी डिजाइन का अनुमोदन किया था।

### विभागीय जांच में इंजीनियरों की लापरवाही को किया गया नजरअंदाज

सूत्रों ने बताया कि बहाली आदेश में विभागीय जांच तय करने में इंजीनियरों की लापरवाही को नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि जिन इंजीनियरों की गलती की वजह से करोड़ों रुपए की क्षति शासन को हुए, इस मामले में सब कुछ नजरअंदाज कर दिया गया। कमजोर जांच टीप व बहाली आदेश की खामी की वजह से अब यह इंजीनियर आने वाले कुछ समय अपने आप बरी हो जाएंगे।

## सरमा को असम का सीएम चुने जाने पर नायब सैनी ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

चंडीगढ़। हिमंत बिस्व सरमा दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। वो 12 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। सरमा को रविवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और सह-पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में असम में एनडीए के विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हिमंत बिस्व सरमा को मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी।

## नांदेड़ साहिब के लिए 15 को रवाना होगी ट्रेन

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए 15 मई को सिरसा से विशेष ट्रेन रवाना होगी। प्रवक्ता ने बताया कि योजना अनुसार वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर आज 10 मई तक पंजीकरण कर सकते हैं। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निःशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

## यामाहा राइडर्स ने गुरुग्राम में ट्रैक राइडिंग का रोमांचक अनुभव लिया



*नई दिल्ली। इंडिया यामाहा मोटर (आईवायएम) ने गुरुग्राम के एफ9 गो कार्टिंग ट्रैक पर एक जबरदस्त ट्रैक डे इवेंट का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कंपनी के ₹द कॉल ऑफ द ब्लू₹ ब्रांड कैंपेन के तहत आयोजित किया गया था, जिसमें गुरुग्राम और एनसीआर क्षेत्र से 400 से अधिक यामाहा प्रेमियों और 200 से अधिक यामाहा मालिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम जबरदस्त सफलता के साथ संपन्न हुआ।इस इवेंट में यामाहा के R15 और MT-15 मॉडल्स के राइडर्स को एक सुरक्षित और नियंत्रित माहौल में ट्रैक राइडिंग का अनुभव दिया गया। प्रतिभागियों को राइड से पहले एक विस्तृत ट्रेनिंग सेशन में शामिल किया गया, जिसमें उन्हें रेसिंग लाइन, बॉडी पोजिशन, लीन एंगल, थ्रॉटल कंट्रोल और क्रमिक ब्रेकिंग तकनीक जैसी महत्वपूर्ण राइडिंग स्किल्स सिखाई गईं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने सर्किट राइडिंग का रोमांच महसूस किया।कार्यक्रम में यामाहा के एपरेल और एक्सेसरीज की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, साथ ही फोटो-ऑप जोन भी बनाए गए थे, जिसने इवेंट के माहौल को और भी रंगीन और जोशीला बना दिया।*

## मिसाइल परीक्षण पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च तकनीक से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण और इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए डीआरडीओ इंडिया एवं 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' को तैयार करने वाले वैज्ञानिकों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा कवच और अधिक सशक्त हो रहा है। भारत रक्षा क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा से उन्नत अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिद्ध हुआ है।

## टैक्सटाइल यूनिट से नहीं हटाईं मशीनें आवाजाही पर रोक

**भोपाल।** गोविंदपुरा में नगर निगम के गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन परिसर में टैक्सटाइल रिसाइकिल यूनिट में आग लगने की घटना के 14 दिन बाद भी न तो वेंडर ने मशीनें हटाईं न जगह खाली की। परिसर में अब भी टनों टैक्सटाइल वेस्ट का ढेर लगा है। परिसर के पीछे जले 150 टन टैक्सटाइल वेस्ट को भी नहीं हटाया गया है। जबकि टैक्सटाइल यूनिट तक आवाजाही पर ट्रांसफर स्टेशन प्रबंधन ने रोक लगा दी है।

### इंदौर में लोक संस्कृति मंच की ओर से आयोजित मालवा उत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

# मालवा उत्सव केवल एक मेला नहीं, मेल-मिलाप आत्मीयता और सांस्कृतिक एकता का उत्तम मंच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मालवा उत्सव केवल एक मेला नहीं, बल्कि मेल-मिलाप, आत्मीयता और सांस्कृतिक एकता का मंच है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आयोजित होने वाला यह उत्सव आज अपनी रजत जयंती मना रहा है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न राज्यों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से देश की सांस्कृतिक विविधता को एकता के सूत्र में पिरो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को इंदौर में लोक संस्कृति मंच की ओर से आयोजित मालवा उत्सव कार्यक्रम को संबोधित किए। उन्होंने मालवा उत्सव के उत्साहपूर्ण माहौल का उल्लेख करते हुए कहा कि भांगड़ा, गरबा और अन्य लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने ऐसा वातावरण बना दिया मानो स्वर्ग धरती पर उतर आया हो। रजत जयंती वर्ष में आयोजित इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों से आए कलाकारों ने लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

**खास बातें**

- हर साल होने वाला यह मेला मना रहा अपनी रजत जयंती
- सांस्कृतिक विविधता को एकता के सूत्र में पिरो रहे कलाकार



सीएम ने इंदौर के मालवा उत्सव में लोगों को संबोधित किया।

### देवगढ़-रत्नागिरी के आमों से महका इंदौर बाजार



मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार परिसर में मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित तीन दिवसीय "मैंगो जत्रा" में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और आम उत्पादक किसानों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने आमों की विशेषताओं के बारे में जाना।

### 24 आम उत्पादक किसानों को 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 24 आम उत्पादक किसानों को 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। किसानों ने बताया कि वे पिछले लगभग 15 वर्षों से मैंगो जत्रा में आम लेकर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। इससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिलता है और ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण और ताजे उत्पाद उपलब्ध होते हैं।

### आयोजन से छोटे दुकानदारों को मिलता है मार्केट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मालवा उत्सव जैसे आयोजन छोटे कलाकारों, हस्तशिल्पियों, दुकानदारों, ठेले एवं झूला संचालकों सहित अनेक लोगों के रोजगार और अर्थतंत्र को भी मजबूती देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों आयोजनों /"मालवा उत्सव और मैंगो जत्रा/" को सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक समन्वय का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने लोक संस्कृति मंच के रजत जयंती वर्ष के आयोजन की सराहना करते हुए संस्था को 5 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की।

### लोक नर्तकों ने पारंपरिक नृत्य कर किया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम स्थल पर लोक नृत्य दलों की ओर से पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गरबा, भांगड़ा, बधाई सहित विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। उत्सव में विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प, कलाकृतियों एवं मालवा सहित अन्य क्षेत्रों के लजीज व्यंजनों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र हैं।

### लसूड़िया में लगा स्वास्थ्य शिविर

## 'प्रोजेक्ट निरामय': हजारों बुजुर्गों की आंखों में लौटी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर



देवास भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड (डीबीसीएल) ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता के तहत सीहोर बाईपास स्थित लसूडिया परिहार पंचायत में एक विशेष स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। अपोलो फाउंडेशन की टीम द्वारा संचालित "प्रोजेक्ट निरामय" के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय बुजुर्गों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की गईं।

यहां सैकड़ों बुजुर्गों की आंखों की जांच की गई और जरूरतमंदों को तत्काल निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, शुगर और अन्य वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों का गहन परीक्षण किया गया। वहीं परीक्षण के उपरांत बुजुर्गों को विशेषज्ञों की सलाह पर आवश्यक दवाइयां मुफ्त उपलब्ध कराई गईं।

**प्रशासनिक सराहना और सामुदायिक प्रभाव**

लसूडिया पंचायत के सरपंच रवींद्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ संस्थाओं के प्रति जन-विश्वास को भी मजबूत करते हैं।

### वीडियो कांफ्रेंस के जरिए परिजनों से कर सकेंगी संवाद

## महिला बंदियों को प्रिजन इनमेट वीडियो कॉलिंग सिस्टम का बहुप्रतीक्षित तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



मदर्स डे के अवसर पर रायपुर की महिला जेल में बंदियों के लिए खुशियों की एक नई किरण जगी है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की घोषणा के अनुरूप, जेल प्रशासन ने महिला बंदियों को प्रिजन इनमेट वीडियो कॉलिंग सिस्टम का बहुप्रतीक्षित तोहफा दिया है।

- अधिवक्ताओं से सीधे कर सकेंगी वीडियो कॉल

वीडियो कॉलिंग की सुविधा से जेल विभाग और बीएसएनएल के बीच हुए अनुबंध के तहत इस सिस्टम को स्थापित किया गया है। अब महिला बंदी अपने परिजनों और अधिवक्ताओं से सीधे वीडियो कॉल के जरिए संवाद कर सकेंगी, जिससे उनके मानसिक संबल और कानूनी विमर्श में मदद मिलेगी। निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत कौशल विकास का प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली 38 महिला बंदिनियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह उनके पुनर्वास और भविष्य में स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है। जेल में अपनी माताओं के साथ रह रहे 14 मासूम बच्चों को विभाग की ओर से विशेष उपहार वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान खिल गई और जेल परिसर का माहौल उत्सवमय हो गया।

### दुर्ग के सुपेला थाना क्षेत्र के राधिका नगर की घटना

## लोको पायलट के सूने मकान से लाखों के जेवर-नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



सुपेला थाना क्षेत्र के राधिका नगर में एक लोको पायलट के घर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के जेवर और नगदी चोरी कर ली। लोको पायलट त्रिलोकी नाथ के घर यह वारदात तब हुई जब वे परिवार सहित एक शादी समारोह में गए हुए थे।

पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। देर रात घर लौटने पर लोको पायलट और उनके परिवार को चोरी का पता चला। उन्होंने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। सुपेला और एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंची और विवेचना में जुट गई। पुलिस डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक एक्सपर्ट भी जांच के लिए पहुंचे। लोको पायलट ने बताया कि उनके शादी के समय के सोने और चांदी के जेवर के साथ एक लाख रुपये नगद चोरी हुए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि चोर घर के पीछे के रास्ते से घुसे थे। उन्होंने घर का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

### पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम तेतला के पास की घटना

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायगढ़



छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह घटना पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम तेतला के पास हुई है।

चंद्रपुर की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 13 एलए 1157 के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाया। उसने ग्राम तेतला के पास सामने से आ रहे बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की शिनाख्त महेश निषाद और सोनू माली के तौर पर की गई है। इस दुखद घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को इस दुर्घटना की जानकारी दी। दो युवकों की मौत की खबर मिलते ही पुसौर पुलिस दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। आरोपी ट्रक चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस इस मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई कर रही है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में हुआ आयोजन

## हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने विधि-विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने हरिनाम संकीर्तन की परंपरा को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने के साथ-साथ समाज में भाईचारे और सद्भाव का संदेश भी देते हैं। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### 'हाशिए से नेतृत्व तक' थीम पर आधारित अभियान में किया महिलाओं से संवाद

# यह महिलाओं के सम्मान, नेतृत्व और राजनीतिक भागीदारी का अभियानः पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत आयोजित 'हाशिए से नेतृत्व तकः महिला नेतृत्व एवं राजनीतिक भागीदारी अभियान' कार्यक्रम में शामिल होकर अल्पसंख्यकों के सभी वर्ग की महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संगठनात्मक अभियान नहीं, बल्कि महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में स्थापित करने का सामाजिक एवं राजनीतिक संकल्प है। कांग्रेस समाज के हर वर्ग की महिलाओं को सम्मान, अवसर और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पटवारी ने कहा कि 'हाशिए से नेतृत्व तक' थीम पर आधारित यह अभियान प्रदेशभर में महिलाओं को राजनीति, सामाजिक नेतृत्व एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। प्रदेश स्तर पर तैयार किया गया महिला नेतृत्व समूह गांव-गांव और शहर-शहर जाकर महिलाओं को कांग्रेस की विचारधारा, संवैधानिक मूल्यों और जनसरोकारों से जोड़ने का कार्य करेगा।

**हर वर्ग की महिलाओं को सम्मान, अवसर में भागीदारी दिलाने के लिए प्रतिबद्ध**



### 'मेरी भागीदारी, मेरा नेतृत्व' केवल एक नारा नहीं

*पटवारी ने कहा कि लोकतंत्र तब मजबूत होता है जब महिलाओं की आवाज नीति और निर्णय प्रक्रिया तक पहुंचे। कांग्रेस पार्टी चाहती है कि अल्पसंख्यक समाज की महिलाएं केवल सहभागी न रहें, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए समाज और प्रदेश के भविष्य निर्माण में अपनी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 'मेरी भागीदारी, मेरा नेतृत्व' केवल एक नारा नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास, अधिकार और राजनीतिक सशक्तिकरण का अभियान है। कांग्रेस पार्टी महिलाओं को सामाजिक न्याय, समान अवसर और नेतृत्व के हर मंच पर आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।*

### आगामी कार्य योजना को लेकर की विस्तृत चर्चा

कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदाय की महिला शक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बौद्ध, सिख, ईसाई, जैन एवं मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व निर्माण, राजनीतिक भागीदारी एवं सामाजिक चुनौतियों पर गंभीरतापूर्वक चिंतन किया तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में स्पष्ट किया गया कि यह अल्पसंख्यक समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को नेतृत्व और संगठन की मुख्यधारा से जोड़ने का व्यापक अभियान है। इस पहल का उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक पहुंचना है, जिनकी भागीदारी अब तक सीमित रही है, ताकि उन्हें राजनीतिक एवं सामाजिक नेतृत्व के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

## चिंतन

# विजय के लिए चुनावी वादे निभाना बड़ी चुनौती

तमिलनाडु की राजनीति में अभिनेता से नेता बने विजय थलापति (सी. जोसेफ विजय) का उदय केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि राज्य की पारंपरिक राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत है। उन्होंने रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर ली। दो साल पुरानी पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने विधानसभा चुनाव में 108 सीटें जीतकर यह साबित कर दिया कि जनता अब पुराने राजनीतिक समीकरणों से आगे बढ़कर नए विकल्प तलाश रही है, लेकिन अब विजय के सामने सबसे बड़ी चुनौती जनता से किए गए भारी-भरकम वादों को पूरा करने की है। तमिलनाडु में पिछले कई दशकों से द्रविड़ राजनीति का दबदबा रहा है। डीएमके और एआईडीएमके जैसी पार्टियों ने राज्य की सत्ता को लगभग अपने बीच ही सीमित रखा। ऐसे में विजय का मुख्यमंत्री बनना ऐतिहासिक माना जा रहा है। हालांकि राजनीति में लोकप्रियता जितनी तेजी से मिलती है, उतनी ही तेजी से जनता उम्मीदें भी पाल लेती है। यही उम्मीदें अब विजय सरकार की सबसे कठिन परीक्षा बनने वाली हैं। टीवीके को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। सरकार बनाने के लिए कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके और आईयूएमएल जैसे दलों का समर्थन लेना पड़ा। फिलहाल सरकार संख्या बल पर सुरक्षित दिखाई देती है, लेकिन गठबंधन सरकारों में स्थिरता हमेशा एक चुनौती होती है। इससे भी बड़ी चुनौती उनकी चुनावी घोषणाएं हैं। महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की सहायता, प्रत्येक परिवार को छह मुफ्त गैस सिलेंडर, गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में 8 ग्राम सोना और सिल्क साड़ी जैसी योजनाएं सुनने में आकर्षक जरूर लगती हैं, लेकिन इनके लिए भारी बजट की आवश्यकता होगी। तमिलनाडु पहले से ही घाटे और कर्ज के दबाव से गुजर रहा है। ऐसे में यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर अधिक ध्यान देती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है। यही कारण है कि राजनीतिक विश्लेषक विजय को केंद्र सरकार के साथ बेहतर तालमेल रखने की सलाह दे रहे हैं। उसे बुनियादी ढांचे, निवेश, सेमीकंडक्टर, रक्षा उद्योग, शिक्षा नीति और रोजगार परियोजनाओं के लिए केंद्र के सहयोग की आवश्यकता है। यदि विजय केंद्र के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखते हैं तो राज्य को आर्थिक सहायता और नई परियोजनाओं का लाभ मिल सकता है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह संबंध महत्वपूर्ण होंगे। अल्पमत जैसी स्थिति में किसी भी सरकार को स्थिर बनाए रखने के लिए दिल्ली से अच्छे रिश्ते अप्रत्यक्ष रूप से मददगार साबित होते हैं। इसलिए विजय को भावनात्मक राजनीति के बजाय व्यावहारिक और संतुलित राजनीति अपनानी होगी। दूसरी तरफ, प्रशासनिक अनुभव की कमी भी विजय के सामने बड़ी चुनौती है। फिल्मों में नायक बनना और वास्तविक शासन चलाना दो अलग-अलग बातें हैं। बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर सरकार की कार्यशैली जल्द ही परखी जाएगी। यदि सरकार वादों को समय पर पूरा नहीं कर पाई तो जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। तमिलनाडु की जनता ने विजय को केवल अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि उम्मीद और बदलाव के प्रतीक के रूप में सत्ता सौंपी है, लेकिन राजनीति में असली पहचान लोकप्रियता से नहीं, बल्कि शासन क्षमता से बनती है। विजय के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती चुनावी वादों, आर्थिक संतुलन, गठबंधन की मजबूरियों और प्रशासनिक अनुभव की कमी के बीच सही रास्ता चुनने की है।

## आर्थिकी

सतीश सिंह



# महंगाई की मार से धीमी पड़ती विकास की रफ्तार

वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा संकट और बाधित आपूर्ति शृंखलाएं विकास की गति पर भारी पड़ती दिखाई दे रही हैं। दुनिया भर में खाद्य पदार्थों, ईंधन और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि ने महंगाई को फिर वैश्विक चिंता के केंद्र में ला खड़ा किया है। इसका सीधा असर विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र से जुड़े संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार वैश्विक खाद्य कीमतें पिछले तीन वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी हैं। अप्रैल महीने में फूड कमोडिटी प्राइस इंडेक्स में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना मं 2.5 प्रतिशत अधिक है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष है, जिसने वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। ईरान युद्ध को दस सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाया है। यह वही सामरिक समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। इस मार्ग में व्यवधान आने से वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर गहरा असर पड़ा है। ईंधन, उर्वरक, खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिसके कारण उनकी कीमतों में तेज उछाल आया है। सबसे अधिक प्रभाव खाद्य तेलों पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने बायो-फ्यूल की मांग बढ़ा दी है, जिसके कारण वेजिटेबल ऑयल की कीमतें मार्च की तुलना में अप्रैल महीने में लगभग 6 प्रतिशत बढ़ गई हैं। यह जुलाई 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। अनाज की कीमतों में भी लगातार तेजी बनी हुई है। यदि यह संकट लंबा खिंचता है, तो आने वाले समय में वैश्विक खाद्य संकट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

भारत में भी महंगाई के संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। अप्रैल महीने में दैनिक उपयोग की 20 में से 16 वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई। खाने के तेल, टमाटर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने खुदरा महंगाई को लगभग 4 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचा दिया है। महंगाई का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह धीरे-धीरे पूरी अर्थव्यवस्था की गति को प्रभावित करता है। पैकेजिंग सामग्री, ऊर्जा और परिवहन लागत बढ़ने से एफएमसीजी सेक्टर की कंपनियों की इनपुट लागत बढ़ गई है। आने वाले महीनों में साबुन, तेल, बिस्किट और अन्य रोजमर्रा की वस्तुएं और महंगी हो सकती हैं। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। यूरिया, एल्युमीनियम, सोया तेल और गेहूं जैसी आवश्यक वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। इसका असर उद्योगों, निर्माण क्षेत्र और कृषि लागत पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कृषि क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हो रहा है, क्योंकि उर्वरक, डीजल और परिवहन महंगे होने से खेती की लागत बढ़ रही है। इससे खाद्य कीमतों में और वृद्धि होने की संभावना है। महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह है कि लोगों की आय का बड़ा हिस्सा भोजन, ईंधन और रोजमर्रा के खर्चों में निकल जाता है, जिससे बचत घट जाती है। बचत कम होने से बैंकों और वित्तीय संस्थानों के पास निवेश के लिए पूंजी भी कम होती है। परिणामस्वरूप उद्योगों का विस्तार धीमा पड़ने लगता है। यही कारण है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने हालिया मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा है। केंद्रीय बैंक का उद्देश्य महंगाई को नियंत्रित करना है, लेकिन ऊंची ब्याज दरों का असर निवेश और उपभोग दोनों पर पड़ता है। कर्ज महंगा होने से उद्योगों के विस्तार की गति धीमी होती है और नए निवेश प्रभावित होते हैं। इससे रोजगार के अवसरों पर भी असर पड़ता है। विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर पर इसका दबाव अधिक दिखाई दे रहा है। छोटे और मध्यम उद्योग पहले ही ऊंची लागत और सीमित पूंजी से जूझ रहे हैं। अब ऊर्जा, परिवहन और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों ने उनकी चुनौतियां और बढ़ा दी हैं। यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रही, तो उत्पादन में गिरावट और रोजगार संकट गहरा सकता है। दरअसल, महंगाई केवल कीमतों में वृद्धि नहीं है; यह आर्थिक संतुलन को प्रभावित करने वाली वह प्रक्रिया है, जो धीरे-धीरे विकास की गति को कमजोर कर देती है। जब आम आदमी की क्रय शक्ति घटती है, उद्योगों की लागत बढ़ती है, निवेश धीमा पड़ता है और रोजगार के अवसर कम होते हैं, तब आर्थिक विकास की रफ्तार स्वतः कम हो जाती है।

( लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चुनावी हिंसा से कब मिलेगी मुक्ति?



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

पचहत्तर बरस पुराना भारतीय लोकतंत्र तमाम सुधारों के बावजूद आज भी चुनावी हिंसा जैसे बड़ी चुनौतियों से जूझ रहा है। हाल ही में पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं। लेकिन बंगाल में चुनावी नतीजे के बाद एक बार फिर से चुनावी हिंसा और अराजकता भड़क उठी। बंगाल में ममता बनर्जी की नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस 'टीएमसी' के करारी हार के बाद भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों की अनेक घटनाएं हुई है। हिंसा के बीच भाजपा के शीर्ष नेता और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हिंसा में अभी तक चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है तथा पुलिस सहित अनेक लोग घायल हुए हैं। हिंसा के दौरान घरों और पार्टी दफ्तरों में तोड़फोड़, आगजनी तथा बमबाजी की घटनाएं हुई है। राज्य में चुनाव परिणाम के बाद हिंसा के 200 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं जिसमें 500 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारियां हुई है वहीं 1100 से अधिक लोगों को एहतियातन हिरासत में रखा गया है। बंगाल की नयी सरकार के लिए पहली प्राथमिकता इस चुनावी हिंसा पर काबू पाना होगा। हालांकि सरकार ने इस दिशा में ताबड़तोड़ प्रयास शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल देश विभाजन के बाद से ही हिंसा के लंबे दौर का गवाह रहा है। इस राज्य में चुनावी हिंसा का लंबा इतिहास रहा है। राज्य में लोकसभा, विधानसभा से लेकर नगरीय प्रशासन और पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा आम बात है। साल 1967 में नक्सलबाड़ी में किसानों के शोषण के विरोध में पैदा हुआ नक्सलवादी आंदोलन ने पूरे देश में हिंसा को एक नया स्वरूप दे दिया था जिससे छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्य भी प्रभावित रहे। 1971 में सिद्धार्थ शंकर रे की सरकार ने नक्सलवादी आंदोलन के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ा लेकिन इसके बाद राज्य में राजनीतिक हत्याओं और हिंसा का दौर शुरू हो गया। सत्तर के दशक में राज्य में वामपंथ की जड़ें मजबूत होने के बाद लेफ्ट पार्टियों ने चुनावी नतीजे अपने पक्ष में करने के लिए हिंसा को बढ़ावा दिया। बंगाल की सत्ता में वाम मोर्चा के काबिज होने के बाद 1977 से 2011 तक कोई भी चुनाव हिंसा मुक्त नहीं रहा बल्कि इन 34 सालों के दौरान राजनीतिक हत्याएं और झड़पें आम थी। इस दौर में सत्तारूढ़ पार्टी पर विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने के आरोप लगातार लगते रहे। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1977 से 1996 तक राज्य में 28 हजार लोगों की मौत राजनीतिक हिंसा में हुई। एक अन्य जानकारी के मुताबिक 2016 से 2026 तक बंगाल में चुनावी हिंसा का ग्राफ लगातार ऊपर चढ़ा है।



साल 2016 के विधानसभा चुनाव में 172 मामले दर्ज हुए तो 2021 के चुनाव में बढ़कर 278 हो गई। चुनावी हिंसा में बढ़ोतरी पंचायत चुनावों में भी देखी गई।

पश्चिम बंगाल के राजनीतिक पटल पर साल 1998 में ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस का उदय हुआ। साल 2011 में सत्ता में 'टीएमसी' के काबिज होने के बाद भी राज्य में राजनीतिक और चुनावी हिंसा का पैटर्न नहीं बदला बल्कि इस पार्टी ने भी राज्य में अपनी सत्ता बरकरार रखने के लिए हिंसा को प्रोत्साहित किया। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो ममता बनर्जी की पार्टी ने विभिन्न चुनावों के दौरान और इसके बाद भी विरोधियों को धमकाने के लिए हिंसा की सारी हदें लांघ दी। टीएमसी सरकार के दौरान राज्य में घटित राजनीतिक और गैर राजनीतिक हिंसा, महिलाओं के साथ दुष्कर्म और जबरिया जमीन हथियाने की घटनाओं में सीधे तौर पर 'टीएमसी' नेताओं और कार्यकर्ताओं की संलिप्तता उजागर हुई। इधर हिंसा और अनाचार के आरोपितों को सरकार और प्रशासन द्वारा लगातार संरक्षण मिलते रहा जो राजनीति के अपराधीकरण का अदद उदाहरण है।राजनीतिक पंडितों के अनुसार बंगाल का हालिया चुनाव परिणाम 'टीएमसी' के भय, आतंक और अत्याचार का ही प्रतिकार है।

बीते दशकों में पश्चिम बंगाल के चुनावी हिंसा पर गौर करें तो साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 15 लोग मारे गए थे। 2021 के विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद राज्य में व्यापक पैमाने पर राजनीतिक हिंसा हुई थी। इस दौरान हुई हत्या, बलात्कार, आगजनी और तोड़फोड़ ने लोकतंत्र को शर्मसार कर दिया। इस दौरान राज्य में चुनावी हिंसा के 300 मामले दर्ज किए गए। इस हिंसा में में 58 लोगों की मौत हुई थी वहीं किशोरियों और महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले भी सामने आए थे।इसी राज्य में 2023 के पंचायत चुनाव में भीषण हिंसा हुई थी जिसमें 45 लोगों की मौत हुई थी। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में 10 लोगों की मौत हुई। आर्म्ड कॉन्फिलक्ट लोकेशन एंड इवेंट डेटा प्रोजेक्ट 'एसीएलईडी' के मुताबिक साल 2020 से अब तक चुनावी हिंसा के कुल घटनाओं के लगभग 35 फीसदी मामले और 51 फीसदी मौतें बंगाल में दर्ज हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान चुनावी हिंसा के कुल 2593 मामले दर्ज हुए जिसमें 904 घटनाएं अकेले बंगाल में दाखिल हुए। इसी प्रकार उक्त हिंसा में 329 लोगों की जान गई जिसमें 168 लोग बंगाल के थे। बहरहाल बंगाल में चुनावी नतीजे के बाद सत्ता हस्तांतरण के दौरान जिस पैमाने पर हिंसा हुई और पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा पद छोड़ने पर उहापोह की परिस्थितियां निर्मित की गई वह लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए खतरनाक संकेत है।

अलबत्ता केवल बंगाल ही नहीं बल्कि उत्तरप्रदेश, बिहार, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, ओडिशा, असम, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों में भी चुनावों के दौरान व्यापक पैमाने पर हिंसा होते रही है। लोकसभा से लेकर पंचायत चुनावों के दौरान माओवाद प्रभावित छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड और ओडिशा में नक्सलियों ने अनेक राजनीतिक हिंसा को अंजाम दिया था। इस हिंसा में विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं, कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों सहित सुरक्षा बलों और मतदान दलों के सदस्यों के मारे जाने या घायल होने की घटनाएं घटित हुई है।बिलाशक देश में बढ़ रहे चुनावी और राजनीतिक हिंसा के लिए सीधे तौर पर हमारी राजनीतिक व्यवस्था ही जवाबदेह है। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट के तमाम जतन और चिंताओं के बावजूद राजनीति में धनबल और बाहुबल का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है।

ऐनकेन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के हनक के चलते देश में धर्म और जाति आधारित वोटबैंक की राजनीति उफान पर है। विडंबना है कि अब राजनीति के निशाने पर धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्रीयता होने लगा है। हिंसा के हालिया दौर पर गौर करें तो राजनीतिक हिंसा अब केवल राजनीतिक विचारधारा का परस्पर टकराव न होकर सांप्रदायिक और जातिगत स्वरूप में सामने आने लगा है। इसका असर देश की एकता -अखंडता और सौहार्द के ताने-बाने पर दृष्टिगोचर हो रहा है।

गौरतलब है कि चुनाव को लोकतंत्र का महापर्व कहा जाता है लेकिन चुनावी हिंसा के चलते चुनावों की निष्पक्षता और स्वतंत्रता प्रभावित होती है। देश में कालांतर में चुनावों के दौरान वोटरों को धमकाने,मतदान केंद्रों पर हिंसा और बमबारी, मतदान दलों को धमकाकर जबरिया वोट डालना, मतपेटियों को लूटने जैसी घटनाएं होते रही हैं लेकिन ईवीएम तथा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के चलते ऐसे अपराधों पर काफी अंकुश लगा है। अलबत्ता चुनावी हिंसा से जहां नागरिकों के राजनीतिक और मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है वहीं इससे अनेक अयोग्य व अपराधी संसद और विधानसभाओं में पहुंच रहे हैं जिससे लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा खंडित हो रही है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स 'एडीआर' के मुताबिक 18 वीं लोकसभा में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 46 फीसदी यानि 251सांसद हैं। इनमें से 31 फीसदी पर हत्या, बलात्कार और अपहरण जैसे आरोप हैं यह आंकड़ा साल 2009 के बाद सबसे अधिक है। इसी प्रकार देश भर के विधानसभाओं के 45 फीसदी विधायकों ने अपने उपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। बंगाल में संपन्न हालिया चुनाव के बाद नवीन विधानसभा के 65 फीसदी विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि 2021 के विधानसभा में यह आंकड़ा 49 फीसदी था। अन्य राज्यों में भी दागी विधायकों की संख्या सोचनीय है। गौरतलब है कि राजनीतिक हिंसा से देश में आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता का भी खतरा बढ़ता है जिसके चलते महंगाई, बेरोजगारी और अपराध के आंकड़ों में बढ़ोतरी होती है। लिहाजा आजादी के अमृतकाल में देश के राजनीतिक व्यवस्था को हिंसा और भयमुक्त करने की जरूरत है ताकि आम जनता का भरोसा चुनाव और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति कायम रहे। इस दिशा में राजनीतिक दलों को आत्ममंथन करने की जरूरत है आखिरकार यह लोकतंत्र के अक्षुण्णता से जुड़ा मुद्दा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
**दर्शन**

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।

## राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित
**प्रेरणा**

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गांव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोला- ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दिया- मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूं। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोला- महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहा- हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजा- मेरे पिताजी का, साधु- तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजा- मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहा- हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा और महात्मा जी से क्षमा मांगी।

## पहिए बनने शुरू



पुरीः 'महाराणा सेवायत' (पुश्तैनी बढ़ई) के नाम से जाने जाने वाले कारीगर, सालाना रथ यात्रा से पहले भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के लिए रथों के लकड़ी के पहिए बना रहे हैं। पहिए बनाने की प्रक्रिया ओडिशा के पुरी में बुधवार से शुरू हुई।

## आज की पाती

### सोच और कार्य व्यवहार बदलने ही चाहिए

जरूरत से ज़्यादा विनम्र होना और किसी को अधिक सम्मान देना भी आज के समय में कई बार एक बड़ी मूर्खता प्रतीत होती है। वे लोग आपको/हमें लगभग उनका दास ही समझने लगते हैं, विशेषकर बड़े प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के विषय में। मुख्यत:, यदि कुछ प्रशासनिक अधिकारी ईमानदार और पूर्णत: संवैधानिक विषयों, कार्यों में भी सहयोग नहीं करते हैं, तो ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध निर्भीक होते हुए कानूनी तरीके से नि:संकोच होकर अवश्य ही अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। हमारे पूर्ण मर्यादा में रहते हुए, उन लोगों को भी कुछ सेंक/आंच महसूस होनी चाहिए। ये हम सभी को बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि बड़े से बड़े प्रशासनिक अधिकारी और चुने हुए प्रतिनिधि जनता की सेवा करने के लिए ही होते हैं, जनमानस-नागरिकों पर राज करने के लिए नहीं।

*-राजेन्द्र ठाकुर, रायपुर*

## ट्रेंड

### स्वच्छ भारत अभियान



मेरा हमेशा से यही मानना रहा है कि कोई भी सरकार तभी सफल हो सकती है जब समाज स्वयं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग ले। स्वच्छ भारत अभियान जैसे अनेक कार्यक्रम इसके प्रमुख उदाहरण हैं।
**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### गहरी संवेदनाए



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के मंत्री डी. सुधाकर के निधन से गहरा दुख हुआ। कांग्रेस विचारधारा के पथप्रदर्शक, उन्होंने अपना पूरा जीवन चित्रदुर्ग और कर्नाटक के गरीबों की सेवा में व्यतीत किया। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### मां कामाख्या के दर्शन



असम का नया विधान भवन ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर स्थित है, जहां से दुनिया का सबसे छोटा नदी द्वीप उमानंदा दिखाई देता है। जब भी आप मां कामाख्या के दर्शन के लिए आएं, उमानंदा में बाबा के दर्शन अवश्य करें। इससे आपकी यात्रा सफल होगी
**- हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### डिजिटल क्रांति



हमारी डिजिटल क्रांति ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी बना दिया है। आज बुनियादी ढांचा भी अभूतपूर्व गति से विकसित हो रहा है, भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत तेजी से स्टार्टअप के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम बन गया है।
**- सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

## करंट अफेयर


# गड्ढे भरना नेताओं के बस की बात क्यों नहीं?



ब्रिटेन में सड़कों के गड्ढे न सिर्फ सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं, बल्कि ये वाहनों को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों की रोजमर्रा की परेशानी और नाराजगी की बड़ी वजह भी हैं। स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान यह मुद्दा और भी उभरकर सामने आता है क्योंकि अधिकांश सड़कों का रखरखाव स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है। अप्रैल में हुए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि सात मई के लिए निर्धारित चुनावों में पूरे ब्रिटेन में मतदाताओं के लिए सड़कों की हालत सबसे प्रमुख स्थानीय मुद्दा रही। 'द एस्फाल्ट इंडस्ट्री एलायंस' (एआईए) की 2025 की रिपोर्ट बताती है कि इंग्लैंड और वेल्स के स्थानीय सड़क नेटवर्क का 17 प्रतिशत हिस्सा खराब हालत में है। रिपोर्ट के अनुसार मरम्मत के लंबित कार्य को पूरा करने में 12 साल लगेंगे और 16 .81 अरब पाउंड खर्च होंगे। नेताओं के लिए गड्ढे भरने के आंकड़े गिनाकर वोट बटोरना आसान है, लेकिन इससे समस्या की जड़ नहीं सुलझती। गड्ढे अचानक नहीं बनते, होता यूं है कि सामान्य डामर सड़कों में बिटुमेन समय के साथ पुराना और भुरभुरा हो जाता है। वाहनों के बोझ से सड़क की सतह पर दरारें पड़ने लगती हैं। इन दरारों में पानी घुस जाता है और सर्दियों में जमने-पिघलने के चक्र तथा वाहनों के दबाव से ये दरारें चौड़ी होती जाती हैं।

## ऑफ बीट

# आइसक्रीम के स्वादों का अजीब इतिहास



इंग्लिश हेरिटेज अब अपनी 13 साइटों पर ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम बेच रहा है, जिसे वह 'ब्रेड के बाद सबसे अच्छी कटी हुई चीज' बताता है, जो जॉर्जियाई रेसिपी से प्रेरित है। स्वाद की घोषणा में ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम तक पहुंचने से पहले इंग्लिश हेरिटेज द्वारा परमेसन और ककड़ी जैसे कई और विचित्र जॉर्जियाई स्वादों को आजमाने का उल्लेख किया गया है। ऐतिहासिक व्यंजनों से आगंतुकों को लुभाने के अपने प्रयासों में इंग्लिश हेरिटेज अकेली नहीं है। एडिनबर्ग में, नेशनल ट्रस्ट फॉर स्कॉटलैंड के ग्लैडस्टोन्स लैंड में डेयरी से जुड़ा एक आइसक्रीम पार्लर है, जो 1904 में वहां बना था। यह संपत्ति 1770 की रेसिपी के आधार पर बिगफ्लॉवर और नींबू दही आइसक्रीम बेचती है, और आगंतुक कई अन्य तरह के स्वाद का भी मजा ले सकते हैं। ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम, जिसे अपनी कैरेमेल पौष्टिकता के लिए पसंद किया जाता है, समकालीन खाने वालों के लिए अन्य ऐतिहासिक पेशकशों की तुलना में भले ही अधिक परिचित स्वाद हो सकती है, लेकिन पिछली शताब्दियों में ब्रिटेन में खाई जाने वाली आइसक्रीम स्वाद और रूपों की एक विशाल विविधता से गुजरी है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# तमिलनाडु में पहली बार बनी गैर-द्रविड़ पार्टी की सरकार, डीएमके और एआईएडीएमके का दशकों पुराना दबदबा खत्म, विजय युग हो गया शुरू

## तमिलनाडु में नए राजनीतिक युग की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु की राजनीति में रविवार को एक नया युग की शुरुआत हो गई है। 'तमिलगा वेत्री कड़गम' के संस्थापक जोसेफ विजय ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। यह राज्य में पहली बार है जब किसी गैर-द्रविड़ पार्टी ने सरकार बनाई है। नई सरकार के गठन के साथ ही डीएमके और एआईएडीएमके का दशकों पुराना दबदबा खत्म हो गया है। विजय के साथ में 9 और मंत्रियों ने सपथ ली है। अब विजय को 13 मई तक विधानसभा में अपना बहुमत साबित करना होगा।

'तमिलगा वेत्री कड़गम' का दबदबा

विजय के साथ ही 9 मंत्रियों ने भी ली शपथ



शपथ लेने के बाद आधिकारिक हस्ताक्षर करते मुख्यमंत्री विजय

### इन 9 मंत्रियों ने ली शपथ

एन आनंद, आधव अर्जुना राजमोहन अरुमुगम राजमोहन अरुमुगमके जी अरुणराज केए सेंगोट्टैयन, कीर्तना एस, पी वेंकटरमणन और केटी प्रभु।

### समारोह में पहले वंदे मातरम गाने पर सीपीआई ने उठाए सवाल

सीपीआई केराज्य सचिव एम. वीरपांडियन ने रविवार को कहा कि सरकारी समारोहों में प्रोटोकॉल में 'तमिल थाई वाजथु' (तमिलनाडु का राज्य गीत) को सबसे पहला स्थान दिया जाना चाहिए। विजय के शपथ ग्रहण समारोह के बाद जारी एक पत्र में वीरपांडियन ने समारोह के दौरान गीतों के बजाए जाने के क्रम पर आपत्ति जताई।

## विजय के शपथ ग्रहण में दो बार गाया गया पूरा राष्ट्रगीत

विजय के तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। विजय के शपथ ग्रहण के दौरान दो बार वंदे मातरम गाया गया, जिसने लोगों के दिल को जीत लिया है। सोशल मीडिया पर लोग विजय की तारीफ कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह नया तमिलनाडु है। विजय के शपथ ग्रहण की शुरुआत और समापन में पूरा राष्ट्र गीत वंदे मातरम गाया गया। सोशल मीडिया पर लोगों ने कई तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं।

### विजय ने तिरुचिरापल्ली पूर्वी सीट से दिया इस्तीफा

तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को हुए चुनाव में दो सीट से जीत दर्ज करने वाले मुख्यमंत्री विजय ने तिरुचिरापल्ली पूर्वी सीट से इस्तीफा दिया। उन्होंने पेरम्बूर सीट बरकरार रखी है।

स्टालिन ने साधा निशाना

### यह मत कहने लगना पैसे नहीं है



तमिलनाडु के 9वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इसके बाद पहले ही दिन विजय के धुर विरोधी पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने उन पर तंज कसना शुरू कर दिया है। शपथ के बाद विजय को लिखे बधाई संदेश में स्टालिन ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए उन्हें हार्दिक बधाई, लेकिन तुरंत यह कहना शुरू मत करना कि सरकार के पास पैसे नहीं है।

### कीर्तना बनीं तमिलनाडु की सबसे युवा और एकमात्र महिला मंत्री



कीर्तना सबसे युवा मंत्री बनीं

एस कीर्तना तमिलनाडु की सबसे युवा मंत्रियों में से एक बन गई हैं। मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय की पहली कैबिनेट में वह एकमात्र महिला मंत्री हैं। वह 29 साल की हैं। कीर्तना ने विरुधुनगर जिले की शिवकासी सीट से जीत हासिल की। इसे 'भारत की पटाखा राजधानी' भी कहा जाता है। उन्होंने तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के टिकट पर चुनाव जीता।

## खबर संक्षेप

### 90 दिन बाद बदलेगा गैस उपभोक्ता का फोन नंबर



**नई दिल्ली।** लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की किल्लत के बीच अब उपभोक्ताओं को फोन नंबर बदलने के लिए 90 दिन इंतजार करना पड़ेगा। पेट्रोलियम कंपनियों ने पोर्टल पर तत्काल फोन नंबर बदलने की प्रक्रिया स्थगित कर दी है। बायोमीट्रिक जांच के साथ ही केवाईसी होगी। नए नियम से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ेगी।

### डिवाइडर से टकराया कैंटर, तीन की मौत



**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में 8माह के मासूम और 2महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।हापुड़ जिले के बहादुरगढ़ थाना इलाके में रविवार तड़के गंगा एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में 2 महिलाओं और मासूम की मौत हो गई।

### एक और प्रसूता की मौत और 2 की किडनी फेल



**कोटा।** राजस्थान के कोटा जिले में न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद दो प्रसूताओं की मौत और चार महिलाओं की तबीयत बिगड़ने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब संभाग के सबसे बड़े जेके लोन अस्पताल से भी गंभीर मामला सामने आया है। प्रसूता की सिजेरियन के बाद मौत हो गई।

### यादव को बिश्नोई की धमकी, मांगे10 करोड़



**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव को 10 करोड़की फिरौती की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें एक विदेशी वाट्सएप नंबर से दी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को रणदीप मलिक बताया और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से संबंध होने का दावा किया।पैसे न देने पर उन्हें दो दिन के भीतर गोली मारने की धमकी दी गई है।

### एअर इंडिया में 3 साल में 1000 कर्मियों की छुट्टी



**मुंबई।** यहां एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि पिछले तीन वर्षों में कंपनी ने 1000 से अधिक कर्मचारियों को नैतिक उल्लंघन के मामलों में नौकरी से हटाया है। यह कार्रवाई नियमों का उल्लंघन, गलत तरीके से सुविधाओं का उपयोग और विमानन सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर की गई है।

## पीएम मोदी ने तेलंगाना में 9,400 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया

# कांग्रेस ने डीएमके की पीठ में छुरा घोंपा सत्ता बदलते ही कांग्रेस ने मार ली पलटी

जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर किया बड़ा हमला



### बेंगलुरु से पीएम मोदी पहुंचे तेलंगाना और कांग्रेस पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु से पीएम तेलंगाना पहुंचे। यहां हैदराबाद में उन्होंने 9,400 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। शाम को पीएम गुजरात जाएंगे, रविवार रात को जामनगर में रुकेंगे। 11 मई को सुबह करीब 10.15 बजे सोमनाथ मंदिर में 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' में शामिल होंगे। बाद में वे वडोदरा में सरदारधाम हॉस्टल' का उद्घाटन करेंगे। यहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम ने बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में नव-निर्मित मंदिर में पूजा की। यहां पर पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके के बीच पिछले 25-30 साल से करीबी संबंध रहे हैं। डीएमके ने कई बार कांग्रेस को संकट से बाहर निकाला। 2014 से पहले केंद्र में 10 साल तक चली कांग्रेस सरकार भी डीएमके के समर्थन की वजह से ही टिकी रही। डीएमके ने हर समय कांग्रेस के हित में काम किया, लेकिन जैसे ही सत्ता का समीकरण बदला, कांग्रेस ने डीएमके की पीठ में छुरा घोंप दिया।

### तेलंगाना में 50 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा

पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त आंध्र के समय रेलवे का बजट 1000 करोड़ से भी कम था। आज सिर्फ तेलंगाना का रेलवे बजट ही करीब 5,500 करोड़ का है। राज्य में इस समय लगभग 50 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है।



**साइबराबाद देश के तेज विकास का बड़ा केंद्र**

हैदराबाद में पीएम मोदी ने कहा कि साइबराबाद का सामर्थ राष्ट्रीय भी है और ग्लोबल भी है। यह तेलंगाना और देश के तेज विकास का बड़ा केंद्र है। इसलिए यहां तेलंगाना को बड़ा मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस बनाने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए जा रहे हैं। आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है।

कर्नाटक में हाई अलर्ट

### बेंगलूरू में पीएम मोदी की यात्रा से पहले संदिग्ध सामग्री बरामद

प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे से पहले बेंगलूरू में सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सतर्कता बरतनी पड़ी। रविवार सुबह सुरक्षा जांच के दौरान कार्यक्रम स्थल से करीब 3 किलोमीटर दूर फुटपाथ के किनारे दो जिलेटिन स्टिक बरामद की गईं। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरे रूट और आसपास के क्षेत्रों की गहन जांच कर रही थीं। इसी दौरान संदिग्ध वस्तु दिखाई दी।

हैदराबाद में बड़ा संदेश

### विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और आधारशिला रखी



पीएम मोदी ने हैदराबाद में लगभग 9,400 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में कार्यक्रम हुआ।

**पीएम ने मेगा टेक्सटाइल पार्क का भी उद्घाटन किया:** हैदराबाद-पणजी आर्थिक गलियारे के अंतर्गत गुडेबेल्लूर से महबूबनगर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-167 को 4 लेन में विकसित करना प्रमुख है। मेगा टेक्सटाइल पार्क का उद्घाटन किया।

### तेलंगाना के विकास के लिए तेज गति से काम करेगी केंद्र सरकार

पीएम मोदी ने कहा कि मैं तेलंगाना के हर परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि केंद्र उनके सपनों को पूरा करने के लिए और तेज गति से काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है। मलकापुर में नए इंडियन ऑयल टर्मिनल का उद्घाटन इसी दिशा में अहम कदम है, जो तेलंगाना की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा।

आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर ऐतिहासिक क्षण आया सामने

### आर्ट ऑफ लिविंग में ध्यान मंदिर का उद्घाटन किया

आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर तब ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के साथ आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक के 70वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में सहभागिता की।



प्रधानमंत्री मोदी ने आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने पर ध्यान मंदिर का उद्घाटन किया। मध्यप्रदेश से हजारों साधक ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनने बेंगलुरु पहुंचे।

## केरल में सीएम की नियुक्ति

# टेंशन में कांग्रेस... गुटबाजी को लेकर राहुल गांधी नाराज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केरल के सीएम पद के उम्मीदवार को लेकर कांग्रेस के अंदर शनिवार को खींचतान तेज हो गई। पार्टी हाईकमान के आवास पर तीन दावेदारों वी डी सतीशन, के सी वेणुगोपाल और पूर्व राज्य कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चेन्निथला के साथ 3 घंटे तक गहन चर्चा हुई। किसी भी दावेदार पर सहमत नहीं बन सकी। तीनों को राज्य कांग्रेस अध्यक्ष सनी जोसेफ के साथ मिलकर सड़क पर विरोध प्रदर्शन न करने की संयुक्त अपील जारी की। सतीशन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे तीनों नेताओं के समर्थकों द्वारा राज्य भर में लगाए गए सभी फ्लेक्स बोर्ड और बैनर शनिवार रात तक हटा दें।

### सड़कों पर समर्थन न दिखाएं

राहुल ने केरल की सड़कों पर कांग्रेस के अभूतपूर्व गुटबाजी प्रदर्शन पर कड़ा रुख अपनाया है और तर्क दिया है कि इसने विधानसभा चुनावों में यूडीएफ की शानदार जीत की चमक को धूमिल कर दिया है। राहुल इस पर बेहद नाराज थे। उन्होंने तीनों उम्मीदवारों से कहा कि भारी जनादेश को देखते हुए दबाव बनाने के हथकंडे न अपनाएं।

### रंगासामी 13 को पुडुचेरी के सीएम की लेंगे शपथ



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एन. रंगासामी को पुद्दुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। उप-राज्यपाल कैलाश नाथन ने रंगासामी को केंद्रशासित प्रदेश में नए सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। वे 13 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वे पांचवी बार पुद्दुचेरी के मुख्यमंत्री होंगे। ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस-के नेतृत्व में एनडीए ने 9 अप्रैल को हुए चुनाव में बहुमत हासिल किया है।

## बंगाल में बड़ा फेरबदल

# सुवेंदु ने मुखोपाध्याय समेत कई अफसरों को किया इधर-उधर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल में नवगठित सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में आने वाले महीनों में पुलिस और प्रशासनिक ढांचे में बड़े स्तर पर फेरबदल किया है। शपथ के 24 घंटे के अंदर राज्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय की नौकरशाही संरचना में व्यापक बदलाव किए हैं। पूर्व सीएम ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले पूर्व केंद्रीय कार्यालय से जुड़े 16 नौकरशाहों को बदल दिया गया है। पूर्व अधिकारियों में सबसे प्रमुख नाम 2014 बैच के आईएएस शांतनु मुखोपाध्याय का है। टीएमसी से संबद्ध सरकारी कर्मचारी संघ के शीर्ष नेता व केंद्रीय कार्यालय में तैनात प्रताप नायक का तबादला दार्जिलिंग में किया है।

## राजस्थान में खुलासे से हड़कंप

# 60 लाख में बिका कृषि विज्ञान का पेपर, गिरोह के 3 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में वर्ष 2022 की प्राध्यापक/स्कूल व्याख्याता (कृषि विज्ञान) भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने बड़ा खुलासा करते हुए तत्कालीन आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा समेत 3आरोपियों को गिरफ्तार किया है। संगठित गिरोह ने फर्जी डिग्री, बैकडेट मार्कशीट और लीक प्रश्नपत्रों के जरिए अभ्यर्थियों



को सरकारी नौकरी दिलाने का खेल रचा था। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि ओपीजेएस विवि से बैकडेट में बीएड और एमएससी एग्रीकल्चर की फर्जी मार्कशीट तैयार कर अभ्यर्थियों को भर्ती कराया गया।

## निलंबित टीएमसी नेता दत्ता ने लगाए गंभीर आरोप

# शीर्ष नेतृत्व को लेनी होगी हार की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार के साथ आईपैक को बताया कारण

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।



टीएमसी के निलंबित नेता रिजु दत्ता ने पार्टी की कार्यप्रणाली, चुनावी रणनीतिकार संस्था आई पैक और संगठन के भीतर बढ़ते भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### पश्चिम बंगाल की राजनीति में हलचल बढ़ी

#### कंपनी ने ममता को अंधेरे में रखा

दत्ता ने कहा कि आज प्रातिक जैन कहां हैं? उन्होंने टीएमसी से पैसा कमाया और बाजार से भी फंड जुटाया। उन्होंने आरोप लगाया कि आईपैक केवल पार्टी को चला रही थी और पार्टी सुप्रीमो ममता को स्थिति से अंधेरे में रखा गया।

#### निचले स्तर के भ्रष्टाचार ने भी छवि खराब की

दत्ता ने जमीनी कार्यकर्ताओं पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि निचले स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनता के खिलाफ अत्याचार और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया, जिससे आम लोगों में पार्टी की छवि खराब हुई।

## मातृ दिवस पर केंद्र सरकार ने शुरू किया विशेष अभियान

# उत्तर मुंबई में गर्भवती पोषण किट का वितरण किया

### केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री गोयल ने जरूरतों पर रखा ध्यान

एजेंसी ▶▶ उत्तर मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को मातृ दिवस पर उत्तर मुंबई में गर्भवती पोषण किट का वितरण किया। इस दौरान गोयल ने कहा कि इस किट में हर उस जरूरत की चीज का ध्यान रखा गया है जो गर्भावस्था के आखिरी के दिनों में एक माता और बहन के लिए आवश्यक होती है। इसमें बच्चे के शुरुआती दिनों की जरूरी का ध्यान रखा गया है। इससे बच्चा और मां दोनों सेहतमंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस कल्पना को आगे बढ़ाते हुए हम पूरे उत्तर मुंबई के अलग-अलग इलाकों में इस किट को बांटेंगे, ताकि किसी भी निम्न-मध्यम परिवारों की मां और बहनों को कोई समस्या न हो।



### किसानों की खुशहाली पर भी की बात

गोयल ने इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर के अध्यक्ष डॉ. एमजे खान के साथ बैठक की और देश के किसानों के जीवन स्तर को और बेहतर बनाने की पहलों पर चर्चा की, ।दक्षिण के विकास को बढ़ावा देने के तहत अफ्रीकी देशों के साथ भारत की कृषि विशेषज्ञता को साझा करने पर बात की।

**खान एक जाना पहचाना नाम**

खान जाने माने भारतीय कृषि विशेषज्ञ और नीति विश्लेषक हैं। वे कृषि व्यवसाय, कृषि नीतियों और सतत विकास के क्षेत्र में एक अग्रणी आवाज हैं, जिन्होंने जैविक खेती पर राष्ट्रीय नीति और वैश्विक कृषि नेतृत्व शिखर सम्मेलन जैसी पहलों का नेतृत्व किया है।

### मैं सभी माताओं की वंदना करता हूं

गोयल ने कहा कि हम निम्न-मध्यम परिवारों की मां और बहनों को पोषण के आधार पर तैयार की हुई किट दे रहे हैं। हर महीने यह किट दी जाएगी, जिससे मां और बच्चा दोनों तंदुरुस्त रहे। इस कार्यक्रम को पूरे उत्तर मुंबई में चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि हमारी माताएं और बहनें हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और लक्ष्मी और मां दुर्गा का स्वरूप हैं इसलिए कोई गलत काम करे तो उसे हमारी माताएं-बहनें छोड़ेंगी नहीं। आप हर स्वरूप में देश के निर्माण में जो योगदान दे रही हैं, मैं उसका वंदन करता हूं।

## योगी कैबिनेट में 6 नए चेहरे

# भूपेंद्र व मनोज बने कैबिनेट मंत्री व बाकी सब राज्यमंत्री

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्रिपरिषद का रविवार को विस्तार हुआ है। भूपेंद्र चौधरी और मनोज पांडे कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं।



सोमेंद्र तोमर और अजीत पाल सिंह को स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री बनाया गया। कैलाश राजपूत, कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को राज्य मंत्री बनाया गया। नए चेहरों में 2 राज्य मंत्रियों को प्रमोशन देकर स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की एक नेक पहल है। सबका साथ सबका विकास की झलक है।

### इन नेताओं ने भी ली शपथ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज पांडेय, कृष्णा पासवान, कैलाश सिंह राजपूत, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। यूपी कैबिनेट में छह मंत्री बने, दो का प्रमोशन हुआ है।

## खबर संक्षेप

### गोदरेज प्रॉपर्टीज का 39,000 करोड़ बिक्री बुकिंग का लक्ष्य




**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अपनी बिक्री बुकिंग 14 प्रतिशत बढ़ाकर 39,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य तय किया है। आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के चलते उसकी वृद्धि की रफ्तार जारी रहेगी। चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनी को अपने लक्ष्य को हासिल करने में किसी बड़ी बाधा की आशंका नहीं है।

### एलटीटीएस के सीईओ चड्ढा का वेतन 17 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक अमित चड्ढा को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 14.96 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक या वेतन और भत्ते मिले हैं। यह राशि इससे पिछले साल की तुलना में 17.4 प्रतिशत कम है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चड्ढा के पारिश्रमिक में 5.77 करोड़ रुपये का मूल वेतन, 2.62 करोड़ रुपये का कमीशन और 1.68 करोड़ रुपये का परिवर्तनशील वेतन शामिल था।

### एक्जिम बैंक के लाभ में 32 फीसदी का इजाफा

इंडिया एक्ज़िम बैंक India Exim Bank

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) का वित्त वर्ष 2025-26 में शुद्ध लाभ 32 प्रतिशत बढ़कर 4,273 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 में 3,243 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एक्जिम बैंक ने बताया कि पूरे वित्त वर्ष (2025-26) के दौरान उसका कुल कारोबार 13.31 प्रतिशत बढ़कर 4.50 लाख करोड़ पर पहुंच गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# पश्चिम एशिया संकट से ऊंचे बने रहेंगे कच्चे तेल के दाम : एडीबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के लंबा खिंचने की आशंका के चलते कच्चे तेल के दाम अभी ऊंचे स्तर पर बने रहेंगे। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने यह बात कही है। पार्क ने कहा, कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रहने की आशंका के बीच हमारा अनुमान है कि नए परिदृश्य में यह 2026 में औसतन 96 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। 2027 में यह 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। इसलिए हमारा मानना है कि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि वायदा कीमतें भी ऊंची बनी हुई हैं। हालांकि, उन्होंने कहा, 'हमने हमेशा हाजिर बाजार की कीमतों और निकट के वायदा बाजार में एक तरह का प्रीमियम भी देखा है क्योंकि अभी कच्चे तेल की बहुत कमी है।'

## एशियाई विकास बैंक ने कहा, भारत की वृद्धि दर घटेगी

### वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 4.7 फीसदी किया

एडीबी ने 29 अप्रैल को अपनी विशेष अद्यतन रिपोर्ट में 2026 के लिए एशिया प्रशांत के लिए वृद्धि दर के अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.7 प्रतिशत कर दिया है। खाद्य उत्पादन पर एल नीनो के असर के बारे में पूछे जाने पर पार्क ने कहा, बेशक, यह बहुत अनिश्चित है।

### भारत का असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है

जाहिर है जब भी भारत में फसल खराब होती है, तो हमें एक समस्या होती है, ज्यादा कीमतों के साथ। चावल के वैश्विक व्यापार में भारत का एक बड़ा हिस्सा है। इसलिए भारत में जो कुछ भी होता है, उसका अक्सर दूसरे देशों पर भी बड़ा असर पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ती उर्वरक कीमतों के अलावा यह भी चिंता का एक कारण है।




### महंगाई के कारण वृद्धि दर अनुमान घटाया

एडीबी ने अप्रैल में अनुमान लगाया था कि मजबूत घरेलू मांग की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत के स्तर पर मजबूत बनी रहेगी। अगले वित्त वर्ष में यह बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो जाएगी। महंगाई के मामले में, एडीबी ने मौजूदा वित्त वर्ष में इसके 4.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था।

### इस वर्ष महंगाई भी काफी बढ़ जाएगी

पश्चिम एशिया संकट का भारत पर क्या असर होगा, इस बारे में पार्क ने कहा कि इससे देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में 0.6 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे यह 6.3 प्रतिशत रह जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा इससे मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई भी काफी बढ़ जाएगी।

## अधिकारियों ने कंपनियों के तिमाही नतीजों के दौरान दिए संकेत

# रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान हो सकता है महंगा, कीमतें बढ़ाने की तैयारी में कंपनियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**कच्चे तेल से जुड़ी महंगाई, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन लागत में बढ़ोतरी के बीच साबुन, डिटर्जेंट, बिस्किट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ और पेय उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं। देश की प्रमुख रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियां बढ़ती लागत से मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए चरणबद्ध तरीके से दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं।**

एफएमसीजी कंपनियों के अधिकारियों ने हालिया तिमाही नतीजों के दौरान संकेत दिया है कि वे पहले ही तीन से पांच प्रतिशत तक कीमतें बढ़ा चुकी हैं और लागत का दबाव जारी रहने पर आगे भी मूल्य वृद्धि की जा सकती है। कंपनियों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे कच्चे माल, लॉजिस्टिक्स और पैकेजिंग लागत बढ़ी है। रुपये में कमजोरी ने भी दबाव बढ़ाया है। इसका असर खाद्य उत्पादों, व्यक्तिगत देखभाल, पेय पदार्थ और घरेलू उपयोग के सामान सहित कई क्षेत्रों पर दिखाई दे रहा है। कंपनियां मुनाफा बनाए रखने के लिए कीमतें बढ़ाने के साथ पैकेट बंद उत्पादों में मात्रा कम करने की रणनीति भी अपना रही हैं। हालांकि पांच, 10 और 15 रुपये वाले छोटे पैक बाजार में बनाए रखने की कोशिश की जा रही है ताकि बिक्री पर असर कम पड़े। कंपनियां लागत कम करने के लिए छूट और प्रचार खर्चों में कटौती, भंडार प्रबंधन को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखला को अधिक कुशल बनाने जैसे कदम उठा रही हैं। इसके बावजूद उपभोक्ताओं पर बढ़ती लागत का कुछ बोझ पड़ने की संभावना है।

**साबुन, डिटर्जेंट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ पेय उत्पाद की कीमतें बढ़ सकती है**



### ईंधन व पैकेजिंग लागत में 20 फीसदी वृद्धिः ब्रिटानिया सीईओ

ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने भी संकेत दिया है कि ईंधन और पैकेजिंग लागत में करीब 20 प्रतिशत वृद्धि के कारण जल्द ही कीमतें बढ़ाई जा सकती हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रक्षित हरगेव ने कहा कि कंपनी सीधे दाम बढ़ाने और पैक के वजन में कमी, दोनों विकल्पों पर विचार कर रही है।

### कीमतों में दबाव से बढ़ सकते हैं दामः एचयूएल

हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने भी संकेत दिए हैं कि यदि जिंसों की कीमतों में दबाव बना रहा तो कंपनी आगे और कीमतें बढ़ा सकती है। एचयूएल के प्रमुख ब्रांड में सर्फ एक्सल, ब्रुक बॉन्ड, लाइफबॉय, डव, क्लिनिक प्लस, सनसिल्क, लैक्मे जैसे ब्रांड हैं।

### महंगाई का आठ से दस फीसदी बोझ पड़ा है : सीएफओ

एचयूएल के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) निरंजन गुप्ता ने कहा, ''अभी तक हमारे ऊपर महंगाई का आठ से 10 प्रतिशत का बोझ पड़ा है। हमने पोर्टफोलियो दर पोर्टफोलियो आधार पर कीमतों में दो से पांच प्रतिशत तक की वृद्धि की है।''

### कंपनी 10 प्रतिशत महंगाई का सामना कर रही : डाबर

डाबर इंडिया के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा कि कंपनी इस वित्त वर्ष में करीब 10 प्रतिशत महंगाई का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई के प्रभाव को कम करने के लिए कंपनी विभिन्न कारोबार खंडों में औसतन चार प्रतिशत तक कीमतें बढ़ा चुकी है और लागत नियंत्रण के उपाय भी कर रही है।

### बड़े पैक वाले उत्पादों की कीमतें बढ़ेगी : ब्रिटानिया

ब्रिटानिया के पास गुड डे, मेरी गोल्ड, मिल्क बिकीज और टाइगर जैसे ब्रांड हैं।उन्होंने कहा कि बड़े पैक वाले उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की जाएगी। साथ ही एलपीजी, पीएनजी और पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले लैमिनेट की बढ़ती कीमतें परिचालन लागत को प्रभावित कर रही हैं।

## सेबी ने नियमों में किया संशोधन

# शैक्षणिक उपयोग के लिए 30 दिन बाद ही शेयर मूल्य आंकड़ों का होगा उपयोगः सेबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने नियमों में संशोधन करते हुए निवेशक जागरूकता और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए शेयर मूल्य आंकड़ा साझा करने पर 30 दिन की एकसमान समय-सीमा तय की। इसका मतलब है कि अब 30 दिन पुराने शेयर मूल्य आंकड़ों का उपयोग किया जा सकेगा।



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह नयी रूपरेखा एक जुलाई से प्रभावी होगी। इसका उद्देश्य बाजार आंकड़ों के दुरुपयोग को रोकने और शैक्षणिक सामग्री को प्रासंगिक बनाए रखने के बीच संतुलन बनाना है। सेबी ने मई, 2024 में शेयर बाजारों द्वारा ''लाइव'' बाजार आंकड़ों के उपयोग को केवल कारोबार और उससे जुड़े कार्यों तक ही सीमित कर दिया था और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए एक दिन की देरी के साथ आंकड़ा उपयोग की अनुमति दी थी। जनवरी, 2025 में नियम को और भी सख्त करते हुए केवल शैक्षणिक गतिविधियों में लगे संस्थानों के लिए ही तीन महीने पुराने आंकड़ों के उपयोग की शर्त लागू की गई थी।

### 30 दिन की समान देरी तय की गई

इस सुझाव के आधार पर अब आंकड़ों के साझा करने और उपयोग दोनों के लिए ही 30 दिन की समान देरी तय की गई है। हालांकि, राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) को सिमुलेशन लैब में उपयोग के लिए एक दिन की देरी के साथ बाजार मूल्य आंकड़ों तक पहुंच मिलती रहेगी।

# पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना हो रहा 1,700 करोड़ का नुकसान

## कम दाम पर ईंधन बिक्री से पेट्रोलियम कंपनियों का बढ़ रहा घाटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों पर भारी पड़ रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां पिछले 10 सप्ताह से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन 1,600-1,700 करोड़ रुपये का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 10 सप्ताह में इन कंपनियों की कुल 'अंडर-रिकवरी' एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। अंडर-रिकवरी का अर्थ लागत से कम मूल्य पर बिक्री से है। कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम दो साल पुराने स्तर पर बने हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार, पेट्रोलियम कंपनियों को अब कच्चे तेल की खरीद और परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक कार्यशील पूंजी जुटानी पड़ सकती है।



### कच्चे तेल का आयात 40% तक प्रभावित हुआ

युद्ध के कारण भारत के कच्चे तेल आयात का लगभग 40 प्रतिशत, एलपीजी आयात का 90 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस आयात का 65 प्रतिशत प्रभावित हुआ है। इसके बावजूद पेट्रोलियम कंपनियों ने देश में ईंधन आपूर्ति बनाए रखी है। उपभोक्ताओं पर बोझ कम करने के लिए केंद्र सरकार ने भी उत्पाद शुल्क में कटौती की है।



### बलरामपुर चीनी ने 450 करोड़ रुपए की इक्विटी पूंजी जुटाई

**नई दिल्ली।** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में लैक्टोजिप्सम प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने और पॉली लैक्टिक एसिड (पीएलए) सुविधा के लिए बढ़े हुए पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए 450 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाई है। कंपनी की उत्तर प्रदेश में 10 चीनी मिलें हैं, जिनकी कुल गन्ना पेराई क्षमता 80,000 टन प्रतिदिन है। कोलकाता स्थित बलरामपुर चीनी ने बायो-प्लास्टिक व्यवसाय में कदम रखा है और वह उत्तर प्रदेश के कुंभी में 80,000 टन की वार्षिक क्षमता वाला एक पीएलए विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रही है। बलरामपुर चीनी की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी ने को बताया, 'हमने कंपनी की विस्तार और वृद्धि योजनाओं को गति देने के लिए तरजीही शेयरों के जरिए 450 करोड़ रुपये जुटाए हैं।'

# कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी स्थानीय शेयर बाजार की दिशा

## विदेशी निवेशकों की गतिविधियां बाजार को करेंगी प्रभावित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि रुपये-डॉलर की चाल और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को प्रभावित करेंगी। ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि बाजार इस सप्ताह भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील रहेगा और निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान से संबंधित घटनाक्रमों पर रहेगा।

सीईओ पोनमुडी ने कहा कि ब्रेंट कच्चे तेल के दाम बाजार की दिशा तय करने वाला एक अहम कारक रहेगा। उन्होंने कहा, ''यदि कच्चे तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी रहती हैं या तनाव कम करने की दिशा में प्रगति होती है तो जोखिम वाले निवेश माध्यमों में राहत भरी तेजी देखी जा सकती है। वहीं तनाव बढ़ने की स्थिति में बाजार पर दबाव बना रह सकता है।'' एक विशेषज्ञ ने कहा कि इस सप्ताह महंगाई के आंकड़े भी आने हैं जो बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इस बीच, केनरा बैंक, टाटा पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी कंपनियां सप्ताह के दौरान अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी।



### बाजार वैश्विक घटनाक्रम के प्रति रहेगा संवेदनशील

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार निकट भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील बने रहेंगे और बाजार व्यापक दायरे में कारोबार कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के अप्रैल महीने के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ब्याज दर नीति का संकेत देंगे।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6222




**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 6221 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | य | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | य | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | य | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |



आईपीएल : रोमांचक हुई प्लेऑफ की जंग

# चेन्नई ने लखनऊ को हराया, बने 400 से ज्यादा रन

एजेंसी ⏭ चेन्नई

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 5 विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। उर्विल पटेल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रामक पारी के बावजूद सुपरकिंग्स ने जैमी ओवरटन की शानदार गेंदबाजी के बूते सुपरजायंट्स को 8 विकेट पर 203 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की। टीम 11 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि अंतिम पायदान पर काबिज सुपरजायंट्स की आठवीं हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।



### सुपरकिंग्स ने पहली बार हासिल किया 200 से अधिक का लक्ष्य

उर्विल के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंद में 42 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 81 रन जोड़े। गायकवाड़ ने इससे पहले संजू सैमसन (14 गेंद में 28 रन) के साथ 22 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। शिवम दुबे (नाबाद 15) ने एडेन मारक्रम के खिलाफ अंतिम ओवर में लगातार दो छक्के जड़े, जिससे सुपरकिंग्स ने पहली बार 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल किया। प्रशांत वीर 17 रन पर नाबाद रहे। इंग्लिस ने अपनी पारी में छह छक्के और 10 चौके जड़कर सुपरजायंट्स का स्कोर नौवें ओवर के बाद 112 रन तक पहुंचा दिया था। ओवरटन की अगुवाई में गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच 35 रन के अंदर चार विकेट झटककर रनगति पर अंकुश लगा दिया। ओवरटन ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें इंग्लिस का विकेट भी शामिल था। नूर अहमद ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि अंशुल कंबोज को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने 47 रन खर्च किए।

### आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक (गेंदों के आधार पर)


- 13 - यशस्वी जायसवाल (आरआर) बनाम केकेआर, कोलकाता, 2023
- 13 - उर्विल पटेल ( सीएसके ) बनाम एलएसजी, लखनऊ, 2026
- 14 - केएल राहुल (पीबीकेएस) बनाम डीसी, मोहाली, 2018
- 14 - पैट कमिंस (केकेआर) बनाम एमआई, पुणे, 2022
- 14 - रोमारियो शेफर्ड (आरसीबी) बनाम सीएसके, बेंगलुरु, 2025

## खराब फार्म में कैपिटल्स पंजाब को जीत की चाह

**धर्मशाला।** किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में जब खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी चरण में अपने प्रदर्शन में आई चौंकाने वाली गिरावट को रोकने की कोशिश करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में 17 मई तक 3 मैच के साथ पंजाब की टीम अपने घरेलू चरण को समाप्त करेगी। अपने पिछले 3 लीग मैच में मिली हार के बाद टीम खेल के सभी विभागों में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उस टीम के लिए हालांकि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है, जो कुछ समय पहले तक इस टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी लेकिन लीग चरण के बाकी मुकाबलों के लिए उसे अपनी बुनियादी चीजों को ठीक करने की जरूरत है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाले पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए अब भी कम से कम दो जीत की जरूरत है और ऐसे में टीम चाहती है कि उनके खिलाड़ी उन्हीं तरीकों पर कायम रहें, जिनसे उन्हें टूर्नामेंट के पहले हाफ में सफलता मिली थी।

- आज शाम 7 : 30 बजे होगा मैच

मुंबई प्लेऑफ की रेस से बाहर



# भुवनेश्वर के छक्के ने दिलाई बेंगलुरु को जीत

एजेंसी ⏭ रायपुर

- आरसीबी ने इंडियंस को दो विकेट से हराया
- बेंगलुरु ने अंक तालिका में पहला स्थान हासिल किया

रायपुर में आयोजित आईपीएल क्रिकेट के एक रोमांचक मुकाबले में बेंगलुरु रॉयल चैलेंजर्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की है। बेंगलुरु ने अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम शुरुआत से ही बेंगलुरु की सटीक गेंदबाजी के सामने संघर्ष करती नजर आई। टीम ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट खोए, जिससे बड़ा स्कोर बनाने की राह कठिन हो गई। मुंबई की ओर से तिलक वर्मा और नमन धीर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 57 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि नमन धीर ने 47 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।निर्धारित 20 ओवरों के अंत में मुंबई इंडियंस ने 7 विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाए। बेंगलुरु रॉयल चैलेंजर्स की तरफ से गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार सबसे सफल रहे, जिन्होंने विपक्षी टीम के 4 विकेट चटकाए।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 14 |
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 11 | 7 | 4 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 5 | 12 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| दिल्ली | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
21 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### शिविर में हिस्सा लेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया राष्ट्रीय महिला टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले सोमवार से बेंगलुरु में एक संक्षिप्त शिविर आयोजित करेगा। यह तैयारी शिविर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि टीम एफआईएच नेशंस कप से पहले एक अनुभव दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। एफआईएच नेशंस कप 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होगा। इस साल के आखिर में बेल्जियम में महिला विश्व कप 2026 और एशियाई खेल भी होने वाले हैं। शिविर में वही 31 खिलाड़ी शामिल होंगी, जो अप्रैल में मुख्य कोच शोर्ड मारिन के मार्गदर्शन में हुए पिछले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा थीं।

### 72 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष 40 से बाहर हुए संधू

**बार्सिलोना।** युवराज संधू एस्ट्रेला डैम कैटालुन्या चैंपियनशिप के तीसरे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 46वें स्थान पर खिसक गए।तीसरे दिन अच्छी शुरुआत के बाद आखिरी 9 होल में एक डबल बोगी और एक बोगी करने के कारण उनका स्कोर 72 रहा। उनका कुल स्कोर चार-अंडर (68-72-72) है। इससे पहले शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत कट हासिल करने में असफल रहे थे। संधू ने टूर्नामेंट की शुरुआत शानदार अंदाज में चार-अंडर 68 के साथ की थी, लेकिन दूसरे दिन उन्हें संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने ईवन पार 72 का स्कोर बनाया।

### गुकेश ने रेपिड में 9 और ब्लिट्ज में 8 अंक जुटाए

# नीमैन ने जीता खिताब, गुकेश को छठे स्थान पर करना पड़ा संतोष

एजेंसी ⏭ वारसॉ

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन ने अंत तक धैर्य बरकरार रखते हुए 'सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज' का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट 'ग्रैंड चेस टूर' का हिस्सा है। गुकेश ने 36 संभावित अंक में से 17 अंक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया।

खिलाड़ियों ने 9 रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां खेलीं। हर रेपिड बाजी जीतने पर 2 अंक और ब्लिट्ज बाजी जीतने पर एक अंक निर्धारित था। गुकेश ने रेपिड में 9 और ब्लिट्ज में 8 अंक जुटाए। हालात और भी खराब हो सकते थे लेकिन गुकेश ने आखिरी दौर में पोलैंड के डूडा यान-क्रिस्टोफ को हराकर वापसी की। गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था और इस साल वे केवल रेपिड और ब्लिट्ज प्रारुपों में ही खेलेंगे। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश इस साल के अंत में नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के अलावा अमेरिका के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला भी खेलने वाले हैं।

सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज



### गुकेश को आखिरी दिन तीन मिलीं जीत

गुकेश को आखिरी दिन तीन जीत मिलीं। उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो, नीमैन और डूडा को हराया। उन्हें चार हार का सामना करना पड़ा, जिसमें सिंदारोव के खिलाफ शिकस्त भी शामिल है। सिंदारोव ने गुकेश के साथ खेले गए तीन मैच की व्यक्तिगत भिड़ंत में 2-1 के अंतर से जीत हासिल की। नीमैन ने आखिरी दो दौर जीते और टूर्नामेंट का समापन कुल 22.5 अंक के साथ किया।

### 22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर करुआना

अमेरिका के फाबियानो करुआना 22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो वेस्ली से एक अंक अधिक है। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव 18 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा ने पांचवां स्थान हासिल किया। ग्रैंड चेस टूर का कारवां अब 'सुपर क्लासिक' टूर्नामेंट के लिए रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट की ओर बढ़ेगा और इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से एकमात्र खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा हिस्सा लेंगे।

# सिटी ने आर्सेनल पर बढ़ाया दबाव



- मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराया
- डोकू, एर्लिंग हेलेंड और ओमार मारमोश ने गोल दागे

एजेंसी ⏭ मैनचेस्टर

मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया। सिटी की ओर से जेरेमी डोकू, एर्लिंग हेलेंड और ओमार मारमोश ने गोल दागे, जिससे आर्सेनल और दूसरे स्थान पर चल रही इस टीम के बीच अब सिर्फ दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 35 मैच में 76 जबकि सिटी के इतने ही मैच में 74 अंक हैं।

# तुमकुरु ओपन : जस्टिना ने जीता एकल का खिताब



एजेंसी ⏭ तुमकुरु

शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुल्सकाइट ने रविवार को आईटीएफ डब्ल्यू35 तुमकुरु ओपन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग का खिताब जीता, जब दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का को चोट के कारण मैच से हटना पड़ा।

कंधे की चोट के कारण जुजाना ने तकलीफ में होने के बावजूद खिताबी मुकाबले के लिए तुमकुरु जिला टेनिस संघ स्टेडियम के कोर्ट पर उतरकर जबरदस्त हिम्मत दिखाई। हालांकि पहले गेम के बाद पोलैंड की खिलाड़ी मैच जारी नहीं रख सकीं, जिससे जस्टिना ने जीत दर्ज की।

### दर्शकों को हाथ लगी निराशा

इससे दर्शकों को निराशा हाथ लगी, जो शीर्ष दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के बीच रोमांचक फाइनल की उम्मीद में आए थे। यह जस्टिना का आठवां आईटीएफ एकल खिताब था है। ट्रॉफी के साथ लिथुआनिया की इस खिलाड़ी को विजेता के तौर पर 4,860 डॉलर और 35 डब्ल्यूटीए रैंकिंग अंक भी मिले। जुजाना को उपविजेता रहने के लिए 2,637 डॉलर और 23 डब्ल्यूटीए अंक मिले।


# इटैलियन ओपन: सिनर की धमाकेदार शुरुआत, तीसरे राउंड में एंट्री

एजेंसी ⏭ रोम

- सिनर ने दूसरे राउंड में ऑफनर को सीधे सेटों में हराया

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जैनिक सिनर ने इटैलियन ओपन की धमाकेदार शुरुआत की है। सिनर ने दूसरे राउंड में सेबेस्टियन ऑफनर को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया।

घरेलू दर्शकों के बीच सिनर ने हमेशा की तरह बेहतरीन खेल की बदौलत मैच पर दबदबा कायम किया। सिनर ने पहले सेट में सिर्फ पांच अनफोर्स्ड एरर किए और विपक्षी को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सिनर ने मैच की शुरुआत में एक नाजुक ड्रॉप शॉट मारकर सर्व ब्रेक किया और मैच पर पूरा नियंत्रण कर लिया। मैच एक घंटा 31 मिनट तक चला।



### फेडरर के बराबरी पर आए सिनर

सिनर की एटीपी मास्टर्स 1000 जीतने की स्ट्रीक 29 मैचों तक पहुंच गई, जिससे वह सीरीज में तीसरी सबसे लंबी स्ट्रीक के लिए रोजर फेडरर के साथ बराबरी पर आ गए। जीत के बाद जैनिक सिनर ने कहा, मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। पहले दिन से ही, यह मेरे लिए एक बहुत ही खास टूर्नामेंट रहा है। इटैलियन होने के नाते आप हर साल इस टूर्नामेंट के बारे में थोड़ा सोचते हैं। सिनर का तीसरे राउंड का मुकाबला एलेक्सी पोपिरिन है।

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए बांग्लादेश स्क्वॉड का ऐलान

- लगातार तीसरी बार कप्तान होंगी निगार सुल्ताना

**ढाका।** 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेले जाने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। निगार सुल्ताना की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। निगार सुल्ताना लगातार तीसरे टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की कप्तानी करेंगी। बांग्लादेश की स्क्वॉड में टॉप-ऑर्डर की बल्लेबाज ताज नेहर की वापसी हुई है, जबकि हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में खेलने वाली सरमिन सुल्ताना को ड्रॉप कर दिया गया है। 2023 और 2024 एडिशन में टीम की कप्तानी कर चुकीं निगार सुल्ताना की टीम में इस बार युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभवी खिलाड़ियों का भी मिश्रण है। अनुभवी खिलाड़ी के रूप में फहीमा खातून शामिल हैं, जो अपना सातवां टी20 विश्व कप खेलने के लिए तैयार हैं। फहीमा के अलावा नाहिदा अख्तर, रितु मोनी और कप्तान निगार 2016 से टीम का हिस्सा हैं।

चार सेट के बाद स्कोर बराबर, शूट ऑफ में निकला नतीजा

# तीरंदाजी विश्व कप: भारत ने चीन को हराकर जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ शंघाई

दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।

रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया। भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम 9 अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया।

- दीपिका ने दबाव में जुटाए अहम 9 अंक
- भारत को मिला 2021 के बाद पहला विश्व कप गोल्ड



*दीपिका ने अपनी टीम का बढ़ाया हौसला*
*नियुक्तियों को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच बिना किसी पूर्णकालिक राष्ट्रीय कोच के यात्रा करते हुए बेहद अनुभवी दीपिका ही थीं, जिन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और लगातार अपनी टीम की साथियों का हौसला बढ़ाया।*

### तीन साल में पहला विश्व कप पदक

*दीपिका के नाम 2010 से अब तक सात विश्व कप टीम स्वर्ण पदक हो गए हैं। यह भारतीय महिला रिकर्व टीम का तीन साल में पहला विश्व कप पदक भी है। इससे पहले टीम 2023 में पेरिस में चरण चार में पोडियम पर पहुंची थी, जिसमें अंकिता पदक जीतने वाली टीम की सदस्य थीं। शंघाई में भारत अब तक दो पदक जीत चुका है। इससे पहले कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शनिवार को कांस्य पदक जीतकर देश के पदक का खाता खोला था। भारत एक और पदक की दौड़ में बना हुआ है। रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी और विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत है।*

### सेमीफाइनल में कांग चेयांग से हारी सिमरनजीत

सिमरनजीत कौर के लिए यह दिल तोड़ने वाला अनुभव रहा जब उन्हें सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की कांग चेयांग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक के लिए हुए प्लेऑफ में उन्हें एक और कोरियाई खिलाड़ी जांग मिनही से हार मिली। इस तरह भारत ने अपने अभियान का समापन दो पदक (एक स्वर्ण, एक कांस्य) के साथ किया।

फारस की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं ने दुनिया भर की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में कतर के तट के पास एक मालवाहक जहाज को अज्ञात हथियार से निशाना बनाया गया, जिससे उसमें आग लग गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

## सुरक्षित माने जाने वाले समुद्री रास्तों पर भी खतरा बढ़ गया

# फारस की खाड़ी में दोहा से करीब 43 किमी दूर ब्रिटिश के मालवाहक जहाज पर हुआ मिसाइल से बड़ा हमला

एजेंसी ▶▶ दोहा

अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बावजूद इस क्षेत्र में शांति बहाल नहीं हो पा रही है। लगातार होते ये हमले वैश्विक व्यापार और समुद्री सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गए हैं। रविवार को कतर की राजधानी दोहा से करीब 43 किमी दूर एक मालवाहक जहाज पर हमला हुआ। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, जहाज पर किसी प्रोजेक्टाइल से वार किया गया था। हमले के तुरंत बाद आग लग गई, जिसे क्रू मेंबर्स ने समय रहते बुझा लिया। सुरक्षित माने जाने वाले समुद्री रास्तों पर भी खतरा बढ़ गया है। फिलहाल किसी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, जिससे रहस्य और गहरा गया है।

*हमले के तुरंत बाद आग लग गई, जिसे क्रू मेंबर्स ने समय रहते बुझा लिया*


एआई इमेज

### भारतीय और चीनी जहाजों पर आंच

*इस विवाद की लपटों से दूसरे देश भी नहीं बच पा रहे हैं। 8 अप्रैल को एक भारतीय लकड़ी के जहाज में आग लगने से एक नाविक की जान चली गई थी। वहीं, मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले एक चीनी तेल टैंकर जेवी इनोवेशनल पर भी हमला हुआ था। इन घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय क्रू मेंबर्स के बीच डर पैदा कर दिया है। भारत और चीन जैसे देशों के लिए यह चिंता का विषय है क्योंकि उनके आर्थिक हित इस समुद्री रास्ते से गहराई से जुड़े हैं।*

### अमेरिका-ईरान के बीच खींचतान जारी

इलाके में तनाव का मुख्य कारण अमेरिका और ईरान के बीच की पुरानी दुश्मनी है। हाल ही में अमेरिका ने ईरान के दो तेल टैंकरों पर यह कहकर हमला किया था कि वे अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन कर रहे हैं। इसके जवाब में ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कड़ी चेतावनी दी है। ईरान का कहना है कि यदि उसके जहाजों को रोका गया, तो वह अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से पीछे नहीं हटेगा। यह जुबानी जंग अब समुद्र में हमलों में बदल रही है।


### वैश्विक व्यापार पर असर

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति रास्तों में से एक है। यहाँ होने वाली जरा सी हलचल भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों को बढ़ा सकती है। बार-बार होते हमलों के कारण बीमा कंपनियों ने जहाजों का प्रीमियम बढ़ा दिया है, जिससे माल ढुलाई महंगी हो रही है। अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो आने वाले दिनों में आम जनता पर महंगाई की मार पड़ सकती है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट पर हैं।

## खबर संक्षेप

### अब डेटा और कोड से चल रहा आतंकः सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सुरक्षा चुनौतियों पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि आज के दौर में हथियारों से ज्यादा खतरनाक वे आतंकी हैं, जो सीमाओं के पार बैठकर डेटा, कोड और एनक्रिप्टेड नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह डिजिटल खतरा अब भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की कड़वी सच्चाई है। श्रीनगर में करीब 4,000 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए एलजी ने बल को तकनीकी रूप से आधुनिक बनाने पर जोर दिया।



### हरिद्वार जा रही तीर्थयात्रियों की पलटी बस, 7 घायल

**ऋषिकेश।** बदरीनाथ हाईवे पर रविवार शाम शिवपुरी के पास एक बड़ा हादसा टल गया। चारधाम यात्रा से लौट रही एक बस (यूके 14पीA0605) कलथरी डंपिंग प्वाइंट के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बस में ड्राइवर-कंडक्टर समेत कुल 25 यात्री सवार थे। पुलिस के अनुसार, चलती बस में ड्राइवर की ओर की खिड़की अचानक खुल गई थी, जिसे बंद करने के प्रयास में संतुलन बिगड़ गया।



## भारत-त्रिनिदाद और टौबैगो के बीच समझौता

# पूर्वजों की जड़ों को खोजने और भारत में अपने परिवारों से जुड़ने में मिलेगी मददः जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच एक अभिलेखीय सहयोग समझौता हुआ है। उन्होंने बताया कि यह समझौता प्रवासी भारतीयों को अपने पूर्वजों की जड़ों को खोजने और अपने परिवारों से दोबार जुड़ने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार गिरमिटिया समुदाय की विरासत को संरक्षित करने के प्रयास कर रही है। गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था। जयशंकर ने ऐतिहासिक नेल्शन द्वीप पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया।

भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच हुए समझौते का जिक्र करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि यह समझौता कैरिबियाई देश के कई लोगों को अपने पूर्वजों की जड़ों को खोजने और भारत में अपने परिवारों से जुड़ने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भारतीय उच्चायोग को ओसीआई के लिए बड़ी संख्या में आवेदन मिल रहे हैं, क्योंकि पीएम मोदी की यात्रा के दौरान ओसीआई पात्रता को छठी पीढ़ी तक बढ़ाया गया था। उन्होंने कहा, उच्चायोग को मिलने वाले ओसीआई आवेदनों की संख्या बढ़ रही है और हमारा प्रयास रहेगा कि उन लोगों की भी मदद की जाए जिनके पास जरूरी दस्तावेज नहीं हैं।

गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था। जयशंकर ने ऐतिहासिक नेल्शन द्वीप पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया।

> भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो ने एक अहम समझौता किया है, जिससे प्रवासी भारतीय अपने पूर्वजों की जड़ों को आसानी से खोज सकेंगे। विदेशी मंत्री एस जयशंकर ने गिरमिटिया समुदाय की विरासत और संघर्ष को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

***गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था***


भारतीयों से मिले जयशंकर

### तेल कंपनियों को 10 हफ्तों में 1 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान

पश्चिम एशिया में जारी तनाव की स्थिति के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का भारत की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी पब्लिक सेक्टर की पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनियां पिछले 10 हफ्ते से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें रोजाना 1600-1700 करोड़ रुपए का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है।

### अध्ययन केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही भारत सरकार

उन्होंने कहा कि ये प्रवासी अपने साथ अपनी परंपराएं, आस्था और जीवन शैली लेकर आए थे और यह जरूरी है कि इस इतिहास को एक धरोहर के रूप में संरक्षित किया जाए। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गिरमिटिया समुदाय का एक विस्तृत डाटाबेस बनाने और उसकी विरासत पर शोध को बहुत अहमियत देते हैं।

## पश्चिमी नौसैनिक कमान की जिम्मेदारी वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन को मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की पश्चिमी नौसैनिक कमान में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन किया गया है। इसके अंतर्गत वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन को पश्चिमी नौसैनिक कमान का नया फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ नियुक्त किया गया है। वाइस एडमिरल वात्स्यायन वर्तमान में उप नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। अब देश की सबसे रणनीतिक नौसैनिक कमानों में से एक की जिम्मेदारी संभालेंगे। गौरतलब है कि पश्चिमी नौसैनिक कमान का मुख्यालय मुंबई में स्थित है। इस नौसैनिक कमान को भारतीय नौसेना की 'स्ट्राइक फोर्स' माना जाता है। यह कमान अरब सागर क्षेत्र में भारत की समुद्री सुरक्षा, युद्धक तैयारी और रणनीतिक अभियानों की जिम्मेदारी निभाती है। पश्चिमी समुद्री सीमाओं की निगरानी और समुद्री हितों की रक्षा में इसकी भूमिका बेहद अहम मानी जाती है। वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन जनवरी 1988 में भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। वे गनरी और मिसाइल प्रणाली के विशेषज्ञ अधिकारी हैं। अपने लंबे सैन्य करियर में उन्होंने कई प्रमुख युद्धपोतों और नौसैनिक इकाइयों का नेतृत्व किया है।



### युद्ध प्रणाली में महारत हासिल

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 31 मई को सेवा से सेवानिवृत्त होंगे। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने के उपरांत कृष्णा स्वामीनाथन यह पद संभालेंगे। वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने 31 जुलाई 2025 को पश्चिमी नौसेना कमान के 34वें फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का कार्यभार ग्रहण किया था। फ्लैग ऑफिसर कृष्णा स्वामीनाथन को 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन हुआ था। वह संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली के विशेषज्ञ हैं। यूके स्थित जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, श्रिवेनहम करंजा स्थित कॉलेज ऑफ नेवल वॉरफेयर तथा संयुक्त राज्य यूएस के रोड आइलैंड स्थित न्यूपोर्ट नेवल वॉर कॉलेज के पूर्व छात्र हैं।

### कई पदकों से हुए सम्मानित

वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन पूर्वी बेड़े के कमांडर, पूर्वी नौसैनिक कमान के चीफ ऑफ स्टाफ तथा एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय में नीति, योजना और बल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया। बीते वर्ष अगस्त 2025 में उन्होंने भारतीय नौसेना के 47वें उप नौसेना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

### समूचे क्षेत्र में फैली दहशत, अफवाह भी चलीं

## पाकिस्तानः खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमला, 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना बन्नू में देर रात हुई, जहां विस्फोटक से भरी एक गाड़ी पुलिस चौकी की ओर आ रही थी, तभी सुरक्षाकर्मियों ने उस पर गोलीबारी की, जिसके बाद उसमें विस्फोट हो गया।

विस्फोट के प्रभाव से आसपास के कई घरों की छतें गिर गईं। पुलिस चौकी की इमारत भी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और कई सुरक्षाकर्मी



मलबे के नीचे दब गए। विस्फोट के बाद समूह ने पुलिस चौकी पर हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप भारी गोलीबारी हुई। बन्नू पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई घायल हो गए।

### सीएम ने की निंदा

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मोहम्मद सोहेल अफरीदी ने हमले की निंदा करते हुए जानमाल के नुकसान पर दुःख व्यक्त किया। उनके कार्यालय ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है उन्होंने पुलिस चौकी पर हुए हमले को दुःखद और कायरतापूर्ण कृत्य बताया और कहा कि ऐसे हमले पुलिस और जनता के मनोबल को कमजोर नहीं कर सकते।

### संविधान में नया प्रावधान जोड़ा

## किम की हत्या हुई तो नॉर्थ-कोरिया परमाणु बम से मचा देगा तबाही

एजेंसी ▶▶ प्योंगयांग

उत्तर कोरिया ने अपने संविधान और परमाणु नीति में बड़ा बदलाव करते हुए नया प्रावधान जोड़ा है। अब अगर देश के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन की हत्या हो जाती है या किसी विदेशी हमले के दौरान वे लीडरशिप करने की हालात में नहीं रहते, तो उत्तर कोरिया तुरंत परमाणु हमला करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, यह बदलाव मार्च में तेहरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद किया गया। उन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई



की मौत हो गई थी। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के मुताबिक, इन हमलों ने प्योंगयांग को सोचने पर मजबूर कर दिया और उत्तर कोरिया को डर सताने लगा कि भविष्य में ऐसा डिकैपिटेशन स्ट्राइक यानी टॉप लीडरशिप को खत्म करने वाला हमला उसके खिलाफ हो सकता है।




## गूगल के 20 वर्षः दिलचस्प खुलासा, सबसे ज्यादा अनुवाद हुआ थैंक्यू शब्द

लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने जब इस सर्च इंजन पर काम शुरू किया था तब कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा

### गूगल घास चरने के लिए बकरियां बुलाता है वजह- प्रदूषण नहीं होता और कर्मचारियों को उन्हें देखने से मिलता है सुकून

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गूगल ट्रांसलेट को 20 साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर कंपनी ने एक दिलचस्प खुलासा किया है। कंपनी ने बताया कि पिछले दो दशकों में प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा ट्रांसलेट किया गया शब्द कोई मुश्किल टर्म नहीं, बल्कि एक बेहद आम शब्द है। आखिर वो कौन सा शब्द है, जिसे दुनिया भर के लोगों ने सबसे ज्यादा अनुवाद किया? गूगल ट्रांसलेट ने अपनी 20वीं वर्षगांठ पर एक जबरदस्त जानकारी दी है। कंपनी ने बताया इन वर्षों में प्लेटफॉर्म पर लोगों ने कोई बहुत कठिन शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसे वाक्य को ट्रांसलेट किया, जिसका अर्थ बच्चा-बच्चा जानता होगा, उसका नाम है थैंक्यू. गूगल इंडिया ने सोशल मीडिया पर इस उपलब्धि को साझा करते हुए


एआई इमेज

बताया कि कैसे एक साधारण सा शब्द भाषाओं और सीमाओं की दीवारें गिराकर लोगों को आपस में जोड़ रहा है। गूगल ट्रांसलेट की शुरुआत साल 2006 में हुई थी और आज यह दुनिया के सबसे लोकप्रिय ट्रांसलेशन प्लेटफॉर्म्स के लिस्ट में शामिल हो गया है। अब यह वेब, एंड्रॉयड और आईओएस पर सैकड़ों भाषाओं को सपोर्ट करता है। गूगल इंडिया ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पोस्ट करते हुए बताया कि पिछले 20 वर्षों में सबसे ज्यादा अनुवादित वाक्यांश थैंक्यू रहा।

कंपनी ने इसे लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव और सम्मान का प्रतीक बताया। बता दें कि शुरुआत में गूगल ट्रांसलेट स्टैटिस्टिकल मशीन ट्रांसलेशन पर काम करता था, लेकिन अब यह एआई-पावर्ड मॉडल्स का इस्तेमाल कर रहा है। माना जा रहा है कि इससे अनुवाद पहले से ज्यादा सटीक और प्राकृतिक हो गए हैं।

गूगल ने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्लेटफॉर्म पर काफी काम किया। उसने कई एडवांस फीचर्स जैसे वॉइस ट्रांसलेशन, कैमरा बेस्ट ट्रांसलेशन, ऑफलाइन सपोर्ट, संदर्भ समझाने वाली एआई टेक्नोलॉजी समेत भारतीय भाषाओं पर भी फोकस किया है। गूगल ट्रांसलेट अब कई भारतीय भाषाओं और बोलियों को भी सपोर्ट करता है, जिससे क्षेत्रीय भाषा में डिजिटल कम्युनिकेशन आसान हुआ है।

**पहले गूगल का नाम बैकरब रखा था, बाद में बदलकर गूगल किया**

### सोशल मीडिया पर मजेदार रिएक्शन

गूगल की इस पोस्ट पर यूजर्स भी पीछे नहीं रहें। उन्होनें भी खूब मजेदार कमेंट्स किएं। कई यूजर्स ने अपनी मातृभाषा में थैंक्यू लिखकर शेयर किया, तो कई लोगों ने कहा कि यह शब्द दुनिया भर में इंसानी भावनाओं को जोड़ने का सबसे सरल तरीका है। स्पेलिंग की गलती से बना गूगल क्या आप जानते हैं कि इसका असली नाम गूगोल रखा जाना था? गूगोल एक गणितीय शब्द है जिसका अर्थ है 1 के बाद 100 शून्य।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109